आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 24°C | 9°C |

इनसाइड न्यूज
पुलिस ने मड़ियांव में ऑटो गैंग के चार बदमाश किये गिरफ़्तार
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 05 दिसंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 55 www.janexpresslive.com/epaper



प्रदूषण पर काबू: नितिन गडकरी ने शुरू... 12

# इंडिगो संकट: 434 विमान 10 हजार क्रू, फिर भी सेवा रद्द

## स्टाफ की कमी से इंडिगो की 300 फ्लाइट्स कैंसिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

एविशन सेक्टर के नए सुरक्षा नियमों की वजह से देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो लगातार तीसरे दिन क्रू की कमी से जूझ रही है। इससे इंडिगो के ऑपरेशन पर बुरा असर पड़ा है। न्यूज एजेंसी के अनुसार, गुरुवार को दिल्ली, मुंबई सहित 10 से ज्यादा एयरपोर्ट में इंडिगो की 300 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। पुणे एयरपोर्ट पर एक पैसेंजर ने बताया कि आठ घंटे से ज्यादा का इंतजार करना पड़ रहा है। एयरपोर्ट के दोनों फ्लोर यात्रियों से भरे हैं। तीन पैसेंजर्स बेहोश भी हो गए। एयरलाइन की तरफ से फ्लाइट कैंसिलेशन का कोई मैसेज भी नहीं आ रहा है। दिल्ली एयरपोर्ट पर आज इंडिगो की कुल 95 उड़ानें रद्द हुई हैं। इनमें 48 दिल्ली से जाने और 47 आने वाली घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स थीं। वहीं मुंबई में 86, बेंगलुरु में 50, हैदराबाद में 70, जयपुर में 4 और इंदौर में 3 उड़ानें रद्द हुई हैं। दरअसल, डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने सभी एयरलाइंस के लिए 1 नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े सुरक्षा नियमों में बदलाव किए हैं। इसका सबसे ज्यादा असर इंडिगो एयरलाइन पर पड़ा है। गुरुवार को इंडिगो के अधिकारी इस मामले पर डीजीसीए से मुलाकात करने पहुंचे।

**जयपुर, इंदौर, दिल्ली में हजारों यात्री परेशान, पुणे में 8 घंटे का इंतजार, 3 यात्री बेहोश**



### इंडिगो के पास सबसे ज्यादा प्लेन, इसलिए ज्यादा असर

एयरलाइन दिन भर में लगभग 2,300 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें ऑपरेट करती है। यह संख्या एअर इंडिया के एक दिन में संचालित उड़ानों की लगभग दोगुनी है। इतने बड़े पैमाने पर यदि 10-20 प्रतिशत उड़ानें भी देर से चलें या रद्द हों, तो इसका मतलब होता है 200-400 उड़ानें प्रभावित होना। हजारों यात्रियों के लिए बड़ी मुश्किलें आना। बुधवार को भी इंडिगो की 200 से ज्यादा उड़ानों पर असर पड़ा था।

### अब डीजीसीए के नए नियम जानिए

डीजीसीए ने 1 नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए हैं। इसे फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नाम दिया गया है। इन्हें दो चरणों में लागू किया गया। पहला चरण 1 जुलाई को लागू हुआ। वहीं 1 नवंबर से दूसरा चरण लागू हुआ। नए नियमों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए पायलटों और क्रू को पर्याप्त आराम देने पर जोर दिया गया है। इस कारण एयरलाइन कंपनियों के पास पायलटों और क्रू मेंबर्स की अचानक कमी पड़ गई है। डीजीसीए ने बताया कि नवंबर में इंडिगो की कुल 1,232 उड़ानें कैंसिल की गईं, जिनमें एफडीटीएल नियमों के कारण 755 उड़ानें शामिल हैं।

### इंडिगो ने कहा, 5 दिसंबर तक हालात सामान्य होंगे

एयरलाइन ने बुधवार को एक बयान जारी किया। कहा कि छोटी-मोटी तकनीकी खराबी, सर्दियों के कारण शेड्यूल में बदलाव, खराब मौसम, एविएशन सिस्टम में स्लो नेटवर्क और क्रू मेंबर्स के शिफ्ट चार्ट से जुड़े नए नियमों (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) की वजह से ऑपरेशन पर बुरा असर पड़ा है। इसका पहले से अनुमान लगाना संभव नहीं था। 5 दिसंबर तक हालात सामान्य हो जाएंगे।

### देशभर के एयरपोर्ट्स के हाल

**मुंबई एयरपोर्ट:** मुंबई एयरपोर्ट पर इंडिगो स्टाफ ने बताया कि गुरुवार को कुल 86 फ्लाइट्स कैंसिल हैं। इनमें 41 फ्लाइट मुंबई आने वाली और 45 मुंबई से दूसरे शहरों में जाने वाली फ्लाइट्स थीं।

**जयपुर और जोधपुर एयरपोर्ट:** जयपुर में गुरुवार को 3 इंडिगो फ्लाइट कैंसिल हुई है। जोधपुर से 4 इंडिगो फ्लाइट को रद्द किया गया है। इनमें ज्यादातर फ्लाइट्स बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और कोलकाता आने-जाने वाली थीं।

**हैदराबाद एयरपोर्ट:** राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को यहां से उड़ान भरने वाली इंडिगो की 33 उड़ानें रद्द होने की आशंका है। हैदराबाद आने वाली 35 फ्लाइट्स भी कैसिंल होने की आशंका है। इंडिगो ने बुधवार को हैदराबाद से 19 उड़ानें रद्द कर दी थीं।

**इंदौर एयरपोर्ट:** मध्य प्रदेश के इंदौर में इंडिगो की तीन फ्लाइट्स रद्द की गई हैं। बुधवार को भी इंडिगो की 18 उड़ानें कैंसिल हुई थीं। एयरलाइन के अनुसार, रद्द की गई उड़ानों में जयपुर, दिल्ली, मुंबई, गोवा, चेन्नई और कोलकाता जैसे प्रमुख रूट शामिल हैं।

### देश की 60 प्रतिशत घरेलू उड़ानें इंडिगो के पास

- **आखिर इंडिगो से टेंशन क्यों:** इंडिगो के पास सबसे ज्यादा 434 विमान हैं। एक दिन में 2300 से ज्यादा उड़ानें हैं। देश की 60 प्रतिशत से अधिक घरेलू उड़ानें इसी के पास हैं।
- **अभी कितना स्टाफ है:** अभी इसके पास 5456 पायलट और 10212 केबिन क्रू मेंबर हैं। 41 हजार से ज्यादा स्थायी कर्मचारी हैं।
- **फिर क्रू की कमी क्यों है:** इंडिगो का कहना है कि नए फ्लाइट टाइम लिमिटेशन नियमों के कारण पायलट और क्रू की कमी हुई है। नए नियमों में पायलटों के उड़ान भरने के नियमों को घटाकर रोजाना 8 घंटे कर दिया गया है। नाइट लैंडिंग 6 से घटाकर 2 कर दी गई हैं। क्रू के लिए 24 घंटे में 10 घंटे आराम का समय रखा है।

### इंडिगो अधिकारियों ने डीजीसीए से मुलाकात की

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इंडिगो से मौजूदा दिक्कतों के कारणों और उनसे निपटने के लिए प्लानिंग का ब्योरा मांगा था। डीजीसीए ने कहा कि वह मामले की जांच कर रहा है। फ्लाइट्स कैंसिल और देरी कम करने के तरीकों का आकलन किया जा रहा है। गुरुवार को एयरलाइन के अधिकारी डीजीसीए से मुलाकात करने पहुंचे। डीजीसीए के अनुसार, क्रू की कमी इसकी मुख्य वजह है। इंडिगो में यह दिक्कत पिछले महीने से चल रही है। नवंबर में इसकी 1232 उड़ानें रद्द हुईं। मंगलवार को 1400 उड़ानें देरी से चलीं। इंडिगो के पास देश में सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट बेड़ा है। 434 विमान और रोजाना 2300 से अधिक उड़ानें। घरेलू उड़ानों में इसका हिस्सा 60 प्रतिशत से ज़्यादा है। फिलहाल एयरलाइन के पास 5456 पायलट, 10,212 केबिन क्रू और कुल 41 हजार से अधिक कर्मचारी हैं।

# 16 साल में 18,822 भारतीय नागरिकों को अमेरिका ने किया डिपोर्ट



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा को बताया कि 2009 से अब तक अमेरिका ने 18,822 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया है। वहीं जनवरी 2025 से अब तक 3,258 भारतीय नागरिकों को वापस भेजा गया है। यह जानकारी विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में दी है। राज्यसभा में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि राज्य सरकारों और नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने भी मानव तस्करी के मामलों की जांच की है। सरकार की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, मानव तस्करी के सबसे अधिक मामले पंजाब से देखने को मिले हैं। विदेश मंत्री ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को बताया, 2009 से अब तक कुल 18,822 भारतीय नागरिकों को भारत डिपोर्ट किया गया है।

### 2025 में सबसे अधिक भारतीय किए गए निर्वासित

उन्होंने कहा कि 2023 में 617 भारतीयों को अमेरिका से निर्वासित किया गया था और 2024 में 1,368 लोगों को वापस भेजा गया था। लेकिन 2025 में इस आंकड़े में बड़ा उछाल देखने को मिला। जनवरी 2025 से अभी तक कुल 3,258 भारतीय नागरिकों को अमेरिका ने वापस भेजा है। इनमें से 2032 लोगों (लगभग 62.3 प्रतिशत) को सामान्य उड़ानों के जरिए वापस भारत भेजा, जबकि बाकी 1,226 (37.6 प्रतिशत) अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) या सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) द्वारा संचालित चार्टर उड़ानों से लौटे हैं।

### इन मामलों की जांच कर रहा है मानव तस्करी विरोधी प्रकोष्ठ

लिखित सवालों का जवाब देते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि एनआईए ने कुछ साल पहले एक मानव तस्करी विरोधी प्रकोष्ठ बनाया था। जिसे मानव तस्करी के मामलों की जांच का प्राधिकार प्राप्त है। राज्यों ने भी इस प्रकार के मामलों में जांच शुरू की है। एनआईए ने मानव तस्करी के 27 मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की है, जिनमें 169 गिरफ्तारियां हुई हैं और 132 व्यक्तियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किए गए हैं। एनआईए ने हरियाणा और पंजाब में सात अगस्त को दो प्रमुख तस्करों को और हिमाचल प्रदेश में दो अक्टूबर को दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया।

### पंजाब में तस्करी के सबसे अधिक मामले

विदेश मंत्री ने कहा कि राज्यों में पंजाब में मानव तस्करी के सर्वाधिक मामले हैं। पंजाब सरकार ने एसआईटी और एसआईटी गठित की है। पंजाब सरकार की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, 58 अवैध ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ 25 प्राथमिकी दर्ज हुई हैं और 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं हरियाणा राज्य में 2,325 मामले और 44 प्राथमिकी दर्ज हुई हैं। इन मामलों में 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गुजरात राज्य ने भी एक महत्वपूर्ण तस्कर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्रालय, अमेरिकी आईसीई/सीबीपी की निर्वासन प्रक्रिया के दौरान भारतीय नागरिकों के साथ मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु अमेरिकी पक्ष के साथ निरंतर बातचीत कर रहा है।

### सरकार ने हथकड़ी पहनाने के पीछे की बताई वजह

विदेश मंत्री ने बताया, उड़ान में सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसी नीति अपनाई गई है। अतीत में कुछ घटनाएं हुई हैं, जब निर्वासितों ने अन्य निर्वासितों और चालक दल के सदस्यों पर हमला किया था। महिलाओं और नाबालिगों को सामान्यत: बेड़ियां नहीं पहनाई जाती हैं, लेकिन उड़ान प्रभारी अधिकारी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अंतिम निर्णय लेते हैं। इन उड़ानों से ही आतंकवाद, हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी आदि के आरोपी अपराधियों को भी वापस भेजा जाता है। उन्होंने कहा भारत के मामले में लखविंदर सिंह और अनमोल बिश्नोई जैसे फरार अपराधियों को भी ऐसे निर्वासन अभियानों के तहत वापस लाया गया है।

### हरजीत कौर के मामले पर दी सफाई

उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने विशेषकर महिलाओं और बच्चों के लिए हथकड़ी-बेड़ियों के उपयोग को लेकर अपनी कड़ी आपत्ति अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष दर्ज कराई है। जयशंकर ने कहा पांच फरवरी की निर्वासन उड़ान के बाद से महिलाओं और बच्चों को बेड़ियां पहनाने की कोई घटना मंत्रालय के संज्ञान में नहीं आई है। हरजीत कौर के मामले पर उन्होंने कहा, हमारे आव्रजन अधिकारियों ने पुष्टि की है कि उन्हें हथकड़ी नहीं लगाई गई थी, लेकिन हिरासत में उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ।

# देशभर की मस्जिदों में लगाए जाएं सीसीटीवी कैमरे: अरुण गोविल

जन एक्सप्रेस। मेरठ



मेरठ के सांसद अरुण गोविल ने कहा कि देश में मस्जिदों में सीसीटीवी कैमरे लगाने अनिवार्य किए जाएं। सऊदी अरब समेत अनेक मुस्लिम देशों में ऐसा किया जाता है, तो भारत में भी किया जा सकता है। बृहस्पतिवार को अरुण गोविल ने लोकसभा में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय उठाया। उन्होंने कहा कि देशभर में मंदिर, चर्च, गुरुद्वारे, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल तथा अधिकांश सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाते हैं। ये कैमरे सुरक्षा, पारदर्शिता तथा अपराध निरोधक व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं और किसी भी अनहोनी की स्थिति में जांच व रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने चिंता जताई कि मस्जिदों में यह व्यवस्था लागू नहीं है, जबकि मस्जिदें भी सार्वजनिक स्थल हैं। सांसद ने कहा कि मस्जिदों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं। ऐसे में सुरक्षा मानकों का पालन करना उतना ही आवश्यक है, जितना अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म के जन्मस्थान सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का और कई अन्य मुस्लिम देशों में मस्जिदों व मदरसों सहित धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा की दृष्टि से कैमरे लगाए जाना पूरी तरह सामान्य है। जब वहां सुरक्षा व्यवस्था को व्यापक रूप से अपनाया गया है तो भारत में भी आधुनिक सुरक्षा मानकों को लागू करने में संकोच नहीं होना चाहिए।

# हर बच्चा खेलेगा तभी खिलेगा, हमने खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी-तहसीलदार का नौकरी दी: योगी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नौजवानों का आह्वान किया और कहा कि पीएम मोदी ने देश के हर नौजवान से अपेक्षा की है कि वह किसी न किसी खेल के साथ अवश्य जुड़े, क्योंकि खेलोगे तो खिलोगे। सीएम ने कबड्डी का जिक्र करते हुए कहा कि इस खेल में स्फूर्ति और व्यक्ति के मन में टीम भावना के साथ कार्य करने का जज्बा भी है। हर खेल व खेल संस्कृति टीम वर्क के रूप में कार्य करने की प्रेरणा देती है। भारत के अंदर प्राचीन काल से ही खेल व खेलकूद की प्रतियोगिताओं के प्रति व्यापक जागरूकता रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रीजनल स्टेडियम में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज सप्तम् अखिल भारतीय प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता-2025 के विजेताओं को पुरस्कृत किया। सीएम योगी ने कहा कि धर्म के जितने भी साधन हैं, उन सभी की पूर्ति स्वस्थ शरीर से ही संभव है। स्वस्थ शरीर, निरोगी काया तभी प्राप्त हो सकती है, जब व्यक्ति शारीरिक फिटनेस पर ध्यान दे। उन्होंने कहा कि 11 वर्ष में सभी ने बदलते हुए भारत और पीएम मोदी की प्रेरणा से खेल व खेल संस्कृति के प्रति आम भारतीयों के मन में जो भाव पैदा हुए हैं, उसे मूर्त रूप लेते हुए देखा है। इसके कारण भारत की प्रतिभाएं ओलंपियन, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ, विश्व चैंपियनशिप में अच्छा पुरस्कार ले रही हैं। खेल व प्रतियोगिताओं के प्रति नई जागरूकता पैदा हुई है। सांसद-विधायक खेलकूद प्रतियोगिताएं हो रही हैं। खेलो इंडिया खेलो के माध्यम से हर स्तर पर केंद्र स्थापित हो रहे हैं।

### प्रदेश में बढ़ती दिखाई दे रहीं खेलकूद की गतिविधियां

सीएम योगी ने कहा कि यूपी के अंदर पहले से तीन स्पोट्र्स कॉलेज हैं। हमारी सरकार ने तय किया है कि हर कमिश्नरी मुख्यालय पर स्पोट्र्स कॉलेज होना चाहिए। हर जिला मुख्यालय पर स्टेडियम और ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम का निर्माण होना चाहिए। इन सुविधाओं को सरकार बढ़ा रही है। गांव-गांव में खेल मैदान, ओपन जिम का निर्माण हो। सीएम ने कहा कि सरकार का जो पैसा वित्त आयोग के माध्यम से पंचायतों को जाता है, उसकी प्राथमिकता में खेल मैदान, ओपन जिम, खेलकूद की गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश में खेलकूद की गतिविधियां प्रत्येक स्तर पर बढ़ती दिखाई दी हैं। मेरठ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर खेल विश्वविद्यालय बन रहा है। इस वर्ष से पहला सत्र प्रारंभ भी हो चुका है। स्टेडियम, इनडोर स्टेडियम, विश्वविद्यालय भवन समेत अन्य बुनियादी सुविधाएं ओलंपिक, एशियन और कॉमनवेल्थ गेम्स के स्टैंडर्ड को ध्यान में रखकर विकसित की जा रही हैं। 2030 का कॉमनवेल्थ गेम्स भारत के अहमदाबाद में होने जा रहा है।

### सीएम ने विजेता उत्तर प्रदेश की टीम को दी बधाई

सीएम ने विजेता उत्तर प्रदेश व उपविजेता पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यूपी की टीम इसलिए विजयी हुई, क्योंकि हमने गारंटी दे दी है कि जो भी खिलाड़ी ओलंपिक, एशियन, कॉमनवेल्थ, विश्व चैंपियन में मेडल लेकर आएगा, उसे सीधे सरकारी नौकरी उपलब्ध कराएंगे। खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी, तहसीलदार व अलग-अलग विभागों में अन्य महत्वपूर्ण स्थान भी दिए गए हैं। हमारी सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि कोई खिलाड़ी प्रतियोगिता में जाता है तो उस दौरान उसे सर्विस का पार्ट माना जाएगा। सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को अभ्यास के लिए पूरा अवसर भी मिलेगा। अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को यूपी सरकार के विभिन्न पदों पर सरकारी नौकरी में समायोजित कर लिया गया है। खिलाड़ियों के लिए प्रदेश में प्रोत्साहन के अच्छे कार्यक्रम भी चल रहे हैं। ओलंपिक, एशियन, कॉमनवेल्थ, विश्व चैंपियनशिप में खिलाड़ी, टीम, प्रतिभाग व मेडल पर भी पुरस्कार की अलग-अलग राशि घोषित की गई है।

### खेल से विकसित होता है सहयोग, अनुशासन व जिम्मेदारी का भाव

सीएम ने कहा कि अब कबड्डी लीग भी हो रहे हैं। लोगों ने इसे काफी लोकप्रिय माना है। खेलकूद से पूरी टीम जुड़ती है। कबड्डी में हर खिलाड़ी के रेड, टेकल व बोनस प्वाइंट केवल खेल नहीं, बल्कि नए भारत की ऊर्जा का प्रतीक होता है। वह देश की जिस टीम का प्रतिनिधित्व करता है, उसकी ऊर्जा का प्रतीक होता है। हर खेल युवाओं की स्फूर्ति, अटेंशन, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता व आत्मविश्वास को भी विकसित करता है। खेल बताता है कि सफलता सामूहिक प्रयास से मिलती है। खेल से खिलाड़ियों में सहयोग, अनुशासन व जिम्मेदारी का भाव विकसित होता है।

# जेहाद पसंद लोग, हरी-नीली चादर वाली 550 मजारों को हटाया

जन एक्सप्रेस। देहरादून

पूर्व अर्द्धसैनिक बल सम्मेलन को संबोधित करते हुए उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बड़ा बयान दिया कि उत्तराखंड में जेहाद प्रेम को पनपने नहीं देंगे। हमने हरी-नीली चादर वाली अवैध 550 मजारों को हटाया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देवभूमि में सुनियोजित तरीके से डेमोग्राफी बदलने की कोशिश हो रही है। उन्होंने बताया कि हरी, नीली और पीली चादर ओढ़कर कब्जे की नीयत से बनाई गई करीब 550 अवैध मजारों को सरकार ने हटाया है। धामी ने कहा कि जेहाद पसंद लोग पहाड़ों पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे हैं। जहां भी खाली या सरकारी जमीनें दिखीं, वहां अवैध बसावट करने की साजिश रची गई, लेकिन सरकार इसे किसी भी सूरत में सफल नहीं होने देगी।सीआरपीएफ समूह काठगोदाम में पूर्व अर्द्धसैनिक सम्मेलन में सीएम ने कहा कि बाहरी राज्यों के कई लोगों को अवैध रूप से उत्तराखंड के स्थायी समेत अन्य प्रमाण पत्र जारी किए गए थे, जिन पर सरकार ने तुरंत कार्रवाई की। पूरे प्रदेश में प्रमाण पत्रों की जांच के आदेश दिए गए हैं।

### 10 हेक्टेयर भूमि मुक्त कराई

उन्होंने कहा कि अवैध रूप से देवभूमि में बसे घुसपैठियों से दस हजार हेक्टेयर भूमि मुक्त कराई गई है। हल्द्वानी के वनभूलपुरा प्रकरण पर सीएम ने कहा कि अतिक्रमण मामले में जो भी फैसला आएगा, उसके लिए सरकार पूरी तरह तैयार है। पूर्व में हल्द्वानी में हुई हिंसा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दंगाइयों से पाई-पाई की वसूली की गई है। प्रदेश के सामाजिक एवं सुरक्षा मुद्दों पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में अवैध बसावट, लैंड जिहाद और अन्य गलत गतिविधियों के खिलाफ सरकार कड़े कदम उठा रही है। 10 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि कब्जामुक्त कराई गई है तथा 550 से अधिक अवैध संरचनाओं को ध्वस्त किया गया है। राज्य में समान नागरिक संहिता, सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून, दंगा-रोधी कानून और भू-कानून लागू कर सामाजिक समरसता एवं आंतरिक सुरक्षा को मजबूत किया गया है।



### सीआरपीएफ ने नक्सलवाद, धामी ने भ्रष्टाचार खत्म किया

कार्यक्रम में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सीआरपीएफ ने देश से जिस तरह नक्सलवाद को खत्म किया, उसी तरह उत्तराखंड में मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने का काम कर रहे हैं। जोशी ने कहा कि सीआरपीएफ समेत अर्धसैनिक बलों के जवानों ने नक्सलवाद को आज लगभग पूरी तरह समाप्त कर दिया है। उन्होंने उत्तराखंड की बात करते हुए कहा कि यहां पर सरकार ने भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसा है। सीएम धामी खुद सैनिक परिवार से हैं और उन्हें सैनिक के जीवन का मोल पता है। उनकी रगों में सैनिक का खून है। वह सैनिक परिवारों के लिए हमेशा ही कल्याणकारी योजनाएं शुरू करते आए हैं।

### घुसपैठिये होंगे चिह्नित

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में प्रमाण पत्रों की जांच के आदेश दिए गए हैं। अवैध रूप से देवभूमि में बसे घुसपैठियों से 10 हजार हेक्टेयर भूमि मुक्त कराई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी के वनभूलपुरा में अतिक्रमण को लेकर जो भी फैसला आएगा, उसके लिए सरकार की पूरी तैयारी है।

### हम सैनिकों के सिपाही

जोशी ने कहा कि सीमा पर देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले जांबाज शहीदों के परिवार में से किसी एक को सरकारी नौकरी देने का काम धामी सरकार कर रही है। अब तक 28 लोगों को प्रदेश में नौकरी दी गई है। उन्होंने कहा कि 'मैं और मुख्यमंत्री सैनिकों के सिपाही हैं। हम हर कदम पर उनके साथ खड़े हैं'।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराएं वाद: जिला जज

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में गुरुवार को जनपद में कार्यरत विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों की पंचम चरण की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनकों लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराने का प्रयास करें। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व व चकबन्दीवाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूलीवाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान व लघु आपराधिक वाद, श्रमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नही आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है।

इस मौके पर राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी व विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट राममणि पाठक, अपर जिला जज व राष्ट्रीय लोक अदालत के सहायक नोडल अधिकारी नीरज श्रीवास्तव, सबरजिस्टार सहायक निरीक्षक राजेश सिंह, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राममिलन, जूनियर असिस्टेण्ट रोहित कुमार, उप मुख्य चिकित्साधिकारी प्रतिनिधि डॉ मनोज कुमार, डीपीओ सीडीएस बीएल गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता ग्रामी अभियन्त्रण विभाग भागवत मिश्रा, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई शशिकान्त प्रसाद, जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# 13 को होने वाली लोक अदालत को कामयाब बनाने के लिये एक अहम बैठक हुई सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस | हमीरपुर**

जिला जज मनोज कुमार राय के निर्देशन में 13 दिसम्बर 2025 को होने वाली लोक अदालत के आयोजन को कामयाब बनाने के मद्देनजर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बैंकर्स और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की, बैठक में अपर जिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी, लीड बैंक मैनेजर संगम लाल मिश्रा, परिवहन विभाग की ओर से वरिष्ठ सहायक सत्यम बाजपेई प्रभारी तहसीलदार सदर वीरपाल सिंह, मौदहा से नायब तहसीलदार महेन्द्र गुप्ता, राठ से नायब तहसीलदार सुभाष वर्मा, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत राठ रमेश चन्द्र, टेलीकॉम मैनेजर अमर महरोत्रा सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जिला मुख्यालय सहित तहसीलों में ऐसी जगह जहां आम लोग ज्यादा से ज्यादा तादाद में मौजूद हो, अदालत, कलेक्ट्रेट, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, बाजार तहसील मुख्यालय सहित बैंकों में लोक अदालत की भारी कामयाबी तय किये जाने के लिये प्रचार-प्रसार की कोशिश करें, साथ ही आम लोगों की हिस्सेदारी तय करे, और अदालत सहित विभागों में पैंडिंग पड़े ज्यादा से ज्यादा मामलों की पहचान कर लोक अदालत में निपटारा कराये जाने की कोशिश करें।

# परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के बीच हुआ योग प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) शिवरामपुर में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की दो दिवसीय जनपद स्तरीय योग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसके तहत प्रथम दिवस पुरुष शिक्षकों तथा द्वितीय दिवस महिला शिक्षकों की योग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें शिक्षकों ने योग कला का प्रदर्शन किया। विजेता शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है। दो दिवसीय योग प्रतियोगिता में खड़े होकर करने वाले आसन जैसे तड़ासन, वृक्षआसन, त्रिकोणासन, गरुड़ासन, नटराजनासन, बैठकर करने वाले आसन जैसे पद्मासन, वज्रासन, अर्ध मत्स्येंद्रासन, गौमुखासन, पश्चिमोत्तानासन, लेटकर करने वाले आसन जैसे धनुरासन, सेतुबंधासन, पवनमुक्तासन, हलासन, चक्रासन, शीर्षासन व योग मुद्रा के अंतर्गत ज्ञान मुद्रा, वायु मुद्रा, आकाश मुद्रा, प्राण मुद्रा, पृथ्वी मुद्रा सहित सूर्य नमस्कार की 12 स्थितियों को सम्मिलित किया गया। प्रतियोगिता के मूल्यांकन के लिए पुरुष व महिला वर्ग के शिक्षकों के लिए लिए अलग-अलग निर्णायकों की समिति बनाई गई। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में दुबे निखिल राममिलन सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय देवढा व महिला वर्ग में साधना वर्मा सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय बांधी क्षेत्र रामनगर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस दौरान डायट प्राचार्य बी.के. शर्मा ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालत हुए बताया कि स्वस्थ व्यक्ति में ही संतुलित भावनात्मक प्रवृत्तियों का निर्माण संभव है, जो संतुलित एवं कुशल जीवन की ओर अग्रसर करेगा। इन उद्देश्यों की प्राप्ति में योग की महतत्वपूर्ण की भूमिका होती है। योग प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी राजेश उपाध्याय ने कहा कि योग द्वारा ही जीवन में अच्छी आदतें, बेहतर स्वास्थ्य, अनुशासन एवं नैतिकता के बीज रोपित किये जा सकते हैं। इस मौके पर परियोजना कार्यालय की कंसल्टेंट निपुण भारत सेल की सदस्य दिशिता सोई सहित सम्बन्धित अधिकारी, डायट प्रवक्ता व शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# पुलिस टीम पर हमला करने वाले तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस | हमीरपुर**

कुरारा के उमराहट गाँव में मामले की जांच करने गई पुलिस टीम पर हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहाँ से तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। जबकि दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान जख्मी होने पर पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। कुरारा पुलिस ने बताया कि पकड़े गये उमराहट गाँव के 55 वर्षीय रामबाबू निषाद पुत्र स्व0 छोटे लाल निषाद, जबकि उमराहट गाँव के ही 22 वर्षीय प्रहलाद निषाद पुत्र रामबाबू निषाद सहित 50 वर्षीय मलखान निषाद पुत्र छुटकन निषाद मु0अ0सं0 275/2025 धारा191(2/191(3)/190/109(1)/310(2/115(2)/352/132/121(1)/118(1)/127(2)/3/5 बी0एन0एस0 व 7 छ्क्रु एक्ट में दर्ज मामले में फरार चल रहे थे, जिन्हें थाना क्षेत्र के उमराहट मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वही पकड़े गये आरोपियों के पास से पुलिस ने

एक बाँस का डन्डा, एक कुल्हाडी, जबकि

लोहे का एक सब्बल बरामद किया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में खासतौर से इंस्पैक्टर कुरारा रामआसरे सरोज, कांस्टेबल कृष्ण कुमार सहित कांस्टेबल कौशल झा शामिल रहे।

# गले पर चाकू रखकर बालक से कुकर्म, रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

10 वर्षीय बालक के गले में चाकू लगाकर युवक ने उसके साथ कुकर्म किया। मारपीट भी की। बालक की मां ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने बालक का मेडिकल जिला अस्पताल में कराया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि वह बकरी चराने जंगल की ओर गई थी। उसका 10 वर्षीय पुत्र भी साथ था। उसके पुत्र को मोहल्ले का ही इमरान गले में चाकू रखकर अपने साथ ले गया, जंगल में ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया। बालक के साथ मारपीट भी की। किसी तरह बालक उसके चंगुल से छूटकर अपनी मां के पास पहुंचा, उसने मां को घटना बताई। बालक को साथ लेकर उसकी मां कोतवाली पहुंची। यहां तहरीर के आधार पर पुलिस ने मारपीट की प्राथमिकी दर्ज की है। कुकर्म की पुष्टि के लिए मेडिकल कराया है।

सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक ने बताया कि मारपीट में प्राथमिकी दर्ज की गई है। कुकर्म की पुष्टि के लिए मेडिकल कराया है। मेडिकल में कुकर्म पुष्ट होने पर धारा बढ़ाई जाएगी।

कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव के पास बाइक सवार चित्रकूट के भरतपुर थाना क्षेत्र के स्वराजपुर गांव निवासी अजय कुमार (25) को वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया।

## नौ से शुरू होगा मेला

**चित्रकूट।** जिला विकास अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन एवं उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम योजनांतर्गत दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव/मेला एवं मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आगामी नौ दिसंबर को ऑडिटोरियम हाल में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में किया जाएगा। जनपद स्तरीय दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव/मेला एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में मिलेट्स, मोटा अनाज एवं रबी फसलों से संबंधित जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाकर तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

## ट्रक चालक पर फायर कर 40 हजार लूटे

**बांदा।** बालू भंडारण में बालू डालकर खदान जा रहे ट्रक चालक को अज्ञात लोगों ने लूट लिया। ट्रक के शीशे में फरसा मारकर क्षतिग्रस्त किया। ट्रक चालक पर फायर भी किया। ट्रक में डीजल के रखे 30 हजार व वेतन के रखे 10 हजार रुपये लूट ले गए। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

कुशीनगर जनपद के भगवानपुर गांव निवासी वासुदेव ने बताया कि वह मंगलवार की रात करीब डेढ़ बजे पैलानी थाना क्षेत्र के सिंधनकलां गांव के पास तुर्री नाला के पास बालू भंडारण में मौरंग डालकर वापस लौट रहा था। इस बीच सिंधनकला गांव के पास सड़क पर उसके ट्रक के सामने एक शराब के नशे में व्यक्ति आ गया और ट्रक रोकने लगा। उसने ट्रक को रोका तो वहां से आठ-10 लोग अज्ञात निकलकर आ गए। उन्होंने ट्रक चालक पर फायर झोंक दिया।

# भगवान भजनाश्रम ट्रस्ट द्वारा कोल आदिवासियों को वितरित की गई खाद्य सामग्री, खाद्यान्न सामग्री प्रकार खिले गरीबों के चेहरे

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**




भगवान भजनाश्रम द्वारा सरैंया चैकी क्षेत्र के विनय नगर घाटी कोलान बस्ती के आदिवासी, गरीब, वृद्ध व दिव्यांग लोगों को मानिकपुर उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम की उपस्थिति में खाद्यान्न सामग्री वितरित की गई।

ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बिहारी सर्राफ और अग्रवाल एसोसिएट दिल्ली द्वारा 151 जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। विनय नगर घाटी कोलान में महेश कोल के सहयोग से आयोजित खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम में आदिवासी परिवारों को आटा, दाल, चावल, गुड़, मसाला, सरसों का तेल, चीनी, गर्म टोपा, मोजे और अन्य आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई। इस दौरान समाजसेवी केशव प्रसाद यादव ने कहा कि गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। इसी सोच के साथ आपसी सहयोग से कंबल और खाद्य सामग्री वितरित की जा रही है। बताया कि संस्था के कोषाध्यक्ष बिहारीलाल सर्राफ और अग्रवाल एसोसिएट नई दिल्ली के सहयोग से भगवान भजनाश्रम ट्रस्ट वृंदावन के व्यवस्थापक राम अवतार यादव और उनकी टीम द्वारा पाठा क्षेत्र के गरीब इलाके में जरूरतमंदों को अन्न सामग्री का वितरण किया गया है। कार्यक्रम में सभासद शंकर प्रसाद यादव, समाजसेवी आर.के. शर्मा, दिलीप अवस्थी, भाकपा जिला सचिव कामरेड अमित यादव, सुमित, जानकी, छोटेलाल, शिव प्रकाश आदि ने सहयोग दिया।

# दोस्त की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास की सजा

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

मामूली रंजिश में दोस्त की पत्थर से कुचलकर हत्या करने के मामले में सत्र न्यायाधीश शेषमणि ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि कर्वी क्षेत्र के कण्ठीपुर गांव के निवासी धर्मेन्द्र कुमार रैकवार ने बीती छह सितम्बर 2022 को मानिकपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसके पिता रामखेलावन कर्वी में कसहाई रोड़ में गल्ला मण्डी रोड़ के बगल में ढ़ाबा चलाते थे। उनके ढ़ाबे में मानिकपुर क्षेत्र के रामपुर कल्याणगढ़ निवासी बसंतलाल का आना-जाना बना रहता था। बीती दो सितम्बर 2022 को बसंतलाल उसके पिता रामखेलावन को दो घंटे में घुमा कर लाने की बात कहकर ले गया, किंतु इसके बाद वह नहीं लौटे। फोन से वार्ता करने पर बसंतलाल ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। लगातार तलाशने के बाद छह सितम्बर को उसके पिता का शव मानिकपुर क्षेत्र से बरामद हुआ। जिसके बाद उन्होंने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित परिवार के अनुसार इस घटना के कुछ दिन पूर्व बसंतलाल रामखेलावन की बाइक एक घंटे के लिए मांगकर ले गया था, किंतु वह तीन दिन बाद बाइक वापस करने आया। इस बात को लेकर रामखेलावन ने नाराजगी जाहिर की थी। इस मामूली रंजिश की वजह से ही बसंतलाल रामखेलावन को बाइक से मानिकपुर क्षेत्र ले गया और वहां योजनाबद्ध तरीके से शराब पिलाने के बाद पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या की दी। घटना के बाद पुलिस ने लावारिस बाइक को भी बरामद कर लिया था। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को सत्र न्यायाधीश शेषमणि ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी बसंतलाल को आजीवन कारावास के साथ 10,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

## पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघ के सिर में मिला गहरा घाव, वन विभाग और रिजर्व प्रबंधन लगातार कर रहा निगरानी



**जन एक्सप्रेस | बांदा**

पन्ना टाइगर रिजर्व का बाघ (पी-243) गंभीर रूप से घायल मिला। सोशल मीडिया पर बाघ का वीडियो वायरल हो रहा है। वहीं, वन विभाग और रिजर्व प्रबंधन बाघ की लगातार निगरानी कर रहा है। नियमित मॉनिटरिंग के दौरान पी-243 को अत्यंत कमजोर और घायल अवस्था में देखा गया। उसके सिर पर गहरी चोट के निशान मिले हैं। प्रारंभिक जांच में अनुमान लगाया गया कि यह चोट किसी अन्य बाघ के साथ आपसी संघर्ष के दौरान लगी है। पहले हुए उपचार के बाद बाघ की हालत में सुधार आया था लेकिन अब उसकी स्थिति फिर नाजुक हो गई है।

पन्ना टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मोहित सूद ने बताया कि बाघ के सिर में गहरा घाव है, जिसकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। रिजर्व की टीम हर मूवमेंट पर नजर रख रही है ताकि उसकी हालत बिगड़ने न पाए। वरिष्ठ अधिकारियों को स्थिति से अवगत करा दिया गया है और उनके निर्देशानुसार टीम सख्त निगरानी में लगी है। वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ. संजीव गुप्ता द्वारा बाघ को डार्ट के माध्यम से एंटीबायोटिक व अन्य जरूरी दवाइयां दी जा रही हैं। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त चिकित्सकीय की सहायता ली जाएगी।

## नौकरी दिलाने के नाम पर लिपिक ने महिला से हड़पे दो लाख, पीड़िता ने जिलाधिकारी से की शिकायत

**बांदा।** नगर पालिका में नौकरी दिलाने के नाम पर लिपिक ने महिला से दो लाख रुपये लेकर हड़प लिए। महिला ने गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय में पेश होकर अपनी व्यथा सुनाई है। डीएम ने प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं। शहर कोतवाली क्षेत्र के नोनिया मोहाल की रहने वाली पूजा ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि उसने अपने पति कुलदीप की नौकरी के लिए नगर पालिका में तैनात एक लिपिक से बात की थी। लिपिक ने नौकरी दिलाने के एवज में उससे 16 अक्टूबर को नगर पालिका के बाहर पान के डिब्बे के पास दो लाख रुपये लिए थे। महिला का कहना है कि उसने अपने जेवर सुनार के यहां गिरवीं रखकर डेढ़ लाख और अपनी बहन से 50 हजार रुपये कर्ज लेकर दिए थे। आरोपी लिपिक ने 20 दिन में नौकरी और 60 हजार रुपये वेतन दिलाने की बात भी कही थी। तब से वह चक्कर लगा रही है।

# गैरहाजिर छह डॉक्टरों समेत 16 कर्मियों का एक दिन का वेतन काटा

**जन एक्सप्रेस | बांदा**



जिलाधिकारी जे. रीभा ने बुधवार को जिला महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। यहां तैनात छह डॉक्टर, दो लैब टेक्नीशियन व आठ अन्य कर्मचारियों के अनुपस्थित मिलने पर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रसव के बाद नव प्रसूताओं को कम से कम 48 घंटे डॉक्टर की देखरेख में अस्पताल में रखने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी जे. रीभा बुधवार सुबह नौ बजे जिला महिला चिकित्सालय पहुंची। यहां उन्होंने पीएनसी वार्ड, एसएनसीयू वार्ड, लेबर रूम, ओपीडी का निरीक्षण कर महिला चिकित्सालय की व्यवस्थाएं देखीं। पीएनसी वार्ड में नव प्रसूताओं के केस शीट न मिलने व स्टाफ नर्स के अनुपस्थित मिलने पर स्टाफ नर्स का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में छह डॉक्टर, दो लैब टेक्नीशियन व आठ अन्य कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने महिला चिकित्सालय के मेडिकल स्टाफ का ड्यूटी चार्ट तैयार करके डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करने की बात कही। इस दौरान प्रभारी सीएमएस डॉ. चारू गौतम मौजूद रहीं।

# चित्रकूट चैलेंज कप का हुआ शुभारंभ, पहले मैच में बांदा ने रीवां को 81 रनों से हराया

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

राष्ट्र ऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रकूट चैलेंज कप 2025 का शुभारम्भ जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनेपुर में किया गया। नानाजी देशमुख की स्मृति में आयोजित यह क्रिकेट टूर्नामेंट चार दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक आयोजित होगा, जिसमें कई प्रदेशों से टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट का पहला मैच उत्तर प्रदेश की बांदा एवं मध्य प्रदेश की रीवां टीम के बीच खेला गया, जिसमें बांदा की टीम ने 81 रनों से मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

उद्घाटन समारोह में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कहा कि राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख द्वारा किए गए कार्य समाज के लिए उपयोगी एवं अनुकरणीय है। जिला प्रशासन जिले की प्रतिमाओं को निखारने व सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। कहा कि क्रिकेट सहित अन्य खेलो एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर देश एवं प्रदेश स्तर पर जनपद को गौरवान्वित करने के लिए सभी को सम्मलित प्रयत्न करना होगा। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि सभी को उभरते खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने में अपना सहयोग देना चाहिए। सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि वह जिले की प्रतिभाओं को तरासने में सभी प्रकार का सहयोग प्रदान करते रहेंगे। पूर्व सांसद एवं मुख्य संरक्षक भैरो प्रसाद मिश्र ने कहा कि जन-जन के जुड़ाव एवं सहयोग से ही यह टूर्नामेंट भव्यता एवं निष्पक्षता के साथ आयोजित हो रहा है। जिसमें राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की प्रेरणा, उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व सबका मार्ग प्रशस्त करता है।



टूर्नामेंट के प्रथम मैच का शुभारंभ बांदा एवं रीवा की टीम के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर कराया गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बाँदा की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में शुभम के 41 एवं मानस के 22 रनों के योगदान से नौ विकेट खोकर 130 रन बनाए। रीवा की ओर से अमरजीत एवं सुधांशु ने 3-3 विकेट लिए। 130 रन के लक्ष्य को प्राप्त करने उतरी रीवा की टीम 13 ओवर में मात्र 49 रन ही बना सकी। इस प्रकार बाँदा की टीम ने 81 रनों से मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बाँदा की जीत में सुधांशू ने तीन, वैभव यादव एवं युवराज ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। मानस को आज का मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रथम दिन के मैच के अंपायर राहुल धुरिया एवं प्रवीण तिवारी, कमेंटेटर सर्वेश निगम व संतोष धुरिया तथा स्कोरर शशि भूषण सिंह रहे।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शुक्रवार, 05 दिसंबर, 2025





**तकनीक और रक्षा में रूस भारत का...**

भारत और रूस के बीच रक्षा सहयोग को और गहराई देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को स्पष्ट कहा कि रूस अब भी भारत का रणनीतिक और भरोसेमंद साझेदार है, खासकर रक्षा और तकनीकी सहयोग के क्षेत्र में। रक्षा मंत्री... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों का हंगामा, इंडिगो की कई फ्लाइटें रद्द, कई घंटों से कर रहे इंतजार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



मौसम और तकनीक कारणों से बृहस्पतिवार को 14 उड़ानें निरस्त हुईं। इनमें 12 उड़ाने इंडिगो एयरलाइंस की हैं। उड़ान निरस्त होने से परेशान यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा और नारेबाजी भी की। जो उड़ान निरस्त हुईं हैं उनमें अहमदाबाद, बंगलुरू, कोलकाता, पुणे, हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और दुबई उड़ान शामिल हैं। पुणे से लखनऊ आने वाली एक उड़ान का यात्री करीब 14 घंटे तक एयरपोर्ट पर फंसा रहा। पिछले कई दिनों से विमानों का संचालन पटरी से उतरा हुआ है। जिससे यात्री परेशान हो रहे हैं। बृहस्पतिवार को फिर संचालन में कोई सुधार नहीं हुआ और चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानों के निरस्त होने से हंगामे का माहौल रहा। सुबह करीब नौ बजे टर्मिनल थ्री में उड़ानों के निरस्त होने से नाराज यात्रियों ने नारेबाजी की। यह देख सीआईएसएफ और एयरपोर्ट पुलिस समझाने का प्रयास किया लेकिन कोई शांत नहीं हुआ क्योंकि काफी यात्री ऐसे थे जिनको वैवाहिक आयोजन या ऑफिस या बिजनेस मीटिंग के लिए जाना था। ऐसे में उड़ान निरस्त होने पर उनके पास कोई विकल्प भी नहीं हुई। यात्रियों ने यह आरोप भी लगाया कि टिकट का पूरा पैसा लिया गया लेकिन उड़ान रद्द होने के बाद न तो होटल दिया गया और न ही खाने का इंतजाम किया गया।

### सोशल मीडिया एक्स पर भी यात्रियों ने नाराजगी जताई

यात्री आनंद वसंत ने सोशल मीडिया पर लिखा कि लखनऊ से कोलकाता की उड़ान रद्द कर दी गई और अगले दिन भी कोई समायोजन नहीं दिया गया। सुनील डी शालिग्राम ने लिखा कि उनका बेटा पुणे लखनऊ की उड़ान रद्द होने से चौदह घंटे तक एयरपोर्ट पर फंसा रहा और कोई मदद नहीं मिली। राकेश कपूर ने शिकायत की कि दिल्ली एयरपोर्ट पर उन्हें अपने परिवार के साथ एक घंटे से अधिक समय तक काउंटर पर इंतजार करना पड़ा।

### यह उड़ान हुईं निरस्त

- लखनऊ से कोलकाता जाने वाली उड़ान संख्या 6ई 6139
- लखनऊ से कोलकाता जाने वाली उड़ान संख्या 6ई 505
- लखनऊ से पुणे जाने वाली उड़ान संख्या 6ई 338
- लखनऊ से हैदराबाद जाने वाली उड़ान संख्या 6ई 608
- लखनऊ से मुंबई जाने वाली उड़ान संख्या 6ई 2442
- लखनऊ से दुबई जाने वाली उड़ान संख्या IX 194
- लखनऊ से अहमदाबाद जाने वाली उड़ान संख्या 6ई 277
- लखनऊ से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या 6ई 6614
- लखनऊ से कोलकाता जाने वाली उड़ान संख्या 6ई 856
- लखनऊ से बेंगलुरु जाने वाली उड़ान संख्या 6ई 325
- लखनऊ से मुंबई जाने वाली उड़ान संख्या 6ई 2441
- लखनऊ से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या IX 1507
- लखनऊ से अहमदाबाद जाने वाली उड़ान संख्या 6ई 279
- लखनऊ से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या 6ई 758

### महाराष्ट्र के यात्रियों की शिकायत

पुणे एयरपोर्ट पर इंडिगो की उड़ानों में देरी और रद्दीकरण से स्थिति बिगड़ती दिखी। एक यात्री सतीश काले ने कहा, हमारी फ्लाइट सुबह 7 बजे की थी। न तो देरी का कोई मैसेज आया, न कैंसिलेशन का। एयरपोर्ट पूरा भरा पड़ा है। लोगों को पहले से सूचना मिलनी चाहिए थी।

# लखनऊ के इटौंजा में पकड़ी गई चंडीगढ़ की शराब

- आबकारी टीम की तत्परता से पकड़ी गई 443 पेटी शराब भरी ट्रक
- आबकारी टीम, एसटीएफ और थाना इटौंजा पुलिस की संयुक्त टीम को मिली सफलता

जन एक्सप्रेस | लखनऊ





आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश व जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा दिए गए आदेशानुसार एवं संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन और उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी लखनऊ के नेतृत्व में अवैध रूप से मदिरा की बिक्री के रोकथाम के दृष्टिगत चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत, बुधवार की आधी रात आबकारी विभाग, एसटीएफ व थाना इटौंजा लखनऊ द्वारा अवैध विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद की गई। आबकारी निरीक्षक कौशलेंद्र रावत, विजय राठी, अखिल कुमार गुप्ता, अभिषेक सिंह, अखिलेश कुमार, हरिकेश शुक्ला और आबकारी टीम द्वारा थाना इतौंजा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक ट्रक वाहन संख्या पीबी 65 ए एच 3597 से 443 पेटी गैर प्रांत की अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। वहीं संयुक्त टीम ने इटौंजा टोल प्लाज़ा सीतापुर रोड के पास से अवैध गैर प्रांत की मदिरा से भरी ट्रक को पकड़ा। पूछताछ में चालक सुशील कुमार निवासी जनपद कांगड़ा हिमाचल प्रदेश ने स्वीकार किया कि शराब चंडीगढ़ से बिहार तस्करी हेतु ले जाई जा रही थी। अभियुक्त के कब्जे से 01 मोबाइल फोन तथा 5700 रुपए नकद भी बरामद किया गया। बरामद शराब में रॉयल स्टैग, बकार्डी, ऑल सीज़न, ओल्ड हैबिट ब्रांड की कुल 443 पेटी अवैध शराब जिन पर फॉर सेल इन चंडीगढ़ ऑनली अंकित था। वाहन एवं शराब को कब्जे में लेकर सुसंगत धाराओं के तहत थाना इटौंजा में मुकदमा दर्ज हुआ। इस सफलता पर आबकारी निरीक्षक विजय राठी, अखिल कुमार और कौशलेंद्र रावत ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ लगातार सघन चेकिंग व छापेमारी की कार्यवाही की जा रही है, ताकि अवैध शराब की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

# पुलिस ने मड़ियांव में ऑटो गैंग के चार बदमाश किये गिरफ्तार



- सवारी को बैठाकर करते थे लूट, ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर कराने पर पुलिस ने दबोचा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के मड़ियांव पुलिस ने ऑटो सवार लुटेरों के गैंग का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी शहर में सफेद नीले ऑटो चलाकर सवारी बैठाते थे, फिर मोबाइल से ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कर रकम उड़ा देते थे।पुलिस के मुताबिक 3 दिसंबर को आईआईएम तिराहा पर चेकिंग के दौरान पुलिस को ट्रांजैक्शन में इस्तेमाल यूपीआई आईडी के सुराग मिलें, पता चला कि भेजे गए रुपए मड़ियांव स्थित बेरी होटल के पास जन सेवा केंद्र चलाने वाले अमित कुमार के पेटीएम बिजनेस अकाउंट में गई है और मड़ियांव पुलिस अमित तक पहुंची, अमित ने पूछताछ में बताया कि पैसा पड़ोसी हिमांशु के कहने पर ट्रांसफर कराया था, जिसे वह अगले दिन कैश में ले गया था। वहीं हिमांशु का नंबर मिलते ही पुलिस ने उसकी लोकेशन ट्रेस की। बताए स्थान के पास सड़क किनारे खड़े ऑटो यूपी 32 क्यू टी 6758 को चेक किया। उसमें बैठे 4 युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया। उनकी पहचान घुंघटेर बाराबंकी निवासी 22 वर्षीय हिमांशु (मजदूरी), कमलापुर सीतापुर निवासी 20 वर्षीय सुमित शर्मा (रिक्शा चालक), घुंघटेर बाराबंकी निवासी 22 वर्षीय बीरू मजदूरी और सकरन सीतापुर निवासी 19 वर्षीय इमरान (ई-रिक्शा चालक) के रूप में हुई। वहीं पुलिस ने आरोपियों के पास से 14,400 नगद, घटना में इस्तेमाल ऑटो और एक मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि उन्होंने 2 दिन पहले चन्द्राढाल से एक व्यक्ति को ऑटो में बैठाया था। उसके मोबाइल से 25,000 जन सेवा केंद्र में और 3,000 रुपए हिमांशु के फोन में ट्रांसफर कराए थे। उनकी जेब से 2,000 रुपए भी लूट लिए थे। बरामद रुपए इसी घटना से संबंधित है। वहीं एडीसीपी नॉर्थ गोपीनाथ सोनी ने बताया 2 दिसंबर को योगेन्द्र निवासी सिधौली सीतापुर ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि ऑटो सवार 4 बदमाशों ने मारपीट कर धमकाया। जेब से 2000 नगद लूट लिया। इसके बाद उसके मोबाइल के जरिए 28,000 रुपए ट्रांसफर करा लिए। मामले में मड़ियांव थाने में केस दर्ज किया गया।

# विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर खोला गया दिव्यांग आश्रम




जन एक्सप्रेस | लखनऊ

**मलीहाबाद।** लखनऊ राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र के सरसंडा में दिव्यांग विकास सोसाइटी के द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष में बेनीदास दिव्यांग आश्रम का उद्घाटन किया गया यह आश्रम सभी विकलांग भाइयों बहनों के लिए तथा अनाथ और असहाय वृद्ध जनों के लिए खोला गया जिसको खोलने में सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह आजाद जी के अथक प्रयासों से यह कार्य पूरा हुआ जिसमें लगभग प्रदेश भर से सैकड़ो दिव्यांग भाई-बहन उपस्थित हुए।

# प्रदेश के कई जिलों में चार डिग्री गिरा पारा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मौसम में उतार चढ़ाव जारी है। बृहस्पतिवार से प्रदेश में हवाओं का रुख फिर से बदल गया है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में अब पहाड़ों से आ रही पछुआ की जगह, अरब सागर से आ रही दक्षिणी पछुआ चलने लगी है। यह हवा अरब सागर से नमी लेकर आ रही है और इसके असर से यूपी में दोबारा पारे में उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हवा की दिशा बदलने सेइन नमीयुक्त हवाओं के असर से अगले तीन चार दिनों में रात के पारे में 3 से 4 डिग्री की तात्कालिक बढ़त देखने को मिलेगी। कोहरा हल्के से मध्यम ही रहेगा, कहीं घने कोहरे का अलर्ट नहीं है। बृहस्पतिवार को 5.7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ कानपुर शहर प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। वहीं लगभग 15 जिलों में रात का तापमान 9 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने रात के पारे में इस गिरावट का पूर्वानुमान जारी किया था।

# सचिवालय सेवा के 11 अधिकारी किए गए कार्यमुक्त, तबादला स्थल पर कार्यभार नहीं संभाल रहे थे

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ में सचिवालय प्रशासन ने तबादले के बाद नए स्थान पर ज्वाइनिंग न करने वाले 11 अधिकारियों को स्वतः कार्यमुक्त कर दिया है। साथ ही दो दिन के अंदर तबादले वाली जगह पर ज्वाइन न करने पर कार्यवाही की भी बात कही है। सचिवालय प्रशासन विभाग ने फरवरी, सितंबर, अक्तूबर, नवंबर में जारी अलग-अलग आदेशों से संयुक्त सचिव, उप सचिव, अनु सचिवों को उनके वर्तमान तैनाती स्थल से दूसरे विभागों में तबादला किया गया था। किंतु इन्होंने कई महीने बीतने के बाद भी कार्यभार नहीं ग्रहण किया। इस पर अब सचिवालय प्रशासन विभाग ने काफी सख्ती है। सचिवालय प्रशासन विभाग के संयुक्त सचिव विजय कुमार मिश्र की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि इन सभी को एक दिसंबर को भी पत्र जारी कर दो दिन में अपने तैनाती स्थल पर ज्वाइन करने का निर्देश दिया गया था। किंतु ऐसा न करने पर अब उन्हें स्वतः कार्यमुक्त किया जाता है। उन्होंने कहा है कि इसके बाद भी कार्यभार न संभालने वालों पर अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी।

# कोडीन कफ सिरप पर सियासत तेज, अखिलेश बोले, प्रदेश में एक जिला...एक माफिया का राज

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ में कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी के मामले में सियासी तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि नशीले सिरप का सिंडिकेट न सिर्फ उत्तर प्रदेश, बल्कि बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, पश्चिम बंगाल से होता हुआ नेपाल, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका तक अपना नेटवर्क चला रहा था। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित सिरप की वजह से कई मासूमों की जानें गईं, लेकिन शासन-प्रशासन में बैठे प्रभावशाली लोगों की भूमिकाओं की अनदेखी होती रही। अखिलेश ने दावा किया कि इस अवैध धंधे में मुख्यमंत्री के करीबियों और कई अधिकारियों के नाम भी चर्चा में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ÷प्रदेश में एक जिला, एक माफिया का काला कारोबार खुलकर फल-फूल रहा है।÷ उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में ही इस मामले में 38 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं और स्थानीय माफियाओं के नाम सामने आए हैं। उन्होंने वाराणसी सेंट्रल बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजा आनंद ज्योति सिंह की मौत का जिक्र करते हुए कहा कि एक वर्ष पूर्व जहरीला सिरप पीने से उनकी मौत हुई, लेकिन उनकी पत्नी द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अखिलेश ने आरोप लगाया कि पूर्वांचल के वाराणसी, जौनपुर, चंदौली, भदोही, गाजीपुर और आजमगढ़ में यह धंधा बड़ों की शह पर चलता रहा।

### अखिलेश ने कही ये बड़ी बात

कोडीन सिरप मामले में ईडी की एंट्री पर अखिलेश ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि देश के दूसरे नंबर के कद्दावर नेता इस प्रकरण पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि वाराणसी के पड़ोसी जिले के एक बाहुबली को यह नेता पसंद नहीं करते, इसलिए जैसे ही उसके रिश्तेदारों का नाम आया। केंद्र से दबाव बढ़ गया। आरोप है कि कोडीन सिंडिकेट का सरगना शुभम बाहुबली के रिश्तेदारों के साथ साझेदारी में था और उसने लगभग 84 करोड़ रुपये निवेश किए तथा महंगी गाड़ियां गिफ्ट कीं। अखिलेश ने यह भी दावा किया कि एक और बाहुबली का शागिर्द भी इस धंधे में करोड़ों लेकर बैठा है और उसे सुरक्षा देने के नाम पर सत्ताधारी नेताओं को महंगे उपहार व मोटी रकम दी जाती थी।

# लखनऊ सीतापुर हाईवे पर ई रिक्शा कार में टक्कर से व्यक्ति और महिला हुई चोटिल

- रॉन्ग साइड से आ रहे आटो में कार ने मारी टक्कर, पिछे चल रहे बाइक सवार भी चोटिल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना अंतर्गत सीतापुर लखनऊ हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमें बेलवा गांव के निकट रॉन्ग साइड से आ रहे ऑटो चालक ने कार में टक्कर मार दी। जिसके बाद एक बाइक चालक भी चपेट में आ गया, जिससे कई लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने सभी घायलों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटौंजा में भर्ती करवाया, जहां से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। गुरुवार दोपहर के बाद गलत दिशा से ई रिक्शा चालक आ रहा था, जिसमें कई सांवरिया बैठी थी, सामने से अज्ञात कार आ रही थी और आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसके बाद उसमें एक बाइक चालक भी चपेट में आ गया। वहीं महोना निवासी विक्रम गंभीर रूप से घायल हो गए, जो ऑटो चला रहे थे और ई रिक्शा पर बैठी महिला पप्पी रावत निवासी मानपुर भी घायल हुई है। इसके अलावा अन्य कई लोग चोटिल हो गए। जिनको मामूली चोटे आई जो निजी अस्पताल में इलाज करवा कर घर चले गए। इस हादसे के बाद लखनऊ सीतापुर हाईवे पर काफी दूर तक जाम लग गया। इटौंजा पुलिस की कड़ी मेहनत के बाद पुलिस ने जाम खुलवाकर आवागमन चालू करवाया।

# लखनऊ में 'नागरिकता जाँच' से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल के नेतृत्व में अवैध रूप से रह रहे संदिग्ध बांग्लादेशियों, रोहिंग्याओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू होते ही लखनऊ नगर निगम से जुड़ी कूड़ा प्रबंधन कंपनी के 160 सफाई कर्मचारी नौकरी छोड़ भागे। इन कर्मचारियों से नागरिकता प्रमाणित करने वाले दस्तावेज़ मांगे गए थे, जिसके बाद ये सभी काम से गायब हो गए। महापौर ने आशंका व्यक्त की कि ये भागे लोग संदिग्ध रोहिंग्या या बांग्लादेशी हो सकते हैं।उन्होंने अधिकारियों को तत्काल जांच और आधार के साथ एनआरसी राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर चेक करने के निर्देश दिए हैं, क्योंकि ये कर्मचारी खुद को असम का बताते थे। ये संदिग्ध दिन में सफाई कर्मचारी के रूप में काम करते थे और रात में वारदातों को अंजाम दे सकते थे, जैसा कि पिछले साल एक मामले में छह रोहिंग्या पकड़े गए थे। उन्होंने लखनऊ में अवैध ढंग से रह रहे संदिग्ध बांग्लादेशियों के खिलाफ सख्ती का ऐलान किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तत्काल जांच कर उचित कदम उठाएं।

# इको-फ्रेंडली सुविधाओं से बदल रही यूपी के जंगलों की तस्वीर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- वन , सिंचाई सहित कई विभागों से समन्वय कर विकसित की जा रही पर्यटन सुविधाएं: जयवीर

उत्तर प्रदेश में वन्य जीव संरक्षण और इको टूरिज्म की तस्वीर तेजी से बदल रही है। दुर्लभ वन्य जीव प्रजातियों के सुरक्षित आवास, प्राकृतिक परिदृश्य का संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल पर्यटन सुविधाओं के विस्तार ने राज्य को प्रकृति प्रेमियों का नया पसंदीदा गंतव्य बना दिया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वन, सिंचाई सहित अन्य विभागों से समन्वय कर पर्यटकों के लिए आकर्षक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। हमारा प्रयास वन्य जीव संरक्षण को सुदृढ़ कर स्थानीय समुदाय को आजीविका के नए अवसरों से जोड़ना है।यूपी में गैंडा, बाघ, बारहसिंघा, घड़ियाल जैसे दुर्लभ वन्यजीव न सिर्फ सुरक्षित हैं बल्कि उनके लिए वातावरण भी विकसित किया गया है। दुधवा, पीलीभीत, कतर्नियाघाट, अमानगढ़, सोहगीबरवा जैसे वन क्षेत्र पर्यटकों को विशेष अनुभव प्रदान करते हैं। तराई, ब्रजभूमि, गंगा नदी का क्षेत्र,बुंदेलखंड और विंध्य वनक्षेत्र हर इलाके में जैव विविधता के संरक्षण, सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने निरंतर कार्य किया है। इको-टूरिज्म विकास बोर्ड ने पिछले तीन वर्षों में 161 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च कर विभिन्न प्राकृतिक स्थलों पर पर्यटन सुविधाएं विकसित की हैं। इनमें मार्ग सुधार, कैफेटेरिया, इको-फ्रेंडली विश्राम स्थलों, गजिबो, नेचर ट्रेल, बर्ड वॉचिंग स्थान और बच्चों के लिए खेलने के क्षेत्र जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इनका विकास पर्यावरण-संवेदनशील तरीके से किया गया है ताकि प्राकृतिक संतुलन के साथ पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। पिछले तीन वर्षों में स्वीकृत परियोजनाओं में 2022-23 में 21.04 करोड़ रुपए, 2023-24 में 68.56 करोड़ रुपए तथा वर्ष 2024-25 में 72.30 करोड़ रुपए व्यय हेतु स्वीकृत किए गए। यह निरंतर बढ़ता निवेश राज्य की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करता है।

# हनुमान सेतु से डालीगंज क्रॉसिंग को वंदे मातरम् मार्ग घोषित करने की मांग

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल से बांगिया नागरिक समाज के मुख्य संयोजक पीके दत्ता ने अपने प्रतिनिधि मंडल के साथियों सहित मुलाकात की। उनकी मांग को जायज मानते हुए रोहित अग्रवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की। उन्होंने पत्र में कहा कि बागियों समाज प्रदेश के उत्थान में सहभागिता करता रहा है। बांगीय समाज पुरे भारत मे वन्दे मातरम की 150वी जयंती समारोह का पालन कर रहे हैं लखनऊ बंगीय नागरिक समाज समाज वर्षो से हमेशा 26 जून को बंकिमचन्द्र चटर्जी शुभ जन्म दिन मानता चला आ रहा है। मुख्यमंत्री से लखनऊ हनुमान सेतू से डालीगंज क्रॉसिंग को वंदे मातरम् मार्ग घोषित करने एवं उनकी बड़ी मूर्ति भी लगाने की मांग की।

# स्वस्थ मिट्टी से ही सुरक्षित रहेगा धरती मां और जीवों का स्वास्थ्य: शाही

- विश्व मृदा दिवस आज, प्रदेश भर में होंगे किसान जागरूकता कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



कल 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस के अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों से अपील की है कि वे खेतों की मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से मृदा जांच अवश्य कराएँ। स्वस्थ मृदा मानव स्वास्थ्य, प्रकृति और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह हमारे भोजन की गुणवत्ता निर्धारित करती है और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मिट्टी की जांच से हमें पता चलता है कि कौन से पोषक तत्व आवश्यक हैं, जिससे किसान अंधाधुंध उर्वरक के प्रयोग से बच सकते हैं। मृदा स्वास्थ्य को बचाए रखने के लिए हमें संतुलित मात्रा में खाद और उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए और फसल चक्र अपनाना चाहिए। यह सावधानियां भविष्य में न केवल उत्पादन की लागत को कम करेंगी बल्कि जमीन की उर्वरता को भी लंबे समय तक सुरक्षित रखेंगी, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और उपजाऊ भूमि मिल सकेगी।विश्व मृदा दिवस के अवसर पर, प्रदेश भर में मृदा स्वास्थ्य स्तर में सुधार लाने के विषय पर कृषक वैज्ञानिक संवाद एवं राज्य स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के तहत मृदा के स्वास्थ्य स्तर विषय पर संगोष्ठी की जाएगी।फसलों में समेकित पोषक तत्वों के प्रयोग के महत्व विषय पर कृषकों से संवाद किया जाएगा, मृदा उर्वरता स्तर बनाए रखने हेतु मॉडल विकसित कराए जाएंगे।कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों तथा सम्बद्ध विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा वर्तमान मृदा स्वास्थ्य की स्थिति तथा सुधार विषय पर प्रस्तुति की जाएगी। व्यापक जागरूकता के लिए, जनपद के कृषि विज्ञान केन्द्रों पर क्षेत्रीय कृषकों को आमंत्रित करके प्रशिक्षित एवं जागरूक कराया जाएगा।मृदा परीक्षण के सजीव प्रदर्शन हेतु विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से भी जागरूकता कार्यक्रम कराया जाएगा। कार्यक्रम के व्यापक आयोजन हेतु कृषि विभाग द्वारा प्रदेश भर के 89 कृषि विज्ञान केंद्रों, कृषि विश्वविद्यालयों तथा कृषि प्रक्षेत्रों पर किसानों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। कृषि निदेशालय में मृदा स्वास्थ्य एवं प्रबंधन विषय पर कार्यशाला होगी है। कृषि विश्वविद्यालयों एवं सम्बद्ध कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राजकीय कृषि प्रक्षेत्रों पर अपर कृषि निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र के माध्यम से कार्यक्रम के आयोजन हेतु जिला कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। समस्त जनपदों पर उप कृषि निदेशक एवं जनपदीय मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से भी कार्यक्रम आयोजन हेतु निर्देशित किया गया है। विभिन्न संस्थानों के निदेशको को कार्यक्रम में सम्मिलित होने तथा अपने संस्थानों पर कार्यक्रम आयोजित के निर्देश दिए गए हैं।

# भाई ने भाई का किया बेरहमी से क़त्ल, खेत में कुदाल से हमला

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जनपद के पीपरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्गापुर डिहवा गांव में गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई,जहाँ छोटे भाई दिनेश वर्मा ने अपने बड़े भाई राकेश वर्मा 50 वर्ष की कुदाल से वार कर हत्या कर दी।घटना सुबह करीब 9 बजे की है।अचानक हुई इस वारदात ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया।जानकारी के अनुसार स्वर्गीय शिवकरन वर्मा के तीन पुत्र राकेश,रोहित और दिनेश में से रोहित सूरत में रहते हैं,जबकि राकेश और दिनेश गांव में ही रहते थे।गुरुवार सुबह किसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद हुआ।विवाद के बाद बड़ा भाई राकेश आलू की मेड़ चढ़ाने के लिए खेत में चला गया।इसी दौरान गुस्से में उफनते दिनेश ने पीछे से पहुँचकर राकेश के हाथ से कुदाल छीनी और उसके सिर पर कई वार कर दिए। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।आरोपी का आक्रोश यहीं नहीं रुका।वह मृतक के शव को खेत से करीब तीन सौ मीटर तक घसीटकर झाड़ियों में फेंककर फरार हो गया। घटना से गांव में मातम पसर गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक राकेश की पत्नी का निधन 15 वर्ष पूर्व ही हो चुका था।उनके परिवार में 30 वर्षीय बेटी सोनम और 25 वर्षीय बेटा सोहित हैं,जो गहरे सदमे में हैं।इस संबंध में क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है,कि आरोपी दिनेश की मानसिक स्थिति कुछ समय से ठीक नहीं थी। मृतक के परिजन आशादेवी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पेंटिंग प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में संचालित एन सी सी इकाई द्वारा बुधवार की देर शाम राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की 150 वे पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आयोजित पेंटिग प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविन्द प्रताप सिंह पटवाल व महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन में 08 नवंबर को पेंटिग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। 03 दिसम्बर को विजयी प्रतिभागियों को परेड के दौरान सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट(डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान व बटालियन सूबेदार मेजर बिनय घोष ने स्केच वर्ग में इश्तिखार अली को प्रथम, दिव्यांशी वर्मा को प्रथम, सूरज चौधरी को द्वितीय व वैभव त्रिपाठी को तृतीय स्थान के लिए मैडल प्रदान कर सम्मानित किया।

# जिले में प्रतिष्ठित राम मिष्ठान भंडार सहित तीन मिठाई की दुकानों की मिठाइयां दूषित

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय की सबसे बड़ी मिठाई की दुकान राम मिष्ठान भंडार सहित तीन मिष्ठान की दुकानों पर असुरक्षित खाद्य पदार्थों पर कार्रवाई की गई है। एक प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित कर दी गई है तथा दो के लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही चल रही है ।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने 4 दिसंबर को बताया है कि खाद्य पदार्थों की मिलावट एवं असुरक्षित खाद्य वस्तुओं की बिक्री पर नियंत्रण हेतु आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी महोदय के निर्देश पर जनपद में प्रवर्तन अभियान संचालित हैं ।इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा प्रभावी प्रर्वतन कार्यवाही करते हुए विभिन्न मिष्ठान प्रतिष्ठानों के नमूने संग्रहित कर विश्लेषण हेतु भेजे गये थे, नमूनों की जांच में खाद्य विश्लेषक गोरखपुर द्वारा 02 निर्माण इकाई एवं 01 फुटकर प्रतिष्ठानों के नमूनें असुरक्षित घोषित किया गया है। जिनमें मेसर्स-राम मिष्ठान भण्डार, निर्माण इकाई स्थान चौक रोड, मेन मार्केट बलरामपुर से रसमलाई का नमूना मानव उपभोग के लिए हानिकारक घोषित करते हुए असुरक्षित किया गया है एवं मेसर्स-भारत स्वीट्स, स्थान जोगीवीर, उतरौला, बलरामपुर स्थित निर्माण इकाई से बतीसा एवं बतीसा रोल मिठाई को असुरक्षित घोषित किया गया है एवं फुटकर विक्रेता मा) राशिद खान पुत्र अब्दुल मन्नान के प्रतिष्ठान स्थित चीनी मिल गेट तुलसीपुर से मोतीचूर के लड्डू का नमूना असुरक्षित घोषित किया गया है। उक्त के क्रम में मेसर्स भारत स्वीट्स, स्थान जोगीवीर, उत्तरीला का लाइसेंस निलम्बित करते हुए प्रतिष्ठान में निर्माण को अग्रिम आदेशों तक के लिए बन्द कराया गया है। मेसर्स-राम मिष्ठान भण्डार, स्थान चौक रोड, मेन मार्केट, बलरामपुर तथा मो0 राशिद खान पुत्र अब्दुल मन्नान के प्रतिष्ठान के लाइसेंस को निलम्बित करने की कार्यवाही प्रचलन में लायी गयी है।

# मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत ऑपरेशन मुक्ति कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। गौरीगंज,अमेठी



कम्पोजिट विद्यालय दरपीपुर में मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं के लिए ऑपरेशन मुक्ति थीम पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्तिकरण सुरक्षा और सरकारी योजनाओं कीजानकारी देकर जागरूक करना था।कार्यक्रम में अधिकारियों और समाजसेवियों ने उपस्थित प्रतिभागियों को कन्या सुमंगला योजना,वन स्टॉप सेंटर,बाल सेवा योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।साथ ही उन्हें अपने अधिकारों,व्यक्तिगत सुरक्षा और आत्मरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।आयोजकों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सचेत करते हैं,बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने और समाज में सम्मानजनक स्थान बनाने के लिए प्रेरित भी करते हैं।कार्यक्रम में शामिल युवतियों और महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी दिखाई।और अपने सवाल पूछकर जानकारी ग्रहण की।

स्थानीय अधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति का यह प्रयास महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में महिलाओं और बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने में मददगार साबित होते हैं।कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय,स्थानीय समाजसेवी संस्थाओं और जिला स्तरीय अधिकारियों की संयुक्त पहल से किया गया।उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ और अपने समुदाय में इस जागरूकता का प्रसार करें।इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सशक्त और जागरूक महिला ही समाज की सच्ची शक्ति है।और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर वे न केवल अपने जीवन को सुरक्षित बना सकती हैं।बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी ला सकती हैं।

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर विधायक एवं डीएम ने दिव्यांग बच्चों से मिलकर किया उनका उत्साहवर्धन

**बलरामपुर।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर गिफ्टेबल फाउंडेशन द्वारा तहसील बलरामपुर में धुसाह संचालित समावेशी शिक्षा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला एवं जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने विद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, समूहगान एवं प्रेरक गतिविधियों सहित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों के उत्साह, कौशल एवं आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति देखकर सभी अतिथि एवं उपस्थित जनमानस अभिभूत हुए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग बच्चे अत्यंत प्रतिभाशाली हैं और समान अवसर एवं उपयुक्त वातावरण प्रदान कर उनकी क्षमताओं को निखारा जा सकता है। जिला प्रशासन ऐसे बच्चों के अधिकारों एवं सुविधाओं को सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है। इस दौरान सम्बंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत स्कूल मे लगी पुलिस की पाठशाला

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया । क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर द्वारा छात्र-छात्राओं को ÷मिशन शक्ति अभियान÷ साइबर अपराध से बचाव के संबंध में जागरुक किया गया । जानकारी के अनुसार 04 दिसंबर को क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर डॉ जितेन्द्र कुमार ने थाना तुलसीपुर क्षेत्रांतर्गत आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को ÷मिशन शक्ति अभियान÷ व साइबर अपराध से बचाव के संबंध में जागरुक किया । उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस सहायता हेतु वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी 112,एबुलेंस सेवा102/108, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्प केयर 1098, साइबर हेल्प लाइन 155260, 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 तथा थाने पर गठित महिला हेल्प डेस्क के बारे में भी अवगत कराया । साथ ही ऑपरेशन रक्षा ऑपरेशन बचपन, ऑपरेशन नशा मुक्ति, ऑपरेशन खोज की भी जानकारी दी तथा छात्र-छात्राओं के साथ सार्थक और सकारात्मक चर्चा की । क्षेत्राधिकार ने बताया कि एईपीएस फ्राड से बचने के लिए हमेशा आधार कार्ड का बायोमैट्रिक लाक करके रखें। किसी अनजान व्यक्ति द्वारा बताये गये किसी एप को डाउनलोड न करें, साइबर अपराधियो द्वारा स्क्रीनशेयरिंग एप डाउनलोड करवाकर आपका फोन एक्सेस करके उसका गलत उपयोग किया जा सकता है। किसी भी दशा में अपना व्यक्तिगत विवरण किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आने वाले विज्ञापनों से खरीदारी में हमेशा सावधान रहें । खरीददारी हमेशा किसी भी ई- कामर्श वेबसाइट की आफिशियल वेबसाइट अथवा अधिकृत एप से ही करें। सोशल मीडिया एकाउन्ट पर हमेशा टू-स्टेप वेरीफिकेशन आन रखें तथा मजबूत पासवर्ड बनायें। ठगी का शिकार होने पर अपने नजदीकी थाने की साइबर हेल्प डेस्क पर अथवा भारत सरकार द्वारा जारी नंबर 1930 पर कॉल करें। किसी भी प्रकार के साइबर क्राइम से सम्बन्धित आनलाइन शिकायत भारत सरकार द्वारा जारी अनलाइन नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से करें। इसी क्रम में बाल विवाह, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा की रोकथाम, सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन तथा मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुक्सान दुष्परिणाम के बारे में जागरूक किया गया व नशीले पदार्थों का सेवन न करने की शपथ दिलायी । इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ स्कूल प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में संस्थापक सप्ताह का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर क्षेत्र में आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में सात दिवसीय संस्थापक सप्ताह समारोह का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। इस दौरान नगर क्षेत्र में रैली निकाली गई। जिसे शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी, पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली प्रमुख मार्गों से होकर निकली जो लोगों के आकर्षण का केन्द्र रही।

जानकारी के अनुसार 4 दिसंबर को आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल के संस्थापक सप्ताह शुभारंभ अवसर पर निकाली गई रैली में शामिल बच्चे हरैंया तिराहा, लाल चौराहा, हनुमानगढ़ी, नई बाजार चौक व कलश चौराहा होते हुए पुन~ विद्यालय पहुंचे। बच्चों का विभिन्न जगहों पर लोगों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में शामिल बच्चों को संबोधित करते हुए शक्तिपीठ देवीपाटन महंत मिथलेश नाथ योगी ने कहा कि प्रतिवर्ष यह आयोजन विद्यालय की ओर से किया जाता है। इसके दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों का कौशल विकास भी होता है। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा कि आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल तुलसीपुर क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। कहा कि ब्रम्हलीन महंत अवैद्य नाथ जी महाराज द्वारा पुष्पित एवं पल्लवित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद अपने संस्थापकों की पुण्य स्मृति में प्रतिवर्ष संस्थापक सप्ताह समारोह का आयोजन करता है। इससे समाज को एक नई दिशा मिलती है। कार्यक्रम को तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, नपाप चेयरमैन धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने भी संबोधित किया। प्रधानाचार्य डॉ डीपी सिंह ने बताया संस्थापक सप्ताह समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, शतरंज, दौड़, साइकिल रेस, सामान्य ज्ञान व भाषण सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें विजयी प्रतिभागियों को समापन अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर एसडीएम राकेश कुमार जयंत, सीओ डॉ जितेन्द्र कुमार, सीएचसी अधीक्षक डॉ विकल्प मिश्र, एसएचओ आरके सिंह, अनिल लाट, विकास सोनी, रवि अग्रवाल, मलखान सिंह, पंकज कनौडिया, चन्द्रमणि तिवारी मौजूद रहे।

### भाजपा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही: रामवृक्ष सिंह यादव

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रभारी के रूप में पूर्व मंत्री व एमएलसी राम वृक्ष सिंह यादव द्वारा बछरावां विधानसभा क्षेत्र के मैनाहार कटरा,इचौली,बछरावा टाउन आदि बूथों पर पार्टी के जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव,विधायक श्याम सुंदर भारती के साथ मतदाता निर्वाचक नामावली में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर में बूथ स्तर पर कार्य कर रहे बीएलओ एवं सहयोगियों से मिलकर पारदर्शिता के साथ अधिक से अधिक मतदाता बनाये जाने की विस्तृत जानकारी किया ।प्रभारी रामबृक्ष सिंह यादव ने बूथों पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं से संवाद करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मतदाता बनाना ही लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है ।इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ब्रजेन्द्र चौधरी,जिला उपाध्यक्ष मेहरबान सिंह,मुनेश्वर पासी,ब्लॉक अध्यक्ष देशराज,देवतादीन पासी,राजेश यादव,समरबहादुर,वीरेंद्र बहादुर,गुलाम हुसैन,ब्रजेन्द्र कुमार सहित समाजवादी पार्टी के बूथों के बीएलए आदि उपस्थित रहे।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त विद्युत योजना के प्रगति की डीएम ने की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के तहत प्राप्त लक्ष्यों, रजिस्ट्रेशन की वर्तमान स्थिति तथा आगे की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

रजिस्ट्रेशन बढ़ाए जाने एवं लक्ष्य के अनुरूप प्रगति के निर्देश

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि योजना जनहित से जुड़ी है तथा इससे उपभोक्ताओं के बिजली बिल में बड़ी राहत मिलेगी, अतः व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

हर विद्युत बिल स्टेशन पर लगाए जाएंगे कैंप, जनमानस को बताए जाएंगे लाभ

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विद्युत बिल काउंटरों एवं उपकेंद्रों पर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के कैंप स्थापित किए जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को सहज रूप से जानकारी, ऑनस्पॉट पंजीकरण एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही उन्होंने आमजन को योजना के लाभों से अवगत कराते हुए अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, पीओ नेडा , लीड बैंक मैनेजर व अन्य संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहें।

# ऊंचाहार में मिलावटी पनीर-दूध पर कार्रवाई

## डेढ़ कुंटल पनीर व दो कुंटल दूध नष्ट कृ लाइसेंस व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



जिलाधिकारी के आदेश पर छापेमारी तेज, पर मानक पूरे न करने वालों को लाइसेंस कैसे ?

रायबरेली । शादी-ब्याह के सीजन में मिलावटी खाद्य पदार्थों से लोगों की सेहत पर खतरा न आए , इसे ध्यान में रखते हुए शासन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने ऊंचाहार क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की । उमरन बाजार स्थित राधा डेरी एंड मिल्क प्रोडक्ट्स पर मारे गए छापे में डेढ़ कुंटल पनीर और दो कुंतल दूध दूषित पाया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया । साथ ही प्रतिष्ठान का लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है । एफ़एसओ शेफाली रस्तोगी और कंचनलता तिवारी लगातार मिलावटखोरों पर शिकंजा कस रही हैं । शादी सीजन में बड़े पैमाने पर सप्लाई होने वाले पनीर व दूध की गुणवत्ता जांचने के लिए दोनों अधिकारियों ने कई प्रतिष्ठानों को चेतावनी भी दी है और छापेमारी जारी है । लेकिन इन सबके बीच एक बड़ा सवाल खड़ा होता हैकृ

लाइसेंस जारी करने के मानक क्या हैं? क्या अस्थायी दुकानदारों को भी लाइसेंस मिल सकता है? डेरी के लिए आवश्यक फैट मानक, स्थान की लंबाई-चौड़ाई, स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं की जांच आखिर कैसे होती है? और यदि अधिकांश प्रतिष्ठान इन मानकों पर खरे नहीं उतरते, तो उन्हें लाइसेंस जारी कैसे कर दिया गया ? छापेमारी भले तेज हो, लेकिन लाइसेंसिंग प्रक्रिया की पारदर्शिता और सख्ती पर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं ।

### विधायक सदर ने 02 दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा का किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग रायबरेली के तत्वाधान में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत 2 दिवसीय विधानसभा स्तरीय ''विधायक खेल स्पर्धा'' का आयोजन मोती लाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर बालक व बालिका वर्ग में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह, खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन व गुब्बारे उड़ाकर कर किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में एथलेटिक्स, कबड्डी, खो खो, कुश्ती की प्रतियोगिता कराई गई। 100 मी0 सब जूनियर वर्ग में सागर, 800 मी0 में प्रिंशु विजेता रहे। कबड्डी सीनियर बालक वर्ग में अमावां विजेता व राही की टीम उपविजेता रही। कबड्डी जूनियर बालिका वर्ग में अमावां विजेता व राही की टीम उपविजेता रही। जूनियर खो-खो बालक वर्ग में नगर की टीम विजेता रही।

# ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं: अतुल सिंह

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



राही विकास क्षेत्र के इकौना,जमालपुर गांव में गुरुवार को लेखनशाला द्वारा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में ग्रामीण युवाओं ने दौड़ लगाकर अपनी ताकत दिखाई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश सचिव व ऊंचाहार विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लेकर खेल भावना और अनुशासन का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव अतुल सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है जरूरत है मंच देने की। इस प्रकार से खेल स्पर्धा से खेल प्रतिभाओं को मौका मिलता है। ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीण युवाओं को खेलों की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और उनमें ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। इस प्रकार के आयोजन न केवल प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करते हैं। लेखनशाला द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय और प्रेरणादायक है।वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य देशराज यादव,भावी जिला पंचायत सदस्य,सौरभ सिंह यादव तथा इकौना प्रधान विपिन सिंह पटेल ने कार्यक्रम के आयोजकों की प्रशंसा की। संस्था के संस्थापक ने कहा कि लेखनशाला केवल साहित्य की नहीं, बल्कि प्रतिभा, खेल, संस्कृति और व्यक्तित्व विकास की भी धारा है।इस प्रतियोगिता में 1600 मीटर (बालक वर्ग) में अविनाश सिंह प्रथम, शनि द्वितीय और शुभम यादव तृतीय रहे। वहीं 400 मीटर (बालक वर्ग) में चंदन पटेल प्रथम, युवराज द्वितीय तथा रितिक तृतीय रहे। 400 मीटर (बालिका वर्ग) में पारुल प्रथम, खुशी द्वितीय और मांसी तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ट्रैक शूट, मेडल एवं प्रमाणपत्र जबकि तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को लोअर, टी-शर्ट, मेडल एवं प्रमाणपत्र दिए गए। कार्यक्रम के चीफ कोऑर्डिनेटर प्रदीप प्यारे ने कहा कि संघर्षों के साए में इतिहास हमारा पलता है, जिस ओर जवानी चलती है उसी ओर जमाना चलता है। उन्होंने संस्था के आगामी कार्यक्रमों और उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला। इस सफल आयोजन में जगन्नाथ सिंह, अजय प्रताप सिंह, राज सिंह, बृजेश पटेल, दलबहादुर यादव, विकास यादव, सुनील, अमित, लकी सिंह, शुभम् , गुड्डू, निर्भय, सुरेन्द्र, अनुज आदि का विशेष सहयोग रहा।

# वीसी मोटर्स पर गंभीर लापरवाही का आरोप

## स्कॉर्पियो क्लासिक के चारों टायर मात्र 1,082 किमी में हुए क्षतिग्रस्त





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

रूमा स्थित बीसी मोटर्स महिंद्रा सर्विस सेंटर पर एक ग्राहक ने गंभीर तकनीकी लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, कानपुर नगर के जिला अध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया कि उनकी स्कॉर्पियो क्लासिक यूपी 78 एचडी 5198 को 8 अगस्त 2025 को नियमित सर्विस के लिए वीसी मोटर्स भेजा गया था। सर्विस सेंटर ने एलाइनमेंट और बैलेंसिंग का शुल्क वसूला, परंतु कथित रूप से वास्तविक कार्य नहीं किया गया। महेश वर्मा के अनुसार, सर्विस के तुरंत बाद मात्र 1,082 किलोमीटर चलने पर गाड़ी के चारों टायर कुतरे हुए, कटे हुए और पूरी तरह क्षतिग्रस्त पाए गए। वर्मा का कहना है कि इतनी कम दूरी में इस तरह की क्षति सामान्य परिस्थितियों में संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि वाहन मुख्यतः आगरा-मथुरा एक्सप्रेसवे जैसी स्मूथ सड़कों पर चलाया गया, जहाँ टायरों का इस प्रकार खराब होना तकनीकी चूक की ओर संकेत करता है। वर्मा ने कहा कि उन्होंने घटना की शिकायत वीसी मोटर्स और महिंद्रा कंपनी को व्हाट्सऐप, फेसबुक, ट्विटर और ईमेल के माध्यम से कई बार भेजी, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ। उनके अनुसार, सर्विस सेंटर की ओर से यह कहकर मामले को टालने की कोशिश की गई कि ÷गाड़ी गड्ढे में गिरी होगी, जिसे उन्होंने तथ्यहीन बताया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सर्विस सेंटर ने सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने से इंकार कर दिया। महेश वर्मा ने महिंद्रा कंपनी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच, सर्विस रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने तथा नुकसान की भरपाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि ग्राहक सुरक्षा और विश्वास से जुड़े मामलों में लापरवाही अस्वीकार्य है और इस प्रकार के घटनाक्रम की गंभीरता से जांच होनी चाहिए।

## हरिद्वार से ककवन पहुंची कलश रथ यात्रा का स्थानीय लोगों ने किया पूजन



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ब्लॉक ककवन में गुरुवार को शांति कुंज हरिद्वार से निकली ज्योति कलश रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के साथ हरिद्वार से पहुँचे समर बहादुर व सूर्य कुशवाहा का स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।रथ ककवन कस्बे के डीपीएसएन इंटर कॉलेज पहुँचने पर विद्यालय परिवार की ओर से विधि-विधानपूर्वक ज्योति कलश की आरती की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण को और गरिमामयी बनाया।इस अवसर पर कस्बे के निवासी अमितेश स्वर्णकार उर्फ अंटू, एस.के. पाल, छोटे पाल, सलिल शुक्ला, पप्पू यादव सहित कई लोगों ने रथ की आरती कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।स्थानीय लोगों ने बताया कि ककवन में इस प्रकार के आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और युवाओं में सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

# बिल्हौर तहसील में अघोषित बिजली कटौती से सिंचाई बाधित, रबी फसलों के सूखने का खतरा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

तहसील क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दिन में अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण सिंचाई प्रभावित हो रही है, जिससे गेहूं, मटर, आलू और लाही जैसी प्रमुख रबी फसलों के सूखने का खतरा मंडराने लगा है। किसान खास तौर पर नलकूप आधारित सिंचाई व्यवस्था पर निर्भर हैं, लेकिन बिजली की अनियमितता उनकी चिंता को लगातार गहरा रही है। बिल्हौर क्षेत्र के दरियापुर, सैबसू, दादारपुर कटहा, मल्लापुर, सांभी, घिमऊ टिकरिया सहित आसपास के कई गांवों में किसान दिन में बिजली न मिलने से परेशानी झेल रहे हैं। किसानों में संजय शुक्ला, अजीत, मनीराम सहित कई ने बताया कि उपलब्ध बिजली भी असमय और अनियमित अंतराल पर आ रही है। उनका कहना है कि सुबह 5 से 8 बजे और दोपहर 12 से 2 बजे तक ही बिजली मिल रही है, जबकि शेष समय लगातार कटौती रहती है, जिससे कम वोल्टेज के साथ सिंचाई कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

अरौल के आँकिन गांव के किसान संजीत कुमार ने कहा कि ठंड के चलते सुबह खेतों में नमी अधिक रहती है, ऐसे में बिजली का समय ठीक न होने से नलकूप चलाना कठिन हो जाता है। किसानों ने मांग की है कि विशेष रूप से दोपहर के समय नियमित और तय शेड्यूल के साथ बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि फसल को समय पर पानी मिल सके और नुकसान टाला जा सके।

किसानों का आरोप है कि बिजली कटौती के कारण फसलें अब सूखने की कगार पर पहुँच रही हैं, जिससे उत्पादन घटने और भारी आर्थिक नुकसान की आशंका बढ़ गई है। वहीं, अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष विपनेश कटियार (डब्बन कटियार) ने कहा कि क्षेत्र में बिजली की समस्या बेहद गंभीर रूप ले चुकी है, जिससे किसान वर्ग में व्यापक असंतोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान समय रहते नहीं किया गया, तो अपना दल (एस) कार्यकर्ताओं के साथ आंदोलन शुरू करेगा।क्षेत्र के किसानों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की अपील की है, ताकि सिंचाई बाधित न हो और रबी फसलों को नुकसान से बचाया जा सके।

# जिला पंचायत सदस्य ने किया 400 मीटर नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन, ग्रामीणों में उत्साह

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

नानामऊ जिला पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत गौरी कोटरा-मोहद्दीपुर रोड पर 400 मीटर (0.4 किमी) नव-निर्मित सड़क का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य गगन ठाकुर द्वारा विधिवत संपन्न किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे और पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि-विधान के साथ फीता काटकर की गई, जिसके बाद ग्रामवासियों ने जिला पंचायत सदस्य का गर्मजोशी से स्वागत किया। मौजूद ग्रामीणों ने मार्ग के निर्माण को क्षेत्रीय विकास की अहम कड़ी बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।इस दौरान सड़क उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी ग्रामवासियों का सदस्य द्वारा सम्मान भी किया गया। बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा उन्हें क्षेत्रीय एकता व सहभागिता के प्रतीक के रूप में सम्मानित किया गया।

गगन ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि इस सड़क के निर्माण से आवागमन सुगम होगा, ग्रामीणों को रोजमर्रा के कार्यों में सुविधा मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने आगे भी क्षेत्र की बुनियादी आवश्यकताओं - सड़क, जल, शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध रहने की बात कही।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह सड़क लंबे समय से ग्रामीणों की आवश्यकता थी, जिसके बनने से स्कूल, बाजार और मुख्य मार्ग तक पहुंच आसान हो जाएगी।

ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधि के प्रयासों की सराहना की और क्षेत्र में ऐसे कार्यों को निरंतर जारी रखने की उम्मीद जताई।

कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य, युवक-मंडल के सदस्य, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं और ग्रामीण परिवार मौजूद रहे। अंत में सदस्य द्वारा सभी उपस्थित जन-समूह का आभार प्रकट किया गया।उद्घाटन समारोह से यह स्पष्ट हुआ कि क्षेत्र में विकास-कार्यों के साथ-साथ जन-सहभागिता और आपसी सम्मान की भावना भी मजबूत हो रही है।

# मिश्रिख नपाप ईओ व लिपिक की लापरवाही पर रोका गया वेतन

- ई रिक्शा चालक, टैक्सी स्टैण्ड से लेकर अतिक्रमण सहित हर छोटा बिन्दु रहा डीएम की समीक्षा का हिस्सा

**सीतापुर**





कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के विकास कार्यों एवं निकाय अन्तर्गत संचालित समस्त योजनाओं एवं 15 वॉ वित्त आयोग टाइड ग्रांट एवं अनटाइड ग्रांट की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के चैराहों का चैड़ीकरण किया जाये तथा अवैध कब्जों को मुक्त कराया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारी को स्ट्रीट वैण्डरों के साथ बैठक करते हुये उनको सड़क से 150 मी0 दूरी पर दुकानें स्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सख्त निर्देश दिये कि बैठक के दौरान स्ट्रीट वैण्डरों के साथ व्यवहार अच्छा रखा जाये। जिन नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायत मे सी0एच0सी0 की मरम्मत करानी हो, उनकी मरम्मत करायी जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ई-रिक्शा संचालकों का पंजीकरण कराते हुये रूट चार्ट निर्धारित किया जाये तथा उनको आई0डी0 कार्ड भी जारी किया जाये तथा ई-रिक्शा रूट चार्ट का निर्धारण कलर कोड के साथ किया जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि यदि कोई नाबालिक ई-रिक्शा संचालित करता पाये जाये तो वाहन स्वामियों पर कार्यवाही की जाये। उन्होंने टैक्सी स्टैण्ड के संचालन की स्थिति की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि स्थान का चिन्हीकरण करते हुये टैक्सी स्टैण्ड का संचालन सुनिश्चित किया जाये एवं उनको मूलभूत सुविधाएं मुहैय्या करायी जायें।

### डीएम साहब नजूल दस्तावेज देखे नपाप सीतापुर पहले ही कर चुकी है नजूल का सौदा

तेज तर्रार आईएएस अधिकारी राजागणपति आर ने नगर पालिका परिषदा सीतापुर सहित सभी परिषदों और निकायों की बैठक कर सख्त निर्देश लेकिन सीतापुर नगर पालिका परिषद में डीएम द्वारा दिये गये आदेशों पालन नही हो पाना संभव नही दिखाई दे रहा है। जिले की नगर पालिका सीतापुर और नगर पालिका खैराबाद दो ऐसी पालिकाएं थी जो नजूल भूमि से माला माल थी लेकिन दोनो पालिकाओं में नजूल भूमि का सौदा हो गया। सीतापुर नगर पालिका परिषद में सड़क के फुटपात से लेकर ग्रीन बेल्ट तक कब्जा या फिर सौदा हो गया। उदाहरण के तौर पर इलाबाद फील्ड के सामने हाल भी तैयार हुआ स्पर्श हास्पिटल से लेकर लालबाग, लालकपड़ा कोठी से लेकर पुलिस लाइन तक और ग्रीकंगज में एक सप्ताह पहले ही नगर पालिका ने नया शो रूम खुलासा दिया लालबाग से लेकर घण्टाघर और यही आंख अस्पताल रोड तथा लालकपड़ा कोठी से छोटा हनुमान मंदिर तक जितने भी शोरू रूम, हाई फाई व्यसायिक प्रतिष्ठान बने है किसी के पास पार्किंग नही है ग्राहको के वाहन सड़क पर खड़े होकर भीषण जाम की स्थित उत्पन्न कर रहे है ऐसे में जब नगर पालिका के जगह ही नही है तो न तो ई रिक्शा स्टैण्ड बन सकता है और न ही जाम की झाम को रोकने के लिये कोई उचित व्यवस्था की जा सकती है।

### व्यवस्था व्यवस्थित करने के नाम पर सिर्फ गरीबो को दिया जाता है उजाड़

नगर पालिका परिषद मे जब जब व्यवस्थित व्यवस्था की बात आई गरीबों को पर बुलडोजर चल गया। पहले अतिक्रमण के नाम पर राजाकालेज मैदान के पास स्थित भुर्जियों को उजाड़ दिया गया जबकि यहां पर एक स्पर्श हास्पिटल से लेकर एक लालकपड़ा कोठी और ग्रीकगंज तक सैकड़ो प्रतिष्ठिान नियम के विपरीत चल रहे है इनको नही उजाड़ा गया क्योकि गरीब है उसकी न तो पकड़ है और न ही वह विरोध का सकता है बस भगवान का सहारा लेकर यही कहता है हम तो चुप रहे लेकिन समय न्याय चक्र के साथ चलता है जैसा जिम्मेदार अफसरों द्वारा किया गया है समय एक न एक दिन वही उनको लौटा देगा यह सोचकर गरीब तसल्ली के सिवा और कुछ नही कर पा रहा है।

### काश डीएम साहब एक बार नगर पालिका के नजूल दस्तावेजों से जमीनी हकीकत का मिलान कर लेते

सांच को कभी आंच नही होता इसको साबित करते हुए अगर जिलाधिकारी डा.राजागणपति आर द्वारा नगर पालिका सीतापुर के दस्तावेजों का मिलान कर लिया जाये और उस मिलान के अनुसार जमीनी हकीकत को देखा जाये तो सांच को आचं नही होती कहावत सही होगी। नजूल भूमि घोटाले की सारी हकीकत उनके सामने आ जायेगी।

दस्तावेजों पर नक्शे है पार्किंग भी होती है लेकिन शो रूम और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के भवन में पार्किग है ही नही है लेकिन सब कागजो पर फिट है जमीनी जांच होनी चाहिए पूर्व में जब जब शिकायते हुई तो दस्तावेज पेश कर दिये गये दस्तावेज सही हो सकते है लेकिन भवन तो मानको और नक्शे के विपरीत बना है। नजूल दस्तावेजों की जाचं होते ही सारी हकीकत आइने के तरही साफ हो जायेगी अगर नजर सिविल लाइन ग्रीन बेल्ट पर दोड़ाई गई तो जिले के सबसे बड़े भूमाफिया का नाम भी आइने की तरह साफ हो जायेगा। लेकिन इस बैठक में लगता है जिलाधिकारी को दस्तावेजों का सहारा लेकर जमीनी हकीकत छिपाते हुए गुंमराह कर दिया गया है।

# बिल्हौर में जमीन जालसाज़ी का सनसनीखेज आरोप

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर। कानपुर नगर की बिल्हौर तहसील के अंतर्गत स्थित नानामऊ गांव से भूमि जालसाज़ी का एक गंभीर मामला सामने आया है। निशांत कुमार ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी कीमती कृषि भूमि (आराजी संख्या-502, रकबा 1.1850 हेक्टेयर), जो सरकारी राजस्व अभिलेखों में उनके नाम दर्ज है, को फर्जी तरीके से विक्रय अनुबंध के ज़रिये बेच दिया गया। पीड़ित का कहना है कि गांव निवासी अविरल सिंह ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर खुद को निशांत कुमार बताकर, अपनी फोटो पहचान-पत्र में लगाकर, भूमि का विक्रय अनुबंध अभिनव मिश्र के साथ संपन्न कर दिया। मामले में रौनक शुक्ला (निवासी शिवराजपुर) और स्थानीय निवासी रवि कुमार पर भी फर्जी गवाही देकर अनुबंध कराए जाने का आरोप लगाया गया है। अधिवक्ता द्वारा 03 दिसंबर को सब-रजिस्ट्रार कार्यालय बिल्हौर में निरीक्षण किए जाने के दौरान यह फर्जी बैनामा प्रकाश में आया, जिसके बाद पीड़ित ने तुरंत पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

निशांत कुमार ने बताया कि इस घटना से उन्हें न सिर्फ आर्थिक क्षति पहुंची है,

बल्कि वे गहरे मानसिक तनाव से भी गुज़र रहे हैं। उन्होंने दोषियों पर आईपीसी की धारा 419/ 420/ 467/ 468 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर भूमि अनुबंध निरस्त कराने की भी मांग की है।

## उरद मूंग तिल मूंगफली के 05 क्रय केन्द्र स्थापित

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** उप आयुक्त एवं उप निबन्धक सहकारिता ने अवगत कराया है कि जनपद सीतापुर में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत उरद मूंग तिल मूंगफली के 05 कय केन्द्र स्थापित किये गये है, जिनमें बी-पैक्स लि0 सूहेतारा सीतापुर मण्डी, बी-पैक्स लि0 कुतुबनगर मिश्रिख मण्डी, बी-पैक्स लि0 कमरसेजलालीपुर एट नेवादा, बी-पैक्स लि0 बसन्तापुर तम्बौर मण्डी तथा बी- पैक्स लि0 बेहटी मानशाह महमूदाबाद मण्डी शामिल हैं।उन्होंने जनपद सीतापुर के समस्त कृषको को सूचित किया है कि आप अपनी उपज सम्बन्धित संस्था पर विक्रय करें, जिससे आपको आपकी उपज का सही मूल्य प्राप्त हो सके। राज्य सरकार द्वारा उरद का एम0एस0पी0 मूल्य 7800 कु0, मूगफली का एम0एस0पी0 मूल्य 7263कु0 एवं मूंग का एम0एस0पी0 मूल्य 8768कु0 निर्धारित किया गया है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पांच दिवसीय एस्पोजर विजिट का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** शासन से ग्राम पंचायत मॉडल डिजिटल गवर्नेस स्वच्छता और ग्रामीण विकास कार्यक्रम देखने के लिये पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट का आयोजन दिनांक छः दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक महाराष्ट्र में चलेगा। जिसमें प्रतिनिधि महाराष्ट्र जायेगे। उक्त दौरे का उदेश्य महाराष्ट्र के क्षेत्र में अपनाये जा रहे सफल माडल और प्रथाओं का अध्ययन करना है जिससे इन पहुलओं को अपनाकर ग्राम प्रधान अपने क्षेत्रों में लागू कर सके उक्त क्रम में विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत हुसेनपुर कैमहरा के ग्राम प्रधान मिथिलेश कुमार जायेगे।

### सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों को नोटिस जारी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** स्थानीय नगर पंचायत ने जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग-24, हनुमान मंदिर के पास सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे पर नोटिस ठोका, वैसे ही अतिक्रमण कारी की टीन-शेड और बल्लियों की 卐चमक卐 एक झटके में फीकी पड़ गई। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी द्वारा जारी नोटिस में साफ कहा गया था कि अतिक्रमण तुरंत हटाएं, वरना नगर पालिका अधिनियम-1916 के तहत कार्रवाई तय है। नोटिस की प्रतिलिपि जिलाधिकारी सीतापुर एवं प्रभारी अधिकारी (स्था.नि.) ध् अपर जिलाधिकारी के पास पहुंची तो माहौल और गर्म हो गया। बस फिर क्याकृकार्रवाई के खौफ से अतिक्रमणकारी गुरुवार को खुद मिनी जेसीबी मोड में आकर कब्जा हटाने में जुट गए।

### जागरूकता शिविर कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जगदीश कुमार ने बताया कि दिनाँक 02.12.2025 को जिला ग्रामोद्योग कार्यालय जनपद-सीतापुर द्वारा तहसील बिसवां अन्तर्गत ब्लाक मुख्यालय बिसवां, सीतापुर में विपणन विकास सहायता कार्यकम (एस0सी0एस0पी0) के अन्तर्गत बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निर्मल वर्मा विधायक विधान सभा क्षेत्र बिसवां, खण्ड विकास अधिकारी बिसवां सुमित सिंह, मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम देख रहे। ओंकार प्रसाद गुप्ता, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्रजगदीश एवं कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पी0एम0ई0जी0पी0) एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एम0एम0जी0 आर0वाई0) एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना (एम0एम0 के0आर0वाई0) के बारे में विधिवत जानकारी दी गयी।

### सात दिसम्बर को मनाया जयेगा झण्डा दिवस

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर राजीव कुमार पाठक ने बताया कि विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी आगामी 07 दिसम्बर 2025 को सम्पूर्ण भारत वर्ष में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जायेगा। यह सर्व विदित है कि झण्डा दिवस के माध्यम से हम भूतपूर्व सैनिक एंव सेवारत सैनिकों तथा उनके परिवारों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते है तथा उनके परिवारों के कल्याणार्थ धन इकट्ठा करते है। प्रत्येक भारतवासी के लिए सशस्त्र सेना झण्डा दिवस एक पावन पर्व है। आप सभी से अपील करते है कि इस अवसर पर अपना सहयोग कर भूतपूर्व सैनिक एंव सेवारत सैनिकों तथा उनके परिवारों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए धन इकट्ठा करने में मदद करें।

## जांच के समय स्थानीय नागरिकों का लिया जायेगा फीड बैंक

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यों में तोड़ी गयी सड़कों की पुर्नस्थापना के भौतिक सत्यापन हेतु नामित अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी नामित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवंटित परियोजनाओं की पूरी शुद्धता के साथ गहन जांच की जाये तथा तकनीकी परीक्षण भी कराये जायें। उन्होंने कहा कि रिस्टोरेशन कार्यों की गुणवत्ता की जांच गहनतापूर्वक की जाये। सभी अधिकारी स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें एवं निरीक्षण के जी0पी0एस0 युक्त फोटोग्राफ एवं कार्यों के फोटोग्राफ सहित निरीक्षण आख्या प्रस्तुत करें।जिलाधिकारी ने कहा कि जांच के समय स्थानीय नागरिकों से भी फीडबैक लिया जाये। जलापूर्ति की स्थिति, पाईप लाइन बिछवानें की स्थिति, फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन की भी समस्त परियोजनाओं में जांच की जाये। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिये कि सभी जांच अधिकारियों को आवश्यक तकनीकी सहयोग भी उपलब्ध कराया जाये।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण ए0के0 त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दूसरे दिन भी जारी रहा पेपर मिल में श्रमिको/ कर्मचारियों का विशाल धरना प्रदर्शन

### सहायक श्रम आयुक्त के दिशा निर्देश पर श्रम विभाग की टीम के द्वारा प्रकरण की ली गई पूर्ण जानकारी





**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

जेबी दारूका पेपर मिल अड़बेनियाग्रण्ट थाना रामकोट तहसील सीतापुर के प्रबन्धक समिति के द्वारा श्रमिको को बिना सूचना के मिल बन्द व दो महीने से लगभग ढाई सौ श्रमिको/ कर्मचारियों का वेतन/ मजदूरी न दिये जाने को लेकर मिल गेट पर श्रमिक/ कर्मचारियों के द्वारा लगातार विशाल धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उक्त क्रम में दूसरे दिन भी श्रमिक/ कर्मचारी का धरन प्रदर्शन जारी रहा। कर्मचारियों द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 6 नवम्बर 2025 को एक मांगपत्र/ऐजण्डा प्रतिष्ठा के प्रशासक व महा प्रबन्धक को दिया गया जिसमें कार्यरत समस्त कर्मचारियों को दो माह अक्टूबर व नवम्बर का बकाया वेतन ग्रेज्युएटी व छः माह का मुआवजा वेतन का भुगतान करने हेतु धरना प्रदर्शन आज से प्रारम्भ किया गया है । श्रमिको ने यह भी अवगत कराया कि नई प्रबन्धक कमेटी के गठन के बाद पुनः दो माह बीत चुके है लेकिन श्रमिको / कर्मचारियों को अभी तक वेतन भुगतान नही दिया गया है न ही मिल समिति के द्वारा कोई स्थाई दिशा निर्देश दिये जा रहे है जिससे जहां एक तरफ हमारा भविष्य अंधकार मय है वही दूसरी तरफ हमारे परिवार में आर्थिक समस्याएं उत्पन्न हो रही है। यह विशाल धरना प्रदर्शन जारी किया गया है जो कि अनवरत चैबिसों घण्टे चलता रहेगा। उक्त अवसर पर धीरज श्रीवास्तव, अशोक सिंह, लल्लन सिंह, रामदीन, अरूण यादव, अखिलेश श्रीवास्तव, शत्रोहन लाल अनुज श्रीवास्तव, अतुल शुक्ला, आदि लगभग ढाई सौ श्रमिक/ कर्मचारी मौजूद रहे। जेबी दारूका पेपर मिल के श्रमिक/ कर्मचारियों के द्वारा दिये जा रहे धरना प्रदर्शन के सम्बन्ध में सहायक श्रम आयुक्त उमेश कुमार ने अवगत कराया किया कि श्रम विभाग की टीम के द्वारा धरना स्थल पर जाकर श्रमिको/ कर्मचारियों के मूल समस्याओं की जानकारी ली गई। जिस सम्बन्ध में धरना प्रदर्शन दिया जा रहा है।

हालांकि प्रकरण एनसीआरटी मे विवादित चल रहा है इस लिये श्रमिको की पूरी जानकारी श्रम विभाग द्वारा एकत्र कर उच्चाधिकारियों को भेजी जायेगी। जिससे भविष्य में श्रमिको/ कर्मचारियों का बकाया भुगतान आदि मुहैया कराया जा सके। जिला प्रशासन के द्वारा श्रमिको/ कर्मचारियों का भुगतान दिलाये जाने के लिये हर संभव प्रयास किये जायेगे।

# बार ने मनाई डॉ. प्रथम राष्ट्रपति जयन्ती



**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

बार एसोसिएशन सीतापुर द्वारा देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की जयन्ती को बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया गया कचहरी परिसर मे आयोजित संगोष्ठी में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम0ए0सी0टी0 ट्रिब्युनल के पीठासीन अधिकारी गुलामुल मदार मौजूद रहे साथ ही प्रभारी जनपद न्यायाधीश अपर जिला जज ज्ञान प्रकाशएवं अपर जिला जज महेन्द्र सिंह मोहम्मद शफीक, भगीरथ वर्मा, शैलेन्द्र कुमार वर्मा अवनीश कुमार, दिनेश कुमार नागर, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन मृत्युन्जय बख्स श्रीवास्तव व वरिष्ठ अधिवक्ता वी0के0 सिंह एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण की गरिमामयी उपस्थित रही कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी ने की एवं संचालन महासचिव दिनेश कुमार त्रिपाठी व उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार पाण्डेय (दीपक) ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर एसोसिएशन के पॉच वरिष्ठतम अधिवक्तागण भरत त्रिपाठी, रथपाल सिंह यादव, मो0 इलियॉस, फरहत अली, चन्द्रभाल को प्रसस्तिपत्र, प्रतीक चिन्ह व अंगवत्र भेंट कर उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही अधिवक्ता कल्याणकारी योजना अन्तर्गत अधिकतम वकालतनामा क्रय करके योगदान देने वाले तीन वरिष्ठ अधिवक्तागण रंजीत कुमार शुक्ला, अतीक खॉ,

विजय प्रताप सिंह एवं तीन कनिष्ठ अधिवक्तागण अनुराग श्रीवास्तव, अनुज कुमार, धीरेन्द्र कुमार वर्मा को प्रसस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुलामुल मदार ने देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के महान व्यक्तित्व को याद करते हुये उनके द्वारा देष व समाज को दिये गये योगदान से सभी को प्रेरणा लेने की बात कही।

कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या मे अधिवक्तागण मौजूद रहें।

## जमीन सौदे में विवाद रुपये लौटाने के बाद भी दुबारा मांगने का आरोप, ग्रामीण ने पुलिस से लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** थाना शिवराजपुर क्षेत्र में जमीन के सौदे को लेकर एक ग्रामीण ने दूसरे व्यक्ति पर जालसाजी और धमकाने का गंभीर आरोप लगाया है।पीड़ित का कहना है कि रुपये वापस करने के बावजूद आरोपी पुनः धनराशि की मांग कर रहा है और झूठे मुकदमे में फँसाने की धमकी दे रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम चकबांका निवासी नवीनचन्द्र कटियार ने अपनी पुत्री के विवाह हेतु धनराशि की आवश्यकता होने पर ग्राम सदिकामऊ निवासी शैलेश कुमार के साथ 33 लाख रुपये में अपनी आराजी का सौदा किया था। सौदे के दौरान शैलेश द्वारा एक लाख रुपये का बयाना चेक के माध्यम से दिया गया था।आरोप है कि इसके बाद शैलेश आराजी पर बाउंड्रीवाल बनाकर कब्जे का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर उसने सौदा रद्द कर दिया।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# हिंदुत्व के लिए घातक है सामाजिक विभेदीकरण

**सभी मनुष्य समान आनुवांशिक क्षमता के साथ जन्म लेते है। सामाजिक प्रस्थति, पर्यावरण और अवसर किसी व्यक्ति की क्षमता और दिशा को निर्धारित करते है। इसीलिए जातिगत श्रेष्ठता अथवा हीनता वैज्ञानिक रूप से असत्य और सामाजिक रूप से हानिकारक है। कालांतर में जब वर्ण व्यवस्था ने दूषित होकर जाति व्यवस्था का रूप ले लिया तो हिन्दू समाज में सामाजिक विभेदीकरण और जातिगत वैमनष्य उत्पन्न हो गया, जिसने ''हिन्दुत्व एकात्मता'' और हिन्दू समाज की समरसता को बहुत बुरी तरह से विकृत और विभेदीकृत किया।**

*अयं निजः परोवेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैवकुटुम्बकम् ॥ (महोपनिषद-4/71)अर्थात् ''यह मेरा है और वह पराया है, यह संकीर्ण सोच का लक्षण है। उदार दृष्टिकोण वाले लोग संपूर्ण पृथ्वी को अपना परिवार मानते हैं।'' भारत की महान 'हिन्दू संस्कृति का यह विचार भौतिक सीमाओं और भेदभाव से परे जाकर मानवता के लिए समानता, प्रेम और बंधुत्व की प्रेरणा देता है। सामाजिक समरसता का यह संदेश धार्मिक, जातिगत, भाषाई और सांस्कृतिक विविधताओं के बावजूद समाज को एकजुट करता है। हिन्दुत्व की मूल चेतना 'एकत्व' की है। हिन्दू धर्म एक ऐसा दर्शन है, जो संपूर्ण सृष्टि को एक ही चेतना का विस्तार मानता है। ''एक सद् विप्रा बहुदा वदन्ति'' से लेकर ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' तक, हिन्दू चिंतन का केन्द्र बिन्दु सदैव समता, करूणा, एकता और सामंजस्य रहा है। भारतीय संस्कृति के समस्त उपासकों को एक सूत्र में बांधने के लिए ''हिन्दू'' शब्द एकमात्र साधन है। हिन्दुत्व भारतीयता के मूल में है। भारतीय समाज में कितनी भी सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता हो, किन्तु इसका मूल स्वरूप हिन्दुत्व का ही है। भारत में रहने वाला प्रत्येक नागरिक चाहे वह किसी भी धर्म, वर्ण, जाति, समुदाय क्षेत्र या वर्ण का हो, वास्तव में वह हिन्दुत्व का ही अनुसरणकर्ता है। आसिन्धुसिन्धुपर्यंता यस्य भारतभूमिका।पितृभूः पुण्यभूश्चैव स वै हिन्दुरिति स्मृतः ।।अर्थात् सिंधु नदी से लेकर समुद्र पर्यंत तक की भारत भूमि जिसकी पैतृक संपत्ति और पवित्र भूमि हो, वही हिन्दू है। हिन्दुत्व के मूल में 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' और सामाजिक समरसता का भाव विद्यमान है। किन्तु जब इस व्यापक, समावेशी दर्शन और आध्यात्मिक एकात्मता पर सामाजिक विभेदीकरण, मानसिक संकीर्णता, जातिगत अहंकार और वर्ण व्यवस्था की कठोर और भ्रामक व्याख्याएं हावी हो जाती हैं, तो हिन्दुत्व का मूल चरित्र दूषित और मूल आत्मा अस्पष्ट होने लगती है। प्राचीन भारत में सामाजिक गतिशीलता और समाज के सुचारू संचालन के लिए 'वर्णव्यवस्था' नियत की गई थी, यह व्यवस्था मूलत गुण, स्वभाव और कर्म पर आधारित थी और इसका उद्देश्य समाज में कार्यों का योग्यता अनुसार विभाजन और सामाजिक संतुलन था। वर्णव्यवस्था जन्म आधारित श्रेणीकरण नहीं था, इसलिए कर्म के आधार पर इसमें उन्नति और अवनति हो सकती थी। गीता में श्री कृष्ण कहते है- चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः।तस्य कर्तारमपि मां विद्ध्यकर्तारमव्ययम्। (श्रीमद्भगवतगीता 4/17)अर्थात- प्रकृति के तीनों गुणों और उनसे संबंधित कर्म के अनुसार मेरे द्वारा मानव समाज के चार विभाग रचे गये हैं। अर्थात वर्ण निर्धारण का आधार जन्म नहीं बल्कि गुण और कर्म था। इसी प्रकार मनुस्मृति में भी कहा गया है- शूद्रो ब्राह्मणतामेति ब्राह्मणश्चैति शूद्रताम् 7क्षत्रियज जातमेवं तु विद्याद् वैश्यात् तथैव च 77 (मनुस्मृति 10/65)अर्थात् ''श्रेष्ठ और अश्रेष्ठ कर्मों के अनुसार शूद्र कुल में उत्पन्न बालक ब्राह्मण और ब्राह्मण कुल में उत्पन्न बालक शूद्र हो जाता है। इसी प्रकार क्षत्रिय कुल और वैश्य कुल में उत्पन्न बालक का भी वर्ण परिवर्तन भी समझना चाहिए।'' कुल मिलाकर प्राचीन वर्ण व्यवस्था कर्म के आधार पर निर्धारित एक सामाजिक संतुलन की उत्तम व्यवस्था थी। आधुनिक विज्ञान भी स्पष्ट रूप से स्थापित करता है कि, किसी भी जाति में जन्मजात श्रेष्ठता का कोई वैज्ञानिक आधार नही है।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

**कोषीय संरचना के साथ सिडबी के माध्यम से वैकल्पिक निवेश कोषों में निवेश करता है। वस्तुत इस प्रणाली में सरकार सीधे स्टार्टअप में निवेश नहीं करती, बल्कि बाजार-आधारित पेशेवर निवेश ढांचे को मजबूत बनाती है। निवेश की गुणवत्ता में सुधार और पेशेवर मूल्यांकन की संस्कृति ने भारत को वैश्विक निवेशकर्ताओं के लिए आकर्षक गंतव्य बनाया है। स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम ने उन स्टार्टअप्स के लिए जीवनरेखा का कार्य किया है जो अपने शुरुआती चरणों में धनाभाव का सामना करते हैं। अप्रैल 2021 में 945 करोड़ रुपये की संरचना के साथ शुरू हुई यह योजना देश भर के इनक्यूबेटरों के माध्यम से हजारों नए उद्यमों तक पहुँची है।**




डॉ. मयंक चतुर्वेदी

# भारत की आर्थिक रफ्तार में स्टार्टअप क्रांति ने लिख दी विकास की नई गाथा

**श्रम-सुधारों ने उत्पादन में दक्षता बढ़ाई, सेवाक्षेत्र की मजबूती ने आर्थिक स्थिरता दी और स्टार्टअप्स ने वह नवाचार शक्ति दी जिसने भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में नई ऊँचाई पर पहुँचा दिया। यही कारण भी है जो आज भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट बाजार, तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम और नए उद्यमों की संख्या के मामले में अग्रणी देशों में शामिल है। यह एक देश के रूप में भारत के लिए आर्थिक उपलब्धि तो है ही साथ में सामाजिक परिवर्तन का संकेत भी है।**

भारत 2025 के इस मोड़ पर एक ऐसे आर्थिक दौर से गुजर रहा है, जिसकी गति केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं मानी जा सकती है, वह उसके सामाजिक ढांचे और नवाचार संस्कृति में स्पष्ट दिखाई दे रही है। वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं, महंगाई के दबाव, भू-राजनीतिक तनाव और निवेश बाजारों की अस्थिरता के बीच भारत ने 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करके यह साबित किया है कि उसकी अर्थव्यवस्था अब किसी एक पहिए पर निर्भर संरचना नहीं है, कई आधारों पर चलने वाला मजबूत और संतुलित मॉडल बन चुकी है। वस्तुत विकास का यह नया चरण श्रम-सुधारों, उद्योगों में डिजिटलीकरण, उत्पादन बढ़ोतरी और सेवाक्षेत्र की स्थिर ऊर्जा से निर्मित हुआ है; किंतु इस समूचे परिदृश्य में जिस शक्ति ने भारत को अभूतपूर्व गति दी है, वह है देश का तेजी से उभरता स्टार्टअप इकोसिस्टम। उद्यमशीलता आज भारत में एक आर्थिक गतिविधि के साथ ही नई राष्ट्रीय चेतना का रूप ले चुकी है। यही कारण है कि उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा 31 अक्टूबर 2025 तक 1,97,692 स्टार्टअप्स को दी गई मान्यता आज भारत की नई आर्थिक संस्कृति की पहचान बन चुकी है। कहना होगा कि ये सभी स्टार्टअप्स जीएसआर अधिसूचना 127(ई) के तहत तय मानदंडों के अनुसार पंजीकृत हुए हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि स्टार्टअप की अवधारणा कागजी घोषणाओं तक सीमित नहीं रहेगी, वह वास्तविक नवाचार, उत्पाद-विकास और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने का आधार होंगे। यही कारण है कि 2016 में शुरू हुई स्टार्टअप इंडिया पहल हमें वर्तमान में एक राष्ट्रीय आर्थिक आंदोलन का रूप ले चुकने के रूप में दिखाई देने लगी है। अब इसे लेकर देश में विपक्ष द्वारा जो नकारात्मक माहौल बनाया जा रहा था, उसका भी जवाब संसद में वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा आ ही गया है, जिसमें उन्होंने साफ बताया है कि 31 अक्टूबर 2025 तक केवल 6,385 स्टार्टअप्स बंद श्रेणी में दर्ज हैं, जोकि एक सक्रिय और प्रतिस्पर्धी बाजार अर्थव्यवस्था की स्वाभाविक वास्तविकता है। यह भी एक तथ्य है, जिस पर सभी को गौर करना चाहिए कि दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका, यूरोप और एशिया के अन्य दशों में भी स्टार्टअप सफलता-दर 10-15 प्रतिशत से अधिक नहीं होती। भारत में यह स्थिति इसलिए भी संतुलित मानी जाएगी क्योंकि यहाँ नए स्टार्टअप्स के पंजीकरण का वेग और नवाचार का स्पेक्ट्रम दोनों वैश्विक औसत से कहीं अधिक है। भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि इसके पीछे एक संगठित और






**वास्तव में यह दृष्य अत्यधिक सुखद है, जिसमें विकास के अनेक अध्याय एक साथ लिखे जा रहे हैं। केंद्र में युवा ऊर्जा और नवाचार क्षमता है जो भारत को भविष्य की आर्थिक शक्ति में बदलने के लिए आज पूरी तरह से संकल्पित दिखती है।**

दूरदर्शी नीतिगत ढांचा मौजूद है। सरकार ने तीन प्रमुख योजनाओं फंड ऑफ फंड्स, स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम और क्रेडिट गारंटी स्कीम के माध्यम से स्टार्टअप विकास के अलग-अलग चरणों के लिए पूँजी, सुरक्षा और संरचनात्मक सहयोग उपलब्ध कराया है। फंड ऑफ फंड्स 10,000 करोड़ रुपये की कोषीय संरचना के साथ सिडबी के माध्यम से वैकल्पिक निवेश कोषों में निवेश करता है। वस्तुत इस प्रणाली में सरकार सीधे स्टार्टअप में निवेश नहीं करती, बल्कि बाजार-आधारित पेशेवर निवेश ढांचे को मजबूत बनाती है। निवेश की गुणवत्ता में सुधार और पेशेवर मूल्यांकन की संस्कृति ने भारत को वैश्विक निवेशकर्ताओं के लिए आकर्षक गंतव्य बनाया है। स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम ने उन स्टार्टअप्स के लिए जीवनरेखा का कार्य किया है जो अपने शुरुआती चरणों में धनाभाव का सामना करते हैं। अप्रैल 2021 में 945 करोड़ रुपये की संरचना के साथ शुरू हुई यह योजना देश भर के इनक्यूबेटरों के माध्यम से हजारों नए उद्यमों तक पहुँची है। भारत में आज जिस तेज गति से डीप-टेक, बायोटेक, क्लीन-टेक, एग्री-टेक और स्वास्थ्य-तकनीक आधारित स्टार्टअप उभर रहे हैं, उसका मूल बल इसी प्रारंभिक पूँजी-प्राप्ति के अवसरों में निहित है। क्रेडिट गारंटी स्कीम उन स्टार्टअप्स को बिना संपार्श्विक सुरक्षा के ऋण दिलाने का माध्यम बनी है, जिनके लिए पारंपरिक बैंकिंग संरचना तक पहुँचना सबसे कठिन होता है। अप्रैल 2023 से चालू इस योजना ने बैंकिंग प्रणाली को जोखिम-संतुलित ऋण देने के लिए प्रेरित किया है और हजारों स्टार्टअप्स को वित्तीय पहुँच प्रदान की है। यह परिवर्तन भारतीय बैंकिंग इतिहास में महत्वपूर्ण माना जाएगा क्योंकि यह छोटे उद्यमों के लिए क्रेडिट के नए रास्ते खोल रहा है। जब इन नीतिगत हस्तक्षेपों को भारत की 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि के साथ देखा जाता है तो यह साफ हो जाता है कि आर्थिक उछाल केवल उपभोग या निर्यात वृद्धि का परिणाम नहीं, यह तो केंद्र की मोदी सरकार की एक समन्वित नीतिगत मॉडल की उपलब्धि है। श्रम-सुधारों ने उत्पादन में दक्षता बढ़ाई, सेवाक्षेत्र की मजबूती ने आर्थिक स्थिरता दी और स्टार्टअप्स ने वह नवाचार शक्ति दी जिसने भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में नई ऊँचाई पर पहुँचा दिया। यही कारण भी है जो आज भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट बाजार, तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम और नए उद्यमों की संख्या के मामले में अग्रणी देशों में शामिल है। यह एक देश के रूप में भारत के लिए आर्थिक उपलब्धि तो है ही साथ में सामाजिक परिवर्तन का संकेत भी है, जिसमें कि युवा भारत अब रोजगार पाने से अधिक रोजगार पैदा करने को प्राथमिकता दे रहा है। सबसे उल्लेखनीय परिवर्तन यह है कि स्टार्टअप ऊर्जा अब कुछ महानगरों तक सीमित नहीं रही है, यह टियर-2 और टियर-3 शहर, विश्वविद्यालय परिसर, ग्रामीण नवाचार केंद्र और राज्य सरकारों की सक्रिय उद्योग-नीतियाँ से हुए हुए सर्वत्र व्याप्त हो चुकी है, कहना होगा कि ये सभी मिलकर आर्थिक समेकन की नई कहानी लिख रहे हैं। डिजिटल ढाँचे, यूपीआई, ओएनडीसी और सरकारी प्लेटफॉर्मों के विस्तार ने छोटे शहरों तक उद्यमशील अवसर पहुँचा दिए हैं। आज भारत विश्व अर्थव्यवस्था को नई गति दे रहा है और अपनी क्षमता का एहसास कराते हुए वैश्विक नेतृत्व की ओर दृढ़ता से कदम बढ़ा रहा है।

---



### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख ले, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 24:57 तक |
| नक्षत्रः | रोहिणी 11:46 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | सिद्ध, 08:02 |
| सूर्योदयः | 07:03 |
| सूर्यास्तः | 17:19 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 10:54-12:11 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:51-12:32 |

## जन एक्सप्रेस

### गर्म है बाज़ार !

*दे देंगे हम मौका ।*
*आओ तनिक पास ।।*
*होगी वही सीट ।*
*आपको जो रास ।।*
*मिल रहा है सुनने को ।*
*यही बार बार ।।*
*लगता चारा डाल कर ।*
*कर रहे तैयार ।।*
*पर आया जवाब भी ।*
*छोड़ें मेरा ध्यान ।।*
*करें खुद की चिंता ।*
*खतरे में निशान ।।*
*अब चुनावी मौसम का ।*
*गर्म है बाज़ार ।।*
*ऐंठ रहे हैं वो भी ।*
*बन चुके जो भार ।।*




- कृष्णेन्द्र राय

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# चिकन या मछली, प्रोटीन का सबसे अच्छा स्रोत कौन सा है?

**कई** बार लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है और ऐसा शरीर में प्रोटीन जैसे पोषक तत्वों की कमी के कारण हो सकता है। अक्सर शरीर में प्रोटीन की कमी होने के कारण लोगों को स्किन के खराब होने, बालों के झड़ने, बालों के कमजोर होने, नाखूनों के कमजोर होने, मूड खराब होने, कमजोरी होने और थकान होने जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। ऐसे में अक्सर लोगों को प्रोटीन से भरपूर चिकन और मछली जैसे फूड्स को खाने की सलाह दी जाती है, लेकिन कई बार लोगों के मन में सवाल आता है कि प्रोटीन की कमी को दूर करने के लिए चिकन या मछली क्या ज्यादा फायदेमंद है? डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन के अनुसार, चिकन और मछली दोनों ही प्रोटीन का एक अच्छा सोर्स है। प्रोटीन की कमी को दूर करने के लिए चिकन और मछली दोनों ही फूड्स को खाया जा सकता है। बता दें, चिकन में अच्छी मात्रा में प्रोटीन के साथ-साथ, जिंक, सिलेनियम और आयरन जैसे पोषक तत्व होते हैं। वहीं, मछली में प्रोटीने के साथ-साथ अच्छी मात्रा में ओमेगा-3 फैटी एसिड, कैल्शियम





और फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्व होते हैं, साथ ही, मछली पचाने में आसान होती है। अर्चना जैन के अनुसार, प्रोटीन की कमी को दूर करने के लिए डाइट में प्रोटीन से भरपूर फूड्स को डाइट में शामिल किया जा सकता है। इनसे प्रोटीन की कमी के कारण होने वाली परेशानियों से राहत देने में मदद मिलती है।

**दाल और फलियां खाएं:** प्रोटीन की कमी को दूर करने के लिए डाइट में मूंग, मसूर, चना, राजमा, लोबिया और अरहर जैसी दालों और फलियों को डाइट में शामिल किया जा सकता है। इनसे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाव करने में मदद मिलती है।

**डेयरी प्रोडक्ट्स लें:** प्रोटीन की कमी को दूर करने के लिए डेयरी प्रोडक्ट्स को डाइट में शामिल किया जा सकता है। प्रोटीन के लिए दूध, पनीर और दही जैसे फूड्स को खाना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं।

**नट्स और सीड्स खाएं:** प्रोटीन की कमी को दूर करने के लिए बादाम, कद्दू के बीज, अखरोट और चिया सीड्स जैसे नट्स और सीड्स को डाइट में शामिल किया जा सकता है। इनमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन होता है।

**अंडे खाएं:** अंडों को भी प्रोटीन का एक अच्छी सोर्स माना जाता है। इसका सेवन करने से शरीर में प्रोटीन की कमी को दूर करने और इसके कारण होने वाली परेशानियों को कम करने में मदद मिल सकती है।

**निष्कर्ष:** चिकन और मछली दोनों में अच्छी मात्रा में प्रोटीन होता है। ऐसे में प्रोटीन की कमी को दूर करने के लिए दोनों का सेवन किया जा सकता है। बता दें, मछली में अच्छी मात्रा में ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है, साथ ही, ये पचाने में भी आसान होती है। शरीर में प्रोटीन की कमी को दूर करने के लिए डाइट में दाल, फलियां, डेयरी प्रोडक्ट्स, अंडे, सीड्स और नट्स को भी शामिल किया जा सकता है। ध्यान रहे, प्रोटीन की कमी के कारण अधिक समस्याओं पर डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

---

### एक्सप्रेस विशेष

# मेजर पॉवर बड़ी उपलब्धि तो सुपर पॉवर बनना बड़ी चुनौती



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**ट्रंप की देशी विदेशी नीति के कारण अमेरिका के अंकों में गिरावट दर्ज की गई है। देखा जाए तो भारत की सैन्य क्षमता के साथ साथ इकोनोमी के क्षेत्र में क्षमता का तेजी से विकास हुआ है। रक्षा नेटवर्क के क्षेत्र में अभी बहुत कुछ किया जाना है।**

**आस्ट्रेलियाई** थिंक टैंक लोवी संस्था द्वारा जारी एशिया पॉवर इंडेक्स 2025 में भारत का मेजर पॉवर का दर्जा हासिल करना इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि भारत शक्तिशाली देशों की कतार में अमेरिका और चीन के बाद तीसरे पायदान पर पहुंच गया है। लोवी द्वारा जारी इंडेक्स में मेजर पॉवर का दर्जा हासिल करने वाला भारत एक मात्र देश है जबकि सुपर पॉवर के रुप में अमेरिका और चीन अपना दबदबा बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। हांलाकि भारत ने मेजर पॉवर का दर्जा हासिल कर लिया है पर सुपर पॉवर का दर्जा हासिल करने में अभी भारत को लंबा समय और कड़ी मेहनत व प्रयास करने होंगे। दरअसल 8 पेरामीटर्स में 100 में से 70 से अधिक अंक अर्जित करने वाले देश ही सुपर पॉवर की श्रेणी में आते हैं और अमेरिका इसमें 80.5 अंक प्राप्त कर सुपर पॉवर बना हुआ है वहीं चीन भी अमेरिका के पीछे पीछे 73.7 अंकों के साथ दूसरा सुपर पॉवर बना हुआ है। हांलाकि डोनाल्ड ट्रम्प के आने के बाद अमेरिका ने बहुत कुछ खोया है पर फिर भी पहला स्थान का ताज आने वाले सालों में भी छिनता हुआ नहीं लगता है। भारत ने अवश्य जापान को पछाड़ कर

**भारत का वैश्विक स्तर पर आत्मविश्वास बढ़ा है और इसी का परिणाम है कि भारत आज आंख से आंख मिलाकर बात करने और आंतरिक व बाहरी निर्णय लेने में सक्षम और स्वतंत्र देश के रुप में उभरा है। हालांकि भारत के सामने अभी चुनौतियां भी बहुत है। सबसे बड़ी चुनौती जो विषय से अलग हटकर है वह है हमारे ही लोगों द्वारा विदेशी मीडिया व विदेशी धरती पर देश की छवि खराब करना है।**

तीसरा स्थान बनाया है और 40 अंक प्राप्त कर मेजर पॉवर तो बन ही गया है। 40 या 40 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले देश मेजर पॉवर की श्रेणी में आते हैं और यह दर्जा प्राप्त करने वाला भारत अकेला देश बन गया है। एशिया प्रशांत के 27 देशों से शेष 23 देश मिडिल पॉवर व उससे नीचे की श्रेणी में हैं। हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान इस इंडेक्स में पहले दस में भी स्थान नहीं बना पाया है। पाकिस्तान सूची में 16 वें स्थान पर रहा है। निश्चित रुप से यह भारत के लिए बड़ी उपलब्धी और इंटरनेशनल जगत में भारत के बढ़ते दबदबे का स्पष्ट संकेत है। ऑपरेशन सिन्दुर और इससे पहले भी जिस तरह से भारत ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया है और इंटरनेशनल डिप्लोमेसी में भारत की अग्रगामी भूमिका तय की गई है उसका बड़ा प्रभाव पड़ा है। आर्थिक क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों ने इसे तीसरे पायदान पर लाने में खासी भूमिका तय की है। भारत आज दुनिया के देशों में बड़ी आर्थिक शक्ति के रुप में उभरा है और दुनिया के देशों में सबसे अधिक यानी कि विदेशी निवेश में भारत ने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। आस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी द्वारा 2018 से एशिया पॉवर इंडेक्स जारी करना आरंभ किया है। 2025 में एशिया पॉवर इंडेक्स का सातवां संस्करण जारी किया है। लोवी द्वारा 8 पेरामीटर्स के आधार पर अंक जारी किये जाते हैं। इसमें सैन्य क्षमता, रक्षा नेटवर्क, आर्थिक शक्ति, अन्य देशों के साथ आर्थिक संबंध, कूटनीतिक व सांस्कृतिक संबंध, लचीलापन, भविष्य के संसाधन आदि पेरामीटर्स के आधार पर 27 देशों का मूल्यांकन किया जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि ऑपरेशन सिन्दुर ने भारत की सैन्य शक्ति और ताकत से दुनिया के देशों को झकझोर कर रख दिया है। सैन्य संसाधनों में आज भारत आत्मनिर्भर होता जा रहा है। इसके साथ ही जिस तरह से भारत की इकोनोमी तेजी से आगे बढ़ती जा रही है उससे दुनिया के देशों में भारत ने अलग ही स्थान अर्जित कर लिया है। भारत में देसी-विदेशी विदेशी निवेश का जिस तरह का माहौल बना है और जिस तेजी से विपरीत वैश्विक हालातों के बावजूद और यहां तक कि ट्रंप की टैरिफ नीति के बावजूद भारत की अर्थ व्यवस्था व विकास का स्तर लगातार बने रहना बड़ी उपलब्धि है। ऑपरेशन सिन्दूर, आर्थिक क्षेत्र में बढ़ती साख, सैन्य क्षमता में बढ़ोतरी भारत की ताकत बन गई है। भारत के साथ सबसे बड़ी ताकत स्थिर और कड़े निर्णय लेने में भी सक्षम सरकार होना एक सकारात्मक पक्ष है तो दूसरी और जेन जेड और उसके बाद की जैनरेशन की बड़ी भूमिका हो गई है। आज तकनीकी रुप से भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत युवाओं का देश हो गया है। सैन्य क्षमता, कूटनीतिक प्रभाव, इकोनोमिक क्षमता और प्रौद्योगिकी, डिजिटलाइजेशन, कूटनीतिक और सांस्कृतिक रिलेशन आदि क्षेत्र में भारत ने पिछले साल की तुलना में अधिक अंक अर्जित किये हैं।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक-मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# प्राकृतिक खेती की ओर लौटता ग्रामीण भारत, मुख्य अतिथियों ने खेतों की तकनीकीयों को समझाया

## परमअक्रियधाम में 300 किसानों को मिला वैज्ञानिक प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार**





**पीलीभीत।** आधुनिक कृषि के बढ़ते खर्च, मिट्टी की बिगड़ती स्थिति और रसायनिक खेती से उपज रहे संकटों के बीच किसानों का रुझान एक बार फिर प्राकृतिक खेती की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसी दिशा में बुधवार को खमरिया पुल स्थित श्री परमअक्रियधाम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन लोकभारती के तत्वावधान में प्राकृतिक खेती पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीलीभीत सहित आसपास के क्षेत्रों के लगभग 300 किसान उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरी गंभीरता और उत्साह के साथ प्राकृतिक खेती की तकनीकों को समझा।लोकभारती के वरिष्ठ कार्यकर्ता संजय उपाध्याय ने प्राकृतिक खेती की भारतीय परंपरा, उसकी वैज्ञानिकता और वर्तमान कृषि संकट में उसकी उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी उन्होंने कहा प्राकृतिक खेती में रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता नहीं होती। एक देसी गाय के गोबर और गोमूत्र से तैयार जैविक उत्पादों की मदद से लगभग 30 एकड़ भूमि पर सफलतापूर्वक प्राकृतिक खेती की जा सकती है। देसी गाय का दूध और गोमूत्र मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है, जबकि विदेशी नस्ल की गायें कई बीमारियों की संवाहक मानी जाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल लागत कम करती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति, जलधारण क्षमता और फसल की गुणवत्ता को भी कई गुना बढ़ाती है। दूसरे वक्ता श्री किशन ने प्राकृतिक खेती को एक आर्थिक और सामाजिक क्रांति बताया। उन्होंने कहा कि रसायनमुक्त खेती किसानों को आत्मनिर्भर बनाती है और गांव, गाय व कृषि इन तीनों को जोड़कर ग्रामीण भारत की जड़ों को मजबूत करती है। उन्होंने कहा प्राकृतिक खेती केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि भूमि, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को संतुलित रखने की संपूर्ण व्यवस्था है। इससे भोजन शुद्ध होता है और लागत लगभग समाप्त हो जाती है।

एटा से आए प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षक बालमुनि ने किसानों को सभी प्रमुख जैविक घोलों की विस्तृत, चरणबद्ध विधि सिखाई। उन्होंने मौके पर ही जीवन अमृत, घनजीवामृत, बीजामृत एवं दश परिणी अर्क बनाने की प्रक्रिया प्रदर्शित की इस अवसर पर उन्होंने कहा ये जैविक घोल मिट्टी में लाभकारी जीवाणुओं को बढ़ाते हैं, जिससे धरती फिर से जीवंत हो उठती है। रासायनिक खेती के दुष्परिणामों से बचने के लिए प्राकृतिक खेती भविष्य का सुरक्षित विकल्प है। किसानों ने भी गहराई से सीखते हुए कई सवाल पूछे और अपनी जिज्ञासाएं शांत कीं। कार्यक्रम का संचालन बी.एल. गंगवार ने किया। आयोजन में लोकभारती के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

पूरा कार्यक्रम महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के आशीर्वाद से सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में लोकभारती के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ बांकेलाल, जिला संयोजक दुर्गा प्रसाद गंगवार,जिला सह संयोजक नागेंद्र प्रताप सिंह, दीपक अग्रवाल, सरवन जायसवाल, महेंद्र पाल, नंदलाल वर्मा, चंदन लाल वर्मा, हरेंद्र वर्मा, मनोहर लाल, कृष्णपाल, दिलसुख राम आदि अनेक गणमान्यजन एवं किसानों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। वहीं आज पूरे प्रशिक्षण के दौरान किसानों में विशेष उत्साह देखने को मिला।अनेक किसानों ने कहा कि बढ़ती लागत, कर्ज का दबाव और उत्पादन में गिरावट के बीच प्राकृतिक खेती उन्हें राहत दे सकती है। कई किसान प्रशिक्षण के तुरंत बाद अपनी जमीन पर इन विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित होते दिखे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल कृषि तकनीक का परिचय था, बल्कि किसान जीवन की दिशा बदलने वाला प्रेरणादायक प्रयास भी साबित हुआ। प्राकृतिक खेती के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र आत्मनिर्भर और पर्यावरण-सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ते दिखाई दे रहे हैं।

# करियर मेले में उमड़े सपनों के सैलाब

- सीडीओ अभिषेक कुमार ने दिखाई सफलता की राह, छात्रों में उमंग की नई लहर
- करियर मेले में छात्रों की भारी भागीदारी, ऑडिटोरियम रहा खचाखच भरा

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



सीडीओ

राजकीय आईटीआई के ओपन ऑडिटोरियम में गुरुवार को आयोजित जनपदीय कैरियर मेला युवा उम्मीदों का केंद्र बन गया। माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस मेले में जिले के हाई स्कूल और इंटरमीडिएट कॉलेजों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पहुंचे, जो अपने भविष्य को लेकर दिशा और विकल्प जानने को उत्सुक दिखाई दिए।

कार्यक्रम की सबसे खास बात रही मुख्य अतिथि सीडीओ अभिषेक कुमार का प्रेरक और प्रभावी मार्गदर्शन, जिसे सुनने के बाद न सिर्फ छात्रों की शंकाएं दूर हुईं, बल्कि उनमें नए आत्मविश्वास का संचार भी हुआ।

### अवसरों की कोई कमी नहीं, बस सही दिशा पहचानिए-

छात्रों को संबोधित करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि आज का दौर अवसरों का युग है। तकनीकी शिक्षा हो, आईटी सेक्टर, प्रतियोगी परीक्षाएं, कृषि आधारित रोजगार या स्टार्टअप हर क्षेत्र में सफल होने के अपार मौके मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि डर या दबाव में लिया गया करियर निर्णय गलत साबित होता है। लक्ष्य स्पष्ट रखें और तैयारी उसी दिशा में करें, यही सफलता की पहली सीढ़ी है। उनके इन शब्दों ने छात्रों पर गहरा असर छोड़ा और वातावरण में ऊर्जा का संचार कर दिया।

### सवाल-जवाब में दिखा छात्रों का उत्साह

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, स्किल कोर्स की उपयोगिता, रोजगार अवसर और सरकारी योजनाओं को लेकर सवाल पूछे।

सीडीओ ने सभी प्रश्नों के सरल और व्यवहारिक उत्तर दिए, जिससे छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा। कई छात्रों ने कहा कि पहली बार करियर की चिंता कम और दिशा ज्यादा साफ महसूस हुई।

इस कार्यक्रम में पीडी एसएन चौरसिया, डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद कुमार रावत, आईटीआई प्रधानाचार्य, जीआईसी प्रधानाचार्य डॉ जगत प्रकाश सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसमें जिले के सभी 55 राजकीय माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी, नोडल शिक्षक एवं प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# पीलीभीत-फर्जी कॉल सेंटर का पुलिस ने किया पर्दाफाश तीन लोग गिरफ्तार

## घुँघचाई पुलिस ने बरामद की भारी सामग्री, साइबर ठगी के कई मामले उजागर



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

थाना घुँघचाई पुलिस ने एक बड़े साइबर फ्रॉड गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए अवैध रूप से संचालित फर्जी कॉल सेंटर को पकड़ा। इस कार्रवाई में गिरोह के मुख्य सरगना अमृतपाल सिंह सहित धर्मेंद्र कुमार और प्रियांशु दीक्षित को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तीनों के कब्जे से 6 मोबाइल फोन, 2 लैपटॉप, नकद 59,500 रुपये, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, सिम कार्ड और विदेशी पहचान पत्र समेत अन्य महत्वपूर्ण सामान बरामद किया। जांच में सामने आया कि घुँघचाई क्षेत्र में गौरव शर्मा जनसेवा केंद्र / बीसी पॉइंट÷ के नाम पर फर्जी गतिविधियाँ चल रही थीं। कॉल सेंटर के माध्यम से लोगों को ऑनलाइन गेम (जैसे एवलिएटर, रम्मी) खेलने के लिए प्रेरित किया जाता था। प्रारंभ में खिलाड़ियों को छोटी जीत का लालच देकर विश्वास जीता जाता और फिर धीरे-धीरे उनके बैंक खातों से पूरी रकम निकाल ली जाती थी।मुख्य सरगना अमृतपाल सिंह ने पूछताछ में बताया कि वह वर्ष 2024 में दुबई गया था, जहाँ कॉल सेंटर में काम करते समय ऑनलाइन ठगी के तरीके सीखे। वापस आने के बाद उसने अपने साथियों धर्मेंद्र कुमार और प्रियांशु दीक्षित के साथ मिलकर घुँघचाई में फर्जी कॉल सेंटर शुरू किया।धर्मेंद्र गरीब और भोले-भाले लोगों के बैंक खाते और मोबाइल नंबर 5 प्रतिशत कमीशन पर गिरोह को उपलब्ध कराता था। वहीं, प्रियांशु मोबाइल दुकानों से एक ही पहचान पत्र पर दो सिम कार्ड निकालता और महंगे दामों पर गिरोह को बेचता था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक जयशंकर सिंह सहित विजयवीर सिंह, संदीप प्रताप, सन्नी आर्य, निशांत कुमार, शोभित कुमार, चिराग बालियान, संजीव कुमार और राहुल सर्विलांस सेल शामिल रहे। यह गिरफ्तारी साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस की सतत जागरूकता और कार्रवाई का परिणाम है। पीलीभीत में इस तरह के गिरोहों पर पुलिस की नजर कड़ी है और साइबर ठगी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### साइबर ठगी के कई राज्य से जुड़े मामले

पत्रकारों के समक्ष प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरोह के द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे बैंक खातों पर उड़ीसा, तमिलनाडु, बिहार, कर्नाटक और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज हैं। बरामद दस्तावेज़ों और खातों की गहन जांच की जा रही है ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया की अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। उन्होंने जनता से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि सिम कार्ड लेने समय दो बार अंगूठा न लगवाएँ,संचार साथी ऐप पर अपने आधार के आधार पर मोबाइल नंबरों की जांच करें,किसी को बैंक पासबुक, सिम कार्ड या खाता विवरण न दें।

# किसानों से करोड़ों की ठगी

## आढ़ती प्रियांशु अग्रवाल को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

किसानों से बड़ी ठगी करने के आरोप में बीते सप्ताह से चर्चाओं में रहे आढ़ती प्रियांशु अग्रवाल 34 वर्ष को सुनगढ़ी पुलिस ने टाइगर तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी वसुंधरा कॉलोनी का निवासी है और अपने परिवार के साथ दिवाली के आसपास फरार हो गया था। किसानों और आढ़तियों का आरोप है कि प्रियांशु अग्रवाल ने करोड़ों रुपये की ठगी कर कई परिवारों को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाया।

31 अक्टूबर 2025 को पीड़ित किसान संदीप कुमार, हरीश कुमार उर्फ मन्नू और अन्य ने थाना सुनगढ़ी में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि आढ़ती प्रियांशु अग्रवाल ने उनके धान की फसल खरीदी, लेकिन भुगतान नहीं किया। किसानों का आरोप था कि आरोपी ने रुपये देने में लगातार टालमटोल किया और अचानक आढ़त बंद कर फरार हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, संदीप कुमार ने 140 और हरीश कुमार ने 1280 कुंतल धान बेचने के बावजूद कोई भुगतान नहीं प्राप्त किया।

इस ठगी में आरोपी का मुनीम अरुण कुमार भी शामिल था। पीड़ितों का दावा है कि कुल मिलाकर लगभग आठ करोड़ रुपये की ठगी हुई है। शिकायत के आधार पर थाना सुनगढ़ी में मुकदमा संख्या 386/ 2025 धारा 316(2)/308(5) आईपीसी के तहत जांच शुरू की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को टाइगर तिराहे से दबोच लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में दावा किया कि ठगी की गई राशि खर्च हो चुकी है और उसने कुछ बड़े व्यापारियों और राइस मिलरों के नाम भी लिए हैं। अन्य आरोपी मुनीम की गिरफ्तारी के प्रयास अभी जारी हैं।

### प्रशासन और मंडी समितियों पर प्रभाव

इस मामले ने मंडी समितियों में पारदर्शिता और किसानों की सुरक्षा के महत्व को एक बार फिर उजागर किया है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि ठगी के मामलों में सतर्क रहना और किसी भी संदिग्ध लेन-देन से सावधान रहना आवश्यक है।सुनगढ़ी पुलिस ने मामले की जांच तेज करते हुए बाकी आरोपियों की धरपकड़ और आर्थिक लेन-देन की पुष्टि करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# पत्रकार को गिरफ्तार करने पर लामबंद हुए पत्रकार बैठे धरने पर



**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**

पसगवां कोतवाली पुलिस ने एक मीडिया कर्मी को अवैध खनन होने की जगह पहुंचकर शिकायत करने की शक में ससुराल जाते समय गिरफ्तार कर कोतवाली पर बैठा देने का आरोप लगाया मीडिया कर्मी लाम बंद हो गए जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को देते हुए पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए हैं।

जानकारी अनुसार बुधवार की रात पुलिस और तहसीलदार प्रशासन की सहभागिता से पसगवां क्षेत्र में अवैध खनन होने की भनक लगने पर मीडिया कर्मी ने खनन अधिकारी को शिकायत भी कई बार पहले भी दर्ज करा चुके हैं। मीडिया कर्मी के खनन स्थल पर जाने की भनक लगने पर हाईवे पर खजुआ मोड़ के पास दलबल के साथ पहुंच कर मीडिया कर्मी सार्वजनिक स्थल पर झाड़ा लेकर मोबाइल छीन लिया और पुलिस को हिरासत में दे दिया जिसकी भनक लगते ही कोतवाली पहुंच गये पुलिस ने अपने को घिरता देख 151 की कार्रवाई कर छोड़ने की बात कहने पर सभी भड़क गए और एसडीएम कार्यालय के बाहर पहुंचकर धरने पर बैठ गए

जिसमें तहसील संघ के अधिवक्ताओं ने समर्थन देकर धरने में सम्मिलित होकर तहसीलदार और इंस्पेक्टर पसगवां के खिलाफ कार्रवाई की मांग तेज कर दी हैं। पत्रकारों के धरना प्रदर्शन में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सहित सैकड़ों अधिवक्ताओं ने व्यापार मण्डल अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, सपा नगर अध्यक्ष इकरार खा, सपा नेता क्रांति कुमार सिंह ने भी धरने को अपना समर्थन दिया।


### चाचा-भतीजे की सड़क हादसे में मौत

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के गांव सौना खुर्द निवासी नितिन पुत्र मंजेश और उनके चाचा दीपक पुत्र रामनिवास की बुधवार रात दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर एक सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों गुड़गांव में बाइक राइडर थे और नितिन की बहन संध्या की वरीक्षा के लिए गुड़गांव से अपने घर लौट रहे थे।यह हादसा गजरौला के पास नेशनल हाईवे पर हुआ, जहां उनकी बाइक किसी अज्ञात वाहन से टकराकर गिर गई। पीछे से आ रहे एक ट्रक ने दोनों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को हाईवे से हटवाया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने मृतकों के नाम की पुष्टि की और बताया कि उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा गया है। पुलिस ने कहा कि तहरीर मिलने पर आगे की जांच और कार्रवाई की जाएगी। परिजनों को सूचना मिलने के बाद वे पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। जानकारी के अनुसार, नितिन की बहन की वरीक्षा गुरुवार को होनी थी, जिसकी सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। नितिन अपने पिता मंजेश के इकलौते पुत्र थे। दीपक के परिवार में उनकी पत्नी अर्चना और दो मासूम जुड़वा बच्चे आयुष व आयुषी लगभग 7 वर्ष हैं।

# देश का उभरता इको-टूरिज्म डेस्टिनेशन बन रहा उत्तर प्रदेश

- तीन वर्षों में 161 करोड़ रुपए खर्च, इको-फ्रेंडली सुविधाओं से बदल रही यूपी के जंगलों की तस्वीर

**जन एक्सप्रेस। सुनहरा**









लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश में वन्य जीव संरक्षण और इको टूरिज्म की तस्वीर तेजी से बदल रही है। दुर्लभ वन्य जीव प्रजातियों के सुरक्षित आवास, प्राकृतिक परिदृश्य का संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल पर्यटन सुविधाओं के विस्तार ने राज्य को प्रकृति प्रेमियों का नया पसंदीदा गंतव्य बना दिया है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि %वन, सिंचाई सहित अन्य विभागों से समन्वय कर पर्यटकों के लिए आकर्षक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। हमारा प्रयास वन्य जीव संरक्षण को सुदृढ़ करते हुए स्थानीय समुदाय को आजीविका के नए अवसरों से जोड़ना है। मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में गैंडा, बाघ, बारहसिंघा, घड़ियाल जैसे दुर्लभ वन्यजीव न सिर्फ सुरक्षित हैं, बल्कि उनके लिए वातावरण भी विकसित किया गया है। दुधवा, पीलीभीत, कतर्नियाघाट, अमानगढ़ और सोहगीबरवा जैसे वन क्षेत्र पर्यटकों को विशेष अनुभव प्रदान करते हैं। तराई, ब्रजभूमि, गंगा नदी का क्षेत्र, बुंदेलखंड और विंध्य वनक्षेत्र हर इलाके में जैव विविधता के संरक्षण और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर कार्य किया गया है।

### तीन वर्षों में 161 करोड़ रुपए खर्च

इको-टूरिज्म विकास बोर्ड ने पिछले तीन वर्षों में 161 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च कर विभिन्न प्राकृतिक स्थलों पर पर्यटन सुविधाएं विकसित की हैं। इनमें मार्ग सुधार, कैफेटेरिया, इको-फ्रेंडली विश्राम स्थलों, गजिबो, नेचर ट्रेल, बर्ड वॉचिंग स्थान और बच्चों के लिए खेलने के क्षेत्र जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इन सभी का विकास पर्यावरण-संवेदनशील तरीके से किया गया है, ताकि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हुए पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। पिछले तीन वर्षों में स्वीकृत परियोजनाओं में वर्ष 2022-23 में 21.04 करोड़ रुपए, वर्ष 2023-24 में 68.56 करोड़ रुपए तथा वर्ष 2024-25 में 72.30 करोड़ रुपए व्यय हेतु स्वीकृत किए गए। यह निरंतर बढ़ता निवेश राज्य की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करता है।

### जंगलों में बढ़ी वन्यजीवों की संख्या

वहीं, वन विभाग के सतत प्रयासों से वन्य जीवों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिली है, जिसने पर्यटकों को खासा आकर्षित किया है। वर्ष 2022 की वन्य पशु गणना रिपोर्ट वन्यजीव संरक्षण की सफल कोशिशों की पुष्टि करती है। आंकड़ों के अनुसार, दुधवा नेशनल पार्क में 65 हजार से अधिक, कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य में तकरीबन 12 हजार और बफर जोन में 14 हजार से अधिक वन्य प्राणी दर्ज किए गए।

इसी तरह, साल 2025 में उत्तर प्रदेश के संरक्षित क्षेत्रों में वन्य जीवों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार दुधवा टाइगर रिजर्व में वन्य जीव संख्या बढ़कर 1.13 लाख से अधिक, कतर्निया वन्य जीव प्रभाग में 17 हजार से अधिक और बफर जोन में करीब 15 से अधिक तक पहुंच गई। यह जैव-विविधता संरक्षण प्रयासों की दृष्टि से महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। वर्ष 2022 में दुधवा, कतर्निया और बफर जोन में गुलदार/तेंदुआ की संख्या 92 थी, जो 2025 में अभूतपूर्व रूप से बढ़कर 275 हो गई। वहीं, गैंडों की संख्या जहां पूर्व में 49 थी, वह 2025 में बढ़कर 66 हो गई है। वन्य जीवों की बढ़ती संख्या प्रदेश में संरक्षण प्रयासों के सकारात्मक परिणामों को दर्शाती है।

### विकसित यूपी ञ्च2047 की ओर बढ़े कदम

हाल ही में संपन्न 'विकसित उत्तर प्रदेश ञ्च2047' कार्यशाला में ईको-टूरिज्म को राज्य की भविष्य रणनीति का अहम आधार माना गया। वेटलैंड्स और वाइल्ड लाइफ जोन में हरित नेटवर्क विकसित करने, वन क्षेत्रों को प्लास्टिक-मुक्त बनाने और सतत पर्यटन मॉडल अपनाने की पहल के साथ ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उत्तर प्रदेश को प्रकृति-आधारित पर्यटन का नया प्रमुख गंतव्य बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इको टूरिज्म को गुणवत्तापूर्ण और समृद्ध अनुभव बनाने के लिए दुधवा, पीलीभीत और कतर्नियाघाट क्षेत्रों में नेचर गाइड्स को प्रशिक्षण दिया गया है।

थारू जनजाति को पर्यटन से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं। उनके पारंपरिक खानपान और संस्कृति को सैलानियों तक पहुंचाने की योजनाएं लागू हैं। साथ ही, स्थानीय निवासियों को होम स्टे विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों की आय बढ़े और पर्यटकों को स्थानीय जीवनशैली का वास्तविक अनुभव मिल सके।

उत्तर प्रदेश सरकार का प्रयास है कि वन्यजीव संरक्षण और इको-टूरिज्म एक-दूसरे के पूरक बनकर राज्य के समग्र विकास में योगदान दें। प्राकृतिक धरोहरों को सुरक्षित रखकर, स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाकर और पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देकर उत्तर प्रदेश आने वाले वर्षों में देश का प्रमुख इको-टूरिज्म हब बनने की दिशा में अग्रसर है।

### तालाब में जलकुंभी में फंसा मिला लापता युवक का शव तालाब

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

सदर कोतवाली जेल चौकी क्षेत्र के मोहल्ला नौरंगाबाद कब्रिस्तान के पास एक तालाब में गुरुवार सुबह करीब 8 बजे एक युवक का शव मिला। शव जलकुंभी के बीच फंसा हुआ था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद सदर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान नौरंगाबाद निवासी 35 वर्षीय टिंकू उर्फ मुनीश अली खान के रूप में हुई है। वह रघुनाथ हॉस्पिटल के पास टायर पंचर जोड़ने की दुकान चलाता था। उसके पिता का नाम यूनुस खान है। जानकारी के अनुसार, टिंकू की दो शादियां हुई थीं और दोनों पत्नियों का निधन हो चुका है। उसकी पहली पत्नी जाहिदा खान से एक बेटा और दो बेटियां हैं, जबकि दूसरी पत्नी अंन्सरी से चार वर्षीय बेटा अरमान है।परिजनों ने बताया कि टिंकू 1 दिसंबर की सुबह करीब 3 बजे घर से निकले थे और उसके बाद वापस नहीं लौटे। उनकी गुमशुदगी सदर कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। गुरुवार सुबह शव मिलने के बाद परिवार में शोक का माहौल है। मृतक की बहन नसरीन ने इस मामले में हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से गहन जांच की मांग की है।सदर कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि तालाब में शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। घटना के पीछे की वास्तविक वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई वाइक, पांच घायल

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** सड़क हादसे में पांच लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुलालपुर गांव निवासी प्रदीप अपने परिवार के चार अन्य सदस्यों के साथ पीलीभीत से दवाई लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी कार गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे से खलवली मच गई। इस हादसे में कार सवार प्रदीप,पांच वर्षीय प्रिंस,कुलदीप,राजेश और शिशुपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों के परिजनों को सूचित किया। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पूरनपुर कोतवाल पवन पांडेय ने बताया हादसे की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। हादसे में कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर में घुसकर दंपति सहित तीन को पीटा, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के जहूरगंज गांव निवासी महारानी देवी ने वताया कि उसकी गांव जहूरगंज निवासी कुछ लोगों से पुरानी रंजिश चल रही है। 28 नवबंर को रात करीव छह बजे गांव निवासी प्रेमशंकर, होरीलाल,शिवम पुत्र प्रेमशंकर और मालती देवी पत्नी प्रेमशंकर उनके घर पहुंचे। और गाली गलौज करना शुरु कर दिया।विरोध करने पर महिला को मारा पीटा। वचाने आए पति व बेटी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान महरानी देवी के हाथ में चोट आई। बीच-बचाव करने आए उनके पति गेंदन लाल के सिर में गंभीर चोट लगी, जबकि उनकी बेटी कामनी देवी के बाएं कंधे पर भी चोटें आईं। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि मारपीट का विरोध पर करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी।महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने जहूरगंज गांव निवासी प्रेमशंकर, शिवम और मालती के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी संजय यादव ने वताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई है।

### अर्चना मजूमदार ने की जनसुनवाई

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी पहुंची, जहां उन्होंने कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जनसुनवाई की। इस दौरान राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी, सीएमओ डॉक्टर संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी अमित राय, डीपीओ लवकुश भार्गव, भारत प्रसाद सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे।राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित इस जनसुनवाई के दौरान महिलाओं की 94 शिकायतों का अनुश्रवण किया गया। संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं। सदस्य अर्चना मजूमदार ने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग का लक्ष्य देश की प्रत्येक महिला को न्याय, सम्मान और समान अवसर दिलाना है। राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर सुनकर उनका समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से आयोग सीधे उन महिलाओं तक पहुँच रहा है, जो किसी कारणवश अपनी शिकायत उच्च स्तर तक नहीं पहुँचा पातीं।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने कन्या जन्मोत्सव में नवजातों को दिया आशीर्वाद

- गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, शिशुओं का अन्नप्राशन और सुरक्षा किट वितरित

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**



राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने आज महिला जिला अस्पताल में आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने अस्पताल में जन्मी नवजात कन्याओं को आशीर्वाद देते हुए उनके स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म पूरी कर उन्हें स्वस्थ गर्भावस्था एवं सुरक्षित प्रसव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इसके साथ ही नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार सम्पन्न कराया गया तथा अस्पताल में जन्मी कन्याओं को सुरक्षा किट प्रदान की गई। सुरक्षा किट में आवश्यक शिशु देखभाल सामग्री शामिल थी, जिससे माताओं को शुरुआती दिनों में सहायता मिल सके। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी विस्तार से दी। उन्होंने मुख्यमंत्री मातृत्व योजना, जननी सुरक्षा योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, पोषण अभियान सहित अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की उपयोगिता बताई और महिलाओं से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। महिला आयोग अध्यक्ष ने अस्पताल प्रशासन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में कन्या जन्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य व कल्याण की कामना की और कहा कि महिला सम्मान और सशक्तिकरण से ही समाज का विकास संभव है। इसके उपरांत महिला आयोग अध्यक्ष ने जिला महिला अस्पताल के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीके भिटौरिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला अस्पताल डॉ. एसके पाल, कार्यक्रम अधिकारी शरद अवस्थी सहित आदि मौजूद रहे।

## कृषि भूमि, घर हड़पने के मामले में कोर्ट के आदेश पर चार नामजद

**कालपी (जालौन)।** फर्जीवाड़ा करके कृषि भूमि व घर को हड़पने के मामले में वादी की शिकायत पर न्यायालय के आदेश पर चार नामजद लोगों के खिलाफकालपी कोतवाली में सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कराया गया है। पुलिस इस मामले की विवेचना करने में जुट गई है। वादी सलमान पुत्र स्वर्गीय अफसान निवासी मोहल्ला राम चबूतरा राजेपुरा कालपी ने अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि आरोपियों परवीन बानो निवासी ग्राम मशवर मु. इकबाल, मु. इरफान, मु. अहसान, निवासीगण मोहल्ला राजेपुरा कालपी को नामजद किया गया है। वादी सलमान ने अवगत कराया है कि प्रार्थी की पिता अफसान की मृत्यु 4 अक्टूबर 2024 को हुई थी। स्वर्गीय एहसान के नाम ग्राम लंगरपुर तथा आलमपुर मौजे में कृषि योग्य भूमि तथा कालपी नगर में एक रिहायशी मकान था। प्रार्थी की मां कनीजा फातिमा की मृत्यु हो चुकी थी। ऐसी स्थिति में अपने पिता का एकमात्र वारिस होने के आधार पर प्रार्थी का नाम अभिलेखों में दर्ज हुआ। आरोपियों ने फर्जी कागजात तैयार करके षड्यंत्र के तहत कूट रचित दस्तावेज तैयार कर हड़पने की साजिश की है। न्यायालय के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दिया तथा विवेचना उप निरीक्षक सुरेश चंद्र को सौंपी गई है।

# छूटे स्नातक मतदाता 16 दिसंबर तक अपना नाम शामिल करायें : राठौर

- 2022 या उसके पूर्व के स्नातक मतदाता सूची में हो सकते सम्मिलित
- मतदाता सूची में सम्मिलित होने हेतु हमेशा भरना पड़ता है नया फॉर्म

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**



वर्ष 2026 में स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रकाशन 2 दिसम्बर 2025 को हो चुका है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए प्रदेशीय शिक्षक नेता एवं कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सह संयोजक अशोक राठौर उरई जालौन ने अवगत कराया कि स्नातक क्षेत्र की मतदाता सूची में सम्मिलित होने हेतु जिन लोगों ने 6 नवम्बर 2025 तक ऑनलाइन या ऑफ्लाइन आवेदन किया था उनकी सूची 2 दिसम्बर 2025 को प्रकाशित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अभी भी 2022 या उससे पहले के स्नातक योग्यताधारी समस्त लोगों से अनुरोध है कि वह प्रकाशित सूची का अवलोकन कर लें तथा मतदाता सूची में नाम सम्मिलित न हो तो नवीन सिरे से निर्धारित फार्म (प्रारूप-18) भरकर उसमें पासपोर्ट साइज का एक फोटो, आधार एवं स्नातक के फाइनल ईयर का अंक पत्र या प्रमाण पत्र की अटेस्टेड कापी लगाकर अपने पते से संबंधित तहसील या ब्लाक में 16 दिसम्बर 2025 तक फार्म जमा कराएं। किसी भी जानकारी के लिए पार्टी पदाधिकारियों या व्यक्तिगत हमारे मोबाइल नम्बर 9415592020 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रथम चरण के बाद दावा एवं आपत्ति के रूप में चलने वाले इस द्वितीय चरण में 2 दिसम्बर से 16 दिसम्बर 2025 तक आफ्लाइन फॉर्म जमा कर मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित करने हेतु आवेदन जरूर करें अभी आन-लाइन साइट बन्द चल रही है। ज्ञात रहे कि इस वोटर लिस्ट में शामिल होने हेतु व्यवसाय या उम्र की कोई बाध्यता नहीं होती। वह किसान, मजदूर, रोजगार-बेरोजगार या नौकरी पेशा या किसी भी व्यवसाय में हो, नया आवेदन कर वोटर लिस्ट में शामिल हो सकता है।

# दहेज लोभी ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न में अभियोग दर्ज

**जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)**

पांच लाख रुपए नगद एवं चार पहिया गाड़ी के रूप में अतिरिक्त दहेज मांगना ससुरालीजनों को महंगा पड़ गया। नवविवाहिता की शिकायत पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ कालपी कोतवाली में दहेज उत्पीड़न अधिनियम के अंतर्गत अभियोग दर्ज कराया गया है।

उक्त प्रकरण में वादिनी सरिता पुत्री रामस्वरूप निवासी ग्राम धमना कालपी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थनी की शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार 27 अप्रैल 2022 को जगमोहन पुत्र महिपत निवासी ग्राम टेरका मोठ जिला झांसी के साथ संपन्न हुई थी। प्रार्थनी के पिता ने उपहार स्वरूप अपनी समर्थ के मुताबिक साढ़े सात लाख रुपए नगद 50 ग्राम सोने के जेवरात वह गृहस्थी का सामान दिया था शादी में करीब 20 लख रुपए खर्च किया था। वादिनी ने आरोप लगाया की शादी के विदाई होकर ससुराल गई तो प्रार्थना के पति जगमोहन व ससुर सौतेली नन्द लोगों ने अतिरिक्त दहेज के रूप में कार तथा 5 लाख रुपए की मांग की। प्रार्थी के पारिवारिकजन जब अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न कर सके तो उक्त ससुरालीजनों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। ससुरालजनों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी तथा प्रार्थनी के आभूषण छीन लिए तथा घर से निकालकर धमकी दी कि हम तुमको नहीं रखेंगे।

# ग्रामीण खेल लीग खेलकूंद प्रतियोगिता का विधायक ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । माधौगढ़ (जालौन)**



जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी राजीव कुमार उपाध्याय एवं युवा कल्याण क्षेत्रीय अधिकारी पंकज कुमार शिवहरे ने जानकारी देते हुये बताया कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा, विधानसभा माधौगढ़ ग्राम बंगरा में खेल प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय इण्टर कालेज बंगरा का विधायक मूलचंद्र निरंजन ने शुभारंभ किया।

खेलकूंद प्रतियागिता में स्कूलों के छात्र छात्राओं ने जूनियर हाईस्कूल, इंटर के छात्र छात्रायें माधौगढ़ से बुंदेलखंड इंटर कॉलेज के एनसीसी के छात्रों ने विधायक मूलचंद्रं निरजन का स्वागत सलामी देकर किया (लेफ्टिनेंट) उदय प्रताप सिंह उर्फ (शैलू) भदौरिया इस खेल स्पधों मे पीटी द्वारा निर्णय पूर्वक खेलों को खिलाया गया खेल जैसे कवड्डी, एथलेटिक्स, वॉलीबाल, कुश्ती, पेटलिफ्टिग एवं बैडमिंटन विद्यालयों के जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग में बालक, बालिका श्रेणी में कराया गया। खेल प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने पर विधायक मूलचंद निरंजन ने खिलाड़ियों को टी-शर्ट प्रमाण पत्र शील्ड गोल्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान युवा कल्याण विभाग से मोहन सिंह यादव, प्रकाश सिंह कुशवाहा, राजेश आर्य, रोहित खरे, बृजेंद्र सिंह नरेंद्र सिंह, लक्ष्मी शंकर, संतोष, सुरेंद्र, धीरेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे। विधायक प्रतिनिधि महेश कुमार पतराही मंडल अध्यक्ष, रामू तिवारी प्रधान प्रतिनिधि, विनय प्रताप सिंह प्रधान प्रतिनिधि, विनय तिगुनायक, मंडल अध्यक्ष कमलेश जाटव, महामंत्री प्रधान प्रतिनिधि राघवेंद्र प्रधान सर्र, सुभाष कुमार प्रधान प्रतिनिधि, सुशील गड़ेरना, दीपू कुरसेड़ा, छोटू मई, जगजोर सिंह मई समस्त क्षेत्र से आए हुए खिलाड़ी एवं दर्शक मौजूद रहे।

# नगरवासी मिलकर कालपी की गौरवशाली परंपरा को कायम रखें

**जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)**

आगामी 6 दिसंबर को दृष्टिगत रखते हुए सीओ अवधेश कुमार सिंह की मौजूदगी तथा उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मौजूद गणमान्य नागरिकों ने कई मुद्दों पर चर्चा की। गुरुवार को कोतवाली कालपी के सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि कालपी नगरी में सद्भाव की गौरवशाली परंपरा कायम रही है। इसी परंपरा को हम सभी लोग आगे बढ़ते रहे। को अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि अब 6 दिसंबर का दिन इतिहास बन चुका है। इसलिए इस पर कोई कार्यक्रम नहीं हो रहे हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्माण दिवस पर 6 दिसंबर को कालपी से अंबेडकरवादी लोग शांति पूर्वक लखनऊ रवाना होंगे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने संचालन करते हुए कहा कि क्षेत्र में अमन शांति को बनाए रखने के लिए जनता का सहयोग रहता है। इसलिए सभी लोग सहयोग करें। वरिष्ठ उप निरीक्षक उदय प्रताप सिंह, कमर अहमद, सलीम अंसारी, शिव बालक सिंह यादव, पप्पू सभासद, कपिल शुक्ला सभासद, लालू सभासद, हर्ष विश्नोई, हाफिज दावर रजा, दीपक शर्मा आदि गणमान्य नागरिकों ने विचार व्यक्त किए।

## किसान पराली गौशालाओं में देकर गोबर की खाद प्राप्त करें : डीएम

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** स्वामी विवेकानन्द सभागार में डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में फसल अवशेष प्रबन्धन योजना की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गांवों में किसानों को पराली न जलाने हेतु जागरूक करें और उन्हें बताये कि वह खेत की पराली गौशालाओं में देकर गोबर की खाद प्राप्त करें और उसे खेतों में डाले जिससे खेत की उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी तथा किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

उन्होने कहा कि शासन की मंशानुसार एफपीओ एवं एफपीओ के सदस्य कृषकों को एग्रीग्रेटर के रूप में अनुदान पर पराली फसल अवशेष प्रबन्धन हेतु कृषि यंत्र उपलब्ध कराये तथा कस्टम हॉयरिंग सेंटर की स्थापना हेतु कृषक उत्पादक संगठन का पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण करायें।

बैठक में डीडी कृषि, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहें।

## बकाया विद्युत बिल वसूली करने गयी टीम पर हमला, जेई ने थाने पर दी तहरीर



**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**

हरपालपुर बुधवार को थाना क्षेत्र के महितपुर गांव में बिजली बिल वसूली करने गयी टीम पर गाली गलौज कर हमले के उद्देश्य से ग्रामीणों ने दौड़ा लिया।जेई ने थाने पर घटना की तहरीर दी हैं।तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार विद्युत उपकेंद्र पलिया के अवर अभियंता सजीव कुमार चंद्रा ने हरपालपुर थाने में दी गयी तहरीर में कहा है कि बुधवार को थाना क्षेत्र के महितापुर गांव में टीजी टू सतीश कुशवाहा,लाइनमैन रोहित,मीटर रीडर राहुल,मनोज सर्वेंद्र कुमार के साथ बकाया वसूली संबंधी कार्य किया जा रहा था। जिसमें गांव निवासी आदिल पुत्र रोष मोहम्मद समेत चार अज्ञात लोग से बिल भुगतान के लिए कहा गया तो आरोपियों ने जेई व बिजली कर्मियों के साथ अभद्रता की गई।जिसका विरोध करने पर आरोपी समेत अज्ञात चार लोगो ने कर्मचारियों को मारपीट करने के उद्देश्य से दौड़ा लिया।थाने पहुंचे अवर अभियंता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।तहरीर के आधार पर पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई हैं।हरपालपुर के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया है कि तहरीर के आधार पर पूरे मामले की जांच करवाकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## कोटक म्यूचुअल फंड एनुअल आउटलुक 2026 : ट्रेंड के चलते बढ़ेगी कंपनियों की कमाई

**आगरा।** (कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड/कोटक म्यूचुअल फंड) ने अपना मार्केट आउटलुक 2026 जारी किया। इस रिपोर्ट में आने वाले साल में भारत की आर्थिक स्थिति और उन अहम निवेश थीम पर विस्तार से जानकारी दी गई है, जो वित्तीय बाजारों को प्रभावित कर सकती हैं। रिपोर्ट में शेयर बाजार, फिक्स्ड इनकम और थीमेटिक सेक्टर्स में मौजूद अवसरों की बात की गई है, साथ ही वैश्विक व घरेलू ट्रेंड को समझने पर जोर दिया गया है, जिन पर निवेशकों को नजर रखनी चाहिए। कोटक महिंद्रा एएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा कि, वित्त वर्ष 2026 में इक्विटी से मिलने वाला रिटर्न कंपनियों की कमाई में बढ़ोतरी पर निर्भर रहेगा। उम्मीद है कि भारतीय कंपनियां वित्त वर्ष 2027 में डबल डिजिट की मजबूत अर्निंग दिखाएंगी। इसी मजबूती के कारण विदेशी निवेशक भारत में निवेश बढ़ा सकते हैं, जिससे बाजार में लिक्विडिटी (तरलता) बनी रहेगी। उनका कहना है कि, मिड कैप शेयरों के लार्ज कैप और स्मॉल कैप शेयरों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने की संभावना है।

# ग्राम प्रहरी दल के साथ रात्रि चौपाल, सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

सर्दियों में जनपद में अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर कोतवाली शहर क्षेत्रांतर्गत ग्राम प्रहरी दल के सदस्यों के साथ रात्रि चौपाल आयोजित की गई। इस दौरान ग्रामीणों को सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक उपायों, विशेषकर सीसीटीवी कैमरे और ग्राम स्तर पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।चौपाल में पुलिस टीम ने बताया कि ठंड के मौसम में चोरी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, ऐसे में गांवों में निगरानी प्रणाली मजबूत रखना आवश्यक है। ग्रामीणों को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना पुलिस को देने की अपील की गई।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर भी मौजूद रहे और उन्होंने ग्राम प्रहरी दल के साथ समन्वय बढ़ाने, नियमित गश्त तथा सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

## कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन - आनंदना और 'से अर्थ' के संयुक्त प्रयासों से ब्रज के पवित्र किशोरी कुंड को किया गया पुनर्जीवित

**मथुरा।** कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन-आनंदना ने %से अर्थ% के साथ मिलकर बरसाना के नजदीक पिसावा गांव के पवित्र किशोरी कुंड को पुनर्जीवित किया है। वर्षों तक सीवेज के बहाव और कचरा जमने के कारण यह कुंड अपने वास्तविक स्वरूप को खो चुका था। अब समाज के प्रयासों और रीस्टोरेशन के वैज्ञानिक तरीकों की मदद से इसे पुनर्जीवित किया गया है। सरकार के जल समृद्ध भारत मिशन के अनुरूप इस पहल से स्थानीय स्तर पर जल सुरक्षा की स्थिति मजबूत हुई है, इसका ऐतिहासिक महत्व बढ़ा है और स्वच्छ एवं सम्मानजनक तरीके से पानी तक लोगों की पहुंच बेहतर हुई है। वर्षों से किशोरी कुंड की स्थिति बहुत खराब थी। बहते नालों और इसमें गिरने वाले कचरे के कारण इसका जल सांस्कृतिक एवं पर्यावरण की दृष्टि से उपयोगी नहीं रह गया था। स्थानीय निवासी और मंदिर के कर्मी कहते हैं कि कुंड की आध्यात्मिक महत्ता खो गई थी और यह पक्षियों, अन्य जानवरों व आसपास के लोगों के लिए भी असुरक्षित बन गया था। 'से अर्थ' और आनंदना ने साथ मिलकर 18,000 वर्ग मीटर के किशोरी कुंड का मूल्यांकन किया और ग्राम पंचायत, जिला प्रशासन एवं स्थानीय लोगों के साथ मिलकर इसे रीस्टोर करने की बड़ी योजना तैयार की।

## पुनरीक्षण कार्य पूर्ण करने बाले बीएलओ को डीएम ने प्रदान किये प्रमाण-पत्र



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

विगत दिवस देर सांय जिलाधिकारी अनुनय झा ने मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रक्रिया में तहसील सदर की विधान सभा 157 गोपामऊ बूथ संख्या-304 व 313 पर कार्यरत बीएलओ/सुपरवाइजर सर्वेश राजवंशी तथा बूथ संख्या-194 व 203 पर कार्यरत बीएलओ/लेखपाल राजीव लोचन पंत द्वारा शतप्रतिशत पुनरीक्षण कार्य पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर सीडीओ सान्या छाबड़ा,एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# सीएनजी बस में अचानक लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



संडीला में नेशनल हाइवे पर सड़क के किनारे खड़ी एक निजी सीएनजी बस में अचानक आग लग गयी।और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया जिससे निजी बस जलकर खाक हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गुरुवार को संडीला कस्बे में पावर हाउस के सामने नेशनल हाइवे- 731 पर संडीला से मल्लावां मार्ग पर चलने बाली एक निजी सीएनजी यात्री बस में अचानक आग लग गयी।बताया जा रहा है कि बस सड़क के किनारे खड़ी थी कि अचानक उसमें आग लग गयी।फिलहाल आगजनी की घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार शार्ट सर्किट से निजी बस में आग लगने की आशंका है।फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## ऑटो चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**जनएक्सप्रेस/शाहाबाद।** पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम गौहनिया निवासी युवक को टक्कर मारकर घायल करने के मामले में पत्नी की लिखित तहरीर के आधार पर ऑटो चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घायल की पत्नी सरिता के अनुसार उसका पति सर्वेश कुमार 27 अक्टूबर की शाम को उसका पति पिहानी से सुधीर पुत्र राजाराम निवासी बझेहरा के ऑटो पर बैठकर गांव आ रहा था। ऑटो चालक ने शराब के नशे में तेज रफ्तार ऑटो चलाकर लड़की भरी ट्राली में टक्कर मार दी।जिससे उसका पति घायल हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ऑटो चालक के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम 6 दिसम्बर को सण्डीला व 20 दिसम्बर को सवायजपुर में सुनेंगे शिकायतें

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया है कि माह दिसम्बर 2025 में 06 दिसम्बर 2025 को तहसील सण्डीला आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा तथा शाहाबाद में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में, बिलग्राम में अपर जिलाधिकारी वि0एवंरा0 की अध्यक्षता में, सवायजपुर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में और तहसील सदर में नगर मजिस्टेउट की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि इसी तरह 20 दिसम्बर 2025 को तहसील सवायजपुर में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा तथा शाहाबाद में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बिलग्राम में अपर जिलाधिकारी वि0एवंरा0 की अध्यक्षता में, सण्डीला में अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में तथा तहसील सदर में नगर मजिस्टेउट की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा तथा अन्य तहसीलों में उनके द्वारा नामित अधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सहित तहसील, ब्लाक, नगर पालिका/नगर पंचायत तथा थाना स्तरीय अधिकारियों द्वारा भाग लिया जायेगा।

# डीएम का डोर-टू-डोर सत्यापन, मतदाताओं से किया सीधे संवाद

## योग्य मतदाता सूची से बाहर न रहें, एसआईआर फॉर्म भरने की अपील

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रगति का स्वयं आकलन करने के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं। शुक्रवार को उन्होंने विशेष पहल करते हुए नगरपालिका परिषद महराजगंज के पिपरदेऊरा क्षेत्र में पहुंचकर डोर-टू-डोर मतदाताओं से एसआईआर फॉर्म जमा कराने की स्थिति जानी और उन्हें मतदाता सूची पुनरीक्षण के प्रति जागरूक किया।

पिपरदेऊरा वार्ड के 09 मतदान केंद्रों में से बूथ संख्या 167, 168, 169, 170, 171 और 172 में क्रमशः 59.03, 69.56, 72.25, 64.54, 58.91 और 50.96 प्रतिशत डिजिटाइजेशन हुआ था, जो कि जनपद के औसत से कम पाया गया। इसी को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर एसआईआर प्रक्रिया की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया। सत्यापन के दौरान अधिकांश मतदाताओं ने बताया कि उन्होंने अपने एसआईआर फॉर्म जमा कर दिए हैं। जिलाधिकारी ने घर-घर बातचीत कर यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक पात्र मतदाता को फॉर्म भरने की सही जानकारी उपलब्ध कराई जाए और कोई भी मतदाता प्रक्रिया से वंचित न रहे। उन्होंने टीम को निर्देशित किया कि जिन घरों में फॉर्म नहीं भरे गए हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए फॉर्म भरवाए जाएं।

मतदाताओं से संवाद करते हुए जिलाधिकारी श्री शर्मा ने कहा, लोकतंत्र में मत का अधिकार अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करना हम सबकी जिम्मेदारी है कि कोई भी योग्य मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। एसआईआर फॉर्म भरना केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक सहभागिता का आधार है।÷ उन्होंने अपील की कि जिन्होंने अब तक अपना फॉर्म नहीं जमा किया है, वे शीघ्रता से इसे भरकर निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग दें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे कम डिजिटाइजेशन वाले बूथों का भी दौरा किया और बीएलओ व संबंधित कर्मचारियों से अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि अभियान की गति तेज की जाए तथा प्रतिदिन फॉलोअप कर घर-घर पहुंचकर एसआईआर फॉर्म जमा कराए जाएं। उन्होंने कहा कि जिन घरों से गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, वहां बीएलओ कम से कम तीन बार अवश्य संपर्क करें। नायब तहसीलदार ने बताया कि कई मतदाता अपने मूल स्थान पर पंजीकरण कराना चाहते हैं। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ऐसे मामलों का कारण दर्ज किया जाए और अधिकतम मतदाताओं से संपर्क सुनिश्चित किया जाए।

### ऑपरेशन कार-ओ-बार के तहत शराबियों पर पुलिस की सख्ती

**जन एक्सप्रेस/सोनौली/महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सोनौली पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर कार में बैठकर शराब पीने वालों के खिलाफ बड़े स्तर पर शिकंजा कस दिया है। 'ऑपरेशन कार-ओ-बार' के तहत हर शाम विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि सड़कों के किनारे या सार्वजनिक जगहों पर वाहनों को शराबखोरी का अड्डा बनाना न सिर्फ कानूनन अपराध है, बल्कि इससे सड़क हादसों की संभावनाएं कई गुना बढ़ जाती हैं। ऐसे में लापरवाही करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। नियम तोड़ने वालों पर ताबड़तोड़ चालान, जुर्माना और कानूनी प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। चेकिंग अभियान में कोतवाल सोनौली अजीत प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी नवनीत नागर, एसआई प्रिया तिवारी सहित पुलिस टीम के कई जवान शामिल रहे। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे शराब पीकर वाहन न चलाएं और न ही सार्वजनिक स्थानों को बार में तब्दील करें। पुलिस का साफ कहना है कानून व्यवस्था बनाए रखना सिर्फ पुलिस की नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इसलिए नियमों का पालन अनिवार्य है, वरना कार्रवाई तय है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल, एक युवक की मौत




**जन एक्सप्रेस । प्रापगगढ़**

जिले के देहात कोतवाली थाना इलाके में लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार लीलापुर थाना क्षेत्र के अजगरा रानीगंज बाजार निवासी सुनील साहू अपने दोस्त संजय वर्मा और मनीष के साथ बुधवार देर रात बाइक से मोहनगंज की ओर जा रहे थे। जैसे ही लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर देहात कोतवाली थाना इलाके के मादूपुर गांव के समीप पहुंचे ही थे कि किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य दो की हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने इलाज के लिए प्रयागराज रेफर कर दिया। एसओ पुष्पराज सिंह ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन को चिह्नित किया जा रहा है।

### जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले के कधंई थाना इलाके के बिबिया करन पुर गांव निवासी संदीप तिवारी तथा शैलेन्द्र तिवारी के बीच जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। बुधवार की सुबह सात बजे शैलेन्द्र तिवारी के घर में सभी लोग शादी की तैयारियों में व्यस्त थे। आरोप है कि उसी बीच संदीप तिवारी के परिवार की तरफ से हमला कर दिया गया जिसमें दोनों पक्ष की तरफ से चार लोग घायल हो गए। तीन की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। अक्टूबर महीने में जमीन की पैमाइश के दौरान भी तहसीलदार व पुलिस के सामने दोनों पक्ष आपस में मारपीट किये थे [उस दौरान स्थानीय पुलिस द्वारा दोनो पक्षों का शांति भंग में चालान किया गया। दो महीने बाद उसी जमीन को लेकर बुधवार को दोबारा मारपीट दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमलावर हो गए और मारपीट की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनो पक्षों के खिलाफ चौकी प्रभारी दीवानगंज दीपक कुमार की तहरीर पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में चौकी प्रभारी दीवानगंज दीपक कुमार ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने को तैयार दोनों पक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

# राष्ट्रीय टीकाकरण उत्सव पर नई सीएचसी का लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



राष्ट्रीय टीकाकरण उत्सव के अवसर पर महराजगंज सदर क्षेत्र को नई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की सौगात मिली। रविवार को आयोजित भव्य समारोह में भाजपा के जिला महामंत्री ओमप्रकाश पटेल ने फीता काटकर और बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर केंद्र का शुभारंभ किया।

उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति रही। अपने संबोधन में ओमप्रकाश पटेल ने कहा कि नई सीएचसी का निर्माण क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत लाभदायक साबित होगा। इससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी और नियमित टीकाकरण अब और अधिक सुगम होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार 'सबको स्वास्थ्य' के संकल्प को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रही है।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. नवनाद प्रसाद, डॉ. केपी सिंह, डॉ. नीरज लाल, यूनिसेफ के राहुल कुमार, सूर्यप्रताप सिंह और आशुतोष त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि नई सीएचसी के शुरू होने से अब क्षेत्र के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। स्थानीय लोगों ने भी सीएचसी के शुभारंभ पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता में सुधार होगा।

### स्कूली बसों पर पुलिस की सख्ती, चला चेकिंग अभियान

**नौतनवा/महराजगंज।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात पुलिस ने नौतनवा क्षेत्र में स्कूली बसों का सघन चेकिंग अभियान चलाया। सुबह से लेकर स्कूल छुट्टी तक चले इस अभियान में दर्जनों बसों की फिटनेस, बीमा, लाइसेंस, सीसीटीवी, फायर सेफ्टी, गैस किट व फर्स्ट एड बॉक्स सहित सभी तकनीकी मानकों की जांच की गई।

पुलिस ने चालकों को निर्धारित सीटिंग क्षमता का पालन करने, गति सीमा में वाहन चलाने तथा बसों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी व सेफ्टी उपकरण लगाने के निर्देश दिए। कई बसों में कमियां मिलने पर चालकों के खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा पर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# अभ्युदय कोचिंग कक्षाओं के शुरू होने में तेजी लाएं: डीएम

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को अभ्युदय योजना के तहत ह्श्वश्वज्ञ एवं छ्वश्वश्व कोचिंग कक्षाओं के संचालन संबंधी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अभ्युदय योजना को ग्रामीण एवं वंचित वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण कोचिंग उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवश्यक औपचारिकताएं तुरंत पूरी करते हुए कक्षाओं का संचालन शीघ्र प्रारंभ किया जाए, ताकि विद्यार्थियों का समय व्यर्थ न हो।

जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि अभ्युदय कक्षाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाए। विद्यालयों में पोस्टर, नोटिस बोर्ड, सोशल मीडिया तथा सभाओं के माध्यम से अधिक से अधिक छात्रों को योजना से जोड़ने पर बल दिया गया।

उन्होंने कोचिंग कक्षाओं को पूर्णतः रिजल्ट ओरियंटेड बनाने पर जोर देते हुए कहा कि विषय विशेषज्ञ नियमित कक्षाओं के साथ साप्ताहिक परीक्षण, प्रगति विश्लेषण तथा विद्यार्थियों की व्यक्तिगत शैक्षणिक आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दें। साथ ही उपस्थिति, अध्यापन गुणवत्ता और प्रदर्शन की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी विपिन कुमार यादव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्लाक प्रमुख ने तीन दिवसीय मेले का फीता काटकर किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के पट्टी तहसील अंतर्गत मदाफरपुर में लगने वाले तीन दिवसीय ऐतिहासिक मेले का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। मेले का शुभारंभ मंगरौरा विकास खण्ड के ब्लाक प्रमुख राजीव प्रताप सिंह उर्फ नंदन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मेला आयोजक व ग्राम प्रधान मदाफरपुर विपिन जायसवाल उर्फ सोनू ने अतिथियों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। तीन दिवसीय मेले में पहले दिन ही इलाके के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर स्थानीय पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात रही। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि मेला लगने से ग्रामीणों को गृहस्थी के सारे जरूरी सामान एक ही जगह मिल जाते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा बच्चा साहू ने पचासों वर्ष पूर्व इस मेले की आधार शिला रखी थी। वह परंपरा आज भी कायम है जो अपने आप में सराहनीय है। यह मेला स्थानीय दुकानदार, कारीगर और कृषि यंत्र निर्माण करने वाले उद्यमियों को रोजगार के अवसर देता है। आयोजक ग्राम प्रधान विपिन कुमार सोनू जायसवाल ने मेले में आए दुकानदारों से ग्राहकों की सेहत को ध्यान में रखकर खाने पीने की चीजों में सावधानी बरतने की अपील की। इस दौरान सोनू जायसवाल के साथ ब्लाक प्रमुख ने पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण भी किया। मेले में बच्चों और महिलाओं ने झूलों का लुफ्त उठाया। साथ ही ग्रामीणों ने जरूरत के सामान की खरीददारी की। सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी टप्पेबाजों और उच्चकों पर निगाह रखे रहे। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री के मीडिया प्रभारी विनोद पांडेय, सदर विधायक के मीडिया प्रभारी अरुण कुमार मौर्य, राजेश जायसवाल, शैलेन्द्र जायसवाल, अरविन्द कुमार उर्फ पप्पू सेठ, अरुण प्रताप सिंह उर्फ विशाल सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पच्चीस हजार का इनामिया गैंगस्टर चढ़ा पुलिस के हत्थे, भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले की महेशगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित व पच्चीस हजार के इनामिया अभियुक्त जैद उर्फ राजा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया अभियुक्त जैद उर्फ राजा कंधई थाना इलाके के रामपुर कुर्मियान का निवासी है। इनामिया अभियुक्त के विरुद्ध थाना बाघराय में गौवध अधिनियम, पशु क्रुरता अधिनियम, गैंगस्टर जैसे गंभीर अपराध पंजीकृत हैं। एसपी के निर्देशन में थाना प्रभारी महेशगंज राधेश्याम व उनकी पुलिस टीम ने वांछित आरोपियों की तलाशी के दौरान मुखबिर की सूचना पर पच्चीस हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त जैद उर्फ राजा को महेशगंज थाना इलाके के पूरे धुन्नू (लालापुर बार्डर) के पास से गिरफ्तार किया। साथ में रज्जन राव चौकी प्रभारी ताला व उनकी टीम भी शामिल रही।

# अपराधियों पर शिकंजा: ऑपरेशन दस्तक के तहत हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में पुलिस ने अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए एक विशेष अभियान %ऑपरेशन दस्तक% शुरू किया है। एसपी के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में शातिर अपराधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस थानों में बुलाकर हिस्ट्रीशीटरों और संदिग्ध अपराधियों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। उनके पिछले रिकॉर्ड की जांच के साथ-साथ उन्हें कड़ी चेतावनी दी जा रही है कि अपराध में लिप्त पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने अपराधियों को समाज की मुख्यधारा में वापस लौटने की सलाह भी दी है। ऑपरेशन दस्तक के माध्यम से अपराधियों पर प्रभावी निगरानी स्थापित कर अपराध नियंत्रण को सुदृढ़ बनाने का उद्देश्य है। यह सिस्टम पुलिस को अपराधियों की गतिविधियों पर त्वरित एवं तकनीकी नियंत्रण प्रदान करता है जिससे भविष्य में किसी भी अपराध की स्थिति में उनकी पहचान एवं ट्रैकिंग में महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी। मालूम हो कि अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस ने कई स्तरों पर कार्रवाई तेज कर दी है। इसमें रात्रि गश्त बढ़ाना, संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच, और अपराधियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी शामिल है। एसपी दीपक भूकर का कहना है कि जनपद को अपराधमुक्त बनाने के लिए यह अभियान और अधिक प्रभावी तरीके से चलाया जाएगा। वहीं पुलिस ने आम जनता से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय थाने को दें। जिससे पुलिस को मदद मिल सके।यह सिस्टम पुलिस को अपराधियों की गतिविधियों पर त्वरित एवं तकनीकी नियंत्रण प्रदान करता है जिससे भविष्य में किसी भी अपराध की स्थिति में उनकी पहचान एवं ट्रैकिंग में महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी। मालूम हो कि अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस ने कई स्तरों पर कार्रवाई तेज कर दी है। इसमें रात्रि गश्त बढ़ाना, संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच, और अपराधियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी शामिल है। एसपी दीपक भूकर का कहना है कि जनपद को अपराधमुक्त बनाने के लिए यह अभियान और अधिक प्रभावी तरीके से चलाया जाएगा। वहीं पुलिस ने आम जनता से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय थाने को दें। जिससे पुलिस को मदद मिल सके।

# महिला का मोबाइल छीनकर बाइक सवार फरार, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के नगर कोतवाली थाना इलाके के बाबागंज स्थित स्नेह होटल के समीप बुधवार रात ड्यूटी से घर लौट रही एक महिला से मोबाइल छीनने का मामला सामने आया है। इस घटना में महिला घायल भी हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। मिली जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली थाना इलाके के एक गांव निवासी एक महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए कहा है कि बुधवार देर रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे ड्यूटी से अपने घर ई-रिक्शा से लौट रही थी। जैसे ही वह जीजीआईसी कालेज के सामने पहुंची ही थी कि एक बाइक सवार अज्ञात व्यक्ति पीछे से आया और उसका मोबाइल छीन कर भागा जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गिर गई जिससे उन्हें चोटें आई। महिला का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से उसके और पति के बीच विवाद चल रहा है। जिसके सम्बन्ध में सारे सबूत उस मोबाइल में ही थे। महिला ने शक जाहिर किया है कि उसके साथ उसके पति ने ही ये घटना करवाई है। फिलहाल महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर कोतवाल सुभाष कुमार यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला का उसके पति से विवाद चल रहा है। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही हर पहलुओं से घटना की जांच की जा रही है।

### दुष्कर्म मामले में बाल अपचारी पुलिस हिरासत में

**देवरिया।** जनपद में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत बघौचघाट थाना पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में नामजद किशोर को हिरासत में ले लिया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को एक बाल अपचारी ने थाना क्षेत्र में बेटी के घर रह रही एक मंदबुद्धि महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में महिला के परिजनों ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और मामले की जांच तेज कर दिया। जांच के दौरान पुलिस ने बुधवार को बाल अपचारी को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि नामजद बाल अपचारी को बुधवार को हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसके खिलाफ नियमानुसार आगे की विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 343 जोड़ों ने लिए सात फेरे

## 333 हिन्दू व 10 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले में रविवार को राजकीय इण्टर कालेज परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत 343 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। सरकार की महत्वकांक्षी योजना समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 333 हिन्दू जोड़े एवं 10 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। सभी शादियां अपने रीति रिवाज के अनुसार हुई हिंदू धर्म की शादी वेद मंत्रों के उच्चारण के माध्यम से व मुस्लिम शादियां निकाह के माध्यम से संपन्न की गई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, डीएम शिव सहाय अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, एडीएम आदित्य प्रजापति, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह सहित अन्य अतिथियों ने नव दांपत्य जोड़ों को आर्शीवाद दिया। सदर विधायक ने सभी जोड़ो को बधाई देते हुये समाज कल्याण विभाग द्वारा किये गये भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की बेटियों को परिणय सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों का आज उन्हीं के रीति रिवाज के साथ विवाह को सम्पन्न कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिये वरदान साबित हो रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने सभी जोड़ों को बधाई दी और कहा कि सभी नव दांपत्य जोड़े एक दूसरे के साथ मिलकर खुशी से अपना जीवन यापन करें। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के उपरान्त सभी जोड़ो व उनके परिवार लोगों ने भोजन ग्रहण किया और अपने-अपने घरों से लिये प्रस्थान किये।

# शाहगंज महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

## 587 जोड़ों ने रचाई नई जीवन की शुरुआत, मंच से गूंजा विकास व कल्याण का संदेश



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

तहसील शाहगंज स्थित ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित दो दिवसीय शाहगंज महोत्सव का शुभारम्भ मंगलवार को बड़े हर्षोल्लास और भव्यता के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति, विधायक शाहगंज रमेश सिंह, पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह, पूर्व सांसद कुवर हरिवंश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

### अतिथियों का भव्य स्वागत

महोत्सव स्थल पर पहुँचे सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इसके बाद अतिथियों ने मिशन शक्ति स्टॉल का निरीक्षण किया और विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

### सामूहिक विवाह बना आकर्षण, 587 जोड़ों का विधिपूर्वक विवाह

महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहा सामूहिक विवाह समारोह। 631 पंजीकरण में से 587 जोड़ों का विधि-विधानपूर्वक विवाह सम्पन्न कराया गया। मंत्री, विधायक और अन्य गणमान्य अतिथियों ने नवविवाहित द्ध्रश्वड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी मंच से सम्मानित किया गया।

### गरीबों के कल्याण के प्रति कटिबद्ध है सरकार – धर्मवीर प्रजापति

अपने संबोधन में धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि सरकार गरीब परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कराने के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने आवास, गैस, शिक्षा, आयुष्मान कार्ड व सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार आमजन को अधिक से अधिक राहत दे रही है।

### महोत्सव की सफलता पर विधायक ने दी बधाई

विधायक रमेश सिंह ने शाहगंज महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व सहयोगी संस्थाओं को धन्यवाद दिया।

### जोड़ों की पहचान बायोमेट्रिक से- डॉ.दिनेश चन्द्र

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से सामूहिक विवाह योजना में जोड़ों की पहचान बायोमेट्रिक विधि से सुनिश्चित की गई है। उन्होंने स्वयं को 'बेटियों का अभिभावक' बताते हुए कहा कि हर जोड़े को एक पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत गणना प्रपत्र भरने की भी अपील की।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। कलाकारों की प्रस्तुति पर दर्शक मंत्रमुग्ध होते रहे।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, उपजिलाधिकारी कुणाल गौरव, पीडी के.के. पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी नीरज पटेल, बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र विश्वकर्मा सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आम नागरिकों की व्यापक सहभागिता रही।

# शाहगंज महोत्सव में आधी रात तक भोजपुरी सुरों की धुन पर झूमे श्रोता

### गंगा आरती के साथ हुआ सांध्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज़



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

नगर में आयोजित सांध्य सांस्कृतिक समारोह में भोजपुरी संगीत का अनूठा समागम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत पावन गंगा आरती के साथ हुई, जिसके बाद माहौल पूरी तरह भक्तिमय रंग में रंग गया। आरती समाप्त होते ही मंच पर शुरू हुआ सुरों का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। कार्यक्रम में भोजपुरी गायक आस्था सिंह और अरविंद अकेला भजन गायक विराट द्विवेदी ने एक से बढ़कर एक लोकगीत और आधुनिक भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति दी। उनकी मोहक आवाज़ और लयबद्ध संगीत पर श्रोता देर रात तक थिरकते रहे। लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति पर दर्शक कई बार तालियों और हूटिंग से कलाकारों का उत्साह बढ़ाते दिखे। भीड़ इतनी उमड़ी कि आयोजन स्थल में देर रात तक उत्साह और सांस्कृतिक रौनक बनी रही। सुरों और ताल से सज रहा यह संगीत समारोह स्थानीय नागरिकों के लिए अविस्मरणीय यादें छोड़ गया।

# फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने वाला अन्तरराज्यीय गैंग धरा

### जौनपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई पांच सदस्य गिरफ्तार, नौ मोबाइल और चार लैपटॉप बरामद

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जलालपुर–जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्रों की फर्जीबाड़ी कर आम लोगों से मोटी रकम ऐंठने वाले अन्तरराज्यीय गैंग का जौनपुर पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने गैंग के पाँच सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 09 एंड्रायड मोबाइल और 04 लैपटॉप बरामद किए हैं। गैंग बिहार, यूपी और दिल्ली-एनसीआर तक फैला था और पंचायत पोर्टल की आईडी हैक कर फर्जी दस्तावेज तैयार करता था।

मामला तब सामने आया जब असबरनपुर निवासी रतन कुमार ने 22 नवंबर 2025 को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी का जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के लिए दिए गए दस्तावेजों के आधार पर विजय यादव नामक युवक ने फर्जी प्रमाणपत्र थमा दिया। ष्टस्ह्र ऑफिस से सत्यापन कराने पर जालसाजी का खुलासा हुआ। जांच में पता चला कि विनय यादव नामक व्यक्ति के गिरोह ने मिलकर यह फर्जीवाड़ा किया है।

शिकायत के आधार पर मु.अ.सं. 426/2025 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) क्चहृस् व 66ष्ठ आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दो टीमों ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। पहली टीम ने नहोरा सई नदी के पास से अंकित यादव और राजकुमार उर्फ विक्की को तीन मोबाइल व एक लैपटॉप सहित गिरफ्तार किया। दूसरी टीम ने बाकराबाद हाईवे तिराहे से राशिद, राजीव कुमार और अभिषेक गुप्ता को छह मोबाइल व एक लैपटॉप के साथ दबोचा।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पंचायत आईडी का पासवर्ड ट्रायल के जरिए प्राप्त कर ठ्ठ4ष्ठद्गह्यद्म पर स्क्रीन शेयरिंग से सिस्टम एक्सेस करते थे और सरकारी पोर्टल से फर्जी प्रमाणपत्र तैयार करते थे। गिरफ्तार अभिषेक गुप्ता पर साइबर क्राइम उन्नाव में भी मामला दर्ज है।

पुलिस टीम में उ.नि. मोहन प्रसाद, उ.नि. अनिल तिवारी सहित साइबर क्राइम जौनपुर की टीम शामिल रही। पुलिस अब गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

# तीसरी बार बसपा जिलाध्यक्ष बने जय हिन्द गौतम



जन एक्सप्रेस। बस्ती

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती ने संगठन को और मजबूती देने के उद्देश्य से जय हिन्द गौतम को तीसरी बार बसपा जिलाध्यक्ष नामित किया है। इसी कड़ी में संजय धूसिया और के.के. गौतम को मुख्य मण्डल प्रभारी और राजेन्द्र गौतम को जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।

गुरूवार को बसपा जिलाध्यक्ष जयहिन्द गौतम ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ कटेश्वरपार्क स्थित बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। इस मौके संतकबीर नगर जनपद के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दानिश अली, सीताराम शास्त्री, जिला महासचिव जुगुल किशोर चौधरी, दीपक कुमार, राम सरोज, प्रमोद कुमार, रंजीत कुमार, अलीम अहमद, के.सी. मौर्या, के.पी. राठौर, अशोक, उमाशंकर राव, अनूप कुमार एडवोकेट, राजेश राव, रामकरन गौतम, नवमी प्रसाद, रामशंकर आजाद, सत्य प्रकाश, तबारक अली, रामचेत निराला, डा. निरंकार, विशाल कुमार, राजकुमार, अजय कुमार गौतम के साथ ही अनेक बसपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ बसपा जिलाध्यक्ष जयहिन्द गौतम का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया।

### मारपीट के मामले में दोनों पक्षों से महिला सहित छह पर केस

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खुटहन नेवादा गांव में भूमि विवाद को लेकर गत सोमवार को दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडा में महिला सहित पांच लोग घायल हो गए थे। दोनों पक्षों के आरोपों के आधार पर पुलिस ने महिला सहित छह लोगों के खिलाफ मारपीट की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।गांव निवासी अखिलेश यादव उर्फ गुलाब का आरोप था कि पड़ोसी चंद्रेश यादव हमारे घर के रास्ते पर अतिक्रमण कर जबरन निर्माण कर रहे थे। विरोध करने पर चंद्रेश,इनका पुत्र संकल्प और पत्नी गीता ने मारपीट शुरू कर दिया। जिसमें हमें और हमारे भाई अंकित को भी गंभीर चोटें आईं। वहीं दूसरे पक्ष के चंद्रेश यादव का आरोप था कि वह अपनी जमीन में शौचालय का निर्माण कर रहा था।जिसे पड़ोसी अखिलेश, अंकित और अवनीश कुमार जबरन रोकने लगे। आरोपितों के द्वारा लाठी डंडा से प्रहार कर मुझे मेरी पत्नी गीता, पुत्र संकल्प को घायल कर दिया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायलों का उपचार सीएससी पर कराया।

# शाहगंज पुलिस का बड़ा खुलासा

### रेलवे क्रॉसिंग के पास छापेमारी, 235 ग्राम नशीला पाउडर के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**गिरफ्तार अभियुक्तों में शामिल हैं**

- मो. समीम, निवासी गलीमतनगर, मुरादाबाद पास से बरामद 90 ग्राम नशीला पाउडर
- मुस्तकीम, निवासी पुट्ठी इब्राहिमपुर, मुजफ्फरनगर पास से बरामद 85 ग्राम पाउडर
- सलमान, निवासी पुट्ठी इब्राहिमपुर, मुजफ्फरनगर पास से बरामद 60 ग्राम पाउडर



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शाहगंज नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शाहगंज पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 235 ग्राम नाजायज पाउडर नशीला पदार्थ बरामद किया है। यह कार्रवाई 04 दिसंबर 2025 की रात 00ऱ35 बजे रोडवेज रेलवे क्रॉसिंग के पास की गई। अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान के पर्यवेक्षण में थाना शाहगंज पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि तीन युवक नशीला पदार्थ लेकर शाहगंज की ओर आ रहे हैं। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी की और तीनों को मौके पर दबोच लिया। तीनों के कब्जे से बरामद पाउडर का कुल वजन 235 ग्राम पाया गया। इस संबंध में थाना शाहगंज पर मु.अ.सं. 408/2025, धारा 8/21 ह्लष्ठक्क-ष्ट्र के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार ये तीनों युवक नशीले पदार्थ की अवैध सप्लाई चेन से जुड़े हुए हैं और शाहगंज क्षेत्र में नेटवर्क फैलाने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस टीम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी लंबे समय से नशीले पदार्थों की छोटे स्तर पर तस्करी कर रहे थे और मौके की तलाश में रहते थे। इनकी गिरफ्तारी से स्थानीय स्तर पर नशे के अवैध कारोबार को बड़ी चोट पहुँची है।

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

के.के. सिंह, प्रभारी निरीक्षक, उ.नि. विनोद कुमार, उ.नि. अरविंद कुमार सिंह, का. ज्ञान प्रकाश सिंह, का. अमरनाथ यादव, का. अमन यादव, का. धर्मेंद्र सिंह, का. शशि चौहान

पुलिस अब इनके नेटवर्क व सप्लाई चैन की गहराई से जांच कर रही है।

# नशीला पाउडर के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

### तीनों के पास से 250 ग्राम पाउडर बरामद



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शाहगंज नगर के रोडवेज रेलवे क्रासिंग के समीप पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन व्यक्तियों को हिरासत में ले तलाशी लिया गया।तो तीनों के पास से नशीला पाउडर बरामद हुआ। तीनों के विरूद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया गया।

नगर के रोडवेज स्थित रेलवे क्रासिंग के समीप गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली निरीक्षक किरन कुमार सिंह ने हमराहियों के साथ तीन संदिग्धों को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर जनपद मुरादाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र के गलीमतनगर शाहपुर मन्झौरा निवासी मोहम्मद सलीम पुत्र नन्नू अली व मुजफ्फरनगर जनपद के थाना रामराज के इब्राहिमपुर निवासी मुस्तकीम पुत्र यामिन व सलमान पुत्र सराफत की तलाशी लेने पर तीनों के पास से लगभग 250 ग्राम नशीला पाउडर बरामद कर तीनों के विरूद्ध धारा 8/21 एन डी पी एस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया गया। ये सभी जहर खुरानी गिरोह के सदस्य हैं जो यात्रियों को अपना शिकार बना कर सामान लूट कर फरार हो जातें हैं। इस दौरान उपनिरीक्षक विनोद कुमार उपनिरीक्षक अरविंद सिंह,का ज्ञान प्रकाश, अमरनाथ यादव, अमन यादव, धमेंद्र सिंह,शशि चौहान मौजूद रहे।

### दबंगई से जमीन पर कब्जे की कोशिश : पीड़िता ने डीएम से किया शिकायत

जन एक्सप्रेस। बस्ती। सोनहा थाना क्षेत्र के परसा खुर्द बुजुर्ग दरियापुर जंगल टोला दुबिहवा छोटका डीह निवासिनी अनीता देवी पत्नी जगन्नाथ ने जिलाधिकारी को पत्र देकर अपने बैनामा शुदा जमीन पर दबंगों द्वारा जबरिया कब्जा कर निर्माण कराये जाने पर रोक लगाने की मांग किया है। डीएम को दिये पत्र में अनीता देवी ने कहा है कि उसने एक जमीन का बैनामा 16-06-2017 को खाजेपुर निवासिनी कमलावती से लिया था। उक्त जमीन खतौनी आदि अभिलेख में दर्ज हो चुका है जबकि उक्त गाटा नंबर 1550/1.2370 की आराजी के सह खातेदार राम बनारसी पुत्र सुख नारायण, आदि लोगों द्वारा जबरन जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने का षड़यंत्र कर निर्माण कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है। राम बनारसी और उनके नात रिश्तेदारों ने विरोध करने पर लाठी डंडा लेकर मारने के लिए दौड़ा लिया। मामले की सूचना सोनहा थाने पर दिया गया किन्तु पुलिस अवैध निर्माण को रोकने में कोई मदद नहीं कर रही है। अनीता देवी ने मांग किया है कि जबरिया कब्जा करने का प्रयास करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के साथ ही उनके परिवार के जान माल की रक्षा सुनिश्चित कराया जाय।

# पात्रों को पीएम आवास दिलाने की मांग : डीएम को सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस। बस्ती

नगर पंचायत नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष यशराज के.के. के नेतृत्व में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने अपर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि 2.0 प्रधानमंत्री आवास योजना से अपात्र कर दिये गये लोगों की जांच कराकर पात्रों को उसका लाभ दिलाया जाय।

ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पंचायत नगर क्षेत्र के ग्राम खुटहन व ग्राम बरवनिया वार्ड नं0-4 अटल नगर, में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाले आवासीय मकान बनने हेतु आवेदन किया गया है। उनमें से विधवा अत्यन्त गरीब, भूमिहीन व छप्परपोश मकान के लोग है। किन्तु पात्र होते हुए भी अनेक लोगों की पत्रावली में मनमानी ढंग से गलत आख्या लगाकर अपात्र कर दिया गया है और जिनके पास पक्का मकान, पर्याप्त खेती-बारी है, उन्हें पात्र माना गया है। ऐसी स्थिति में मामले की जांच किसी उच्च अधिकारी से करवा कर पात्रों के आवेदन को स्वीकार करके आवासीय लाभ देकर मकान का निर्माण कराये जाने हेतु आदेश किया जाय और जो लोग अपात्र है उन्हें पात्र घोषित करने वाले दाषियों के विरूद्ध भी कार्यवाही कराया जाय। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से अर्जुन कुमार, निर्मला देवी, स्नेहलता, निर्मल कुमार यादव, गायत्री देवी, कमला, सीताराम, ऊषा, मीरा देवी, विजय वर्मा के साथ ही अनेक क्षेत्रीय नागरिक शामिल रहे।

# 9 में 6 मशीन बंद, 3 लूम के सहारे चल रहा कंबल कारखाना

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

प्रशासन की अनदेखी के चलते पथरहिया रोड स्थित कंबल कारखाना फिर से अव्यवस्थाओं की मार झेल रहा है। कहने के लिए कारखाना में नौ लूम लगे हुए हैं। जिनमें छह मशीनें बंद हैं सिर्फ तीन मशीनों पर कंबल बुनाई का कार्य चल रहा है। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की तरफ से लगाए गए कंबल कारखाना में ऊनी धागा न मिलने से कामगार भी घर बैठ गए हैं। मंगलवार को हुई पड़ताल में मौजूद दो, तीन बुनकरों ने बताया कारखाना में गिनेचुने दिनों के लिए धागा बचा है। हाल यही रहा तो उन्हें भी घर बैठना पड़ सकता है। पथरहिया स्थित कंबल कारखाना से मिर्जापुर के अलावा सोनभद्र और भदोही जिले को कंबल सप्लाई किया जाता है। शासन-प्रशासन की तरफ से ध्यान नहीं दिए जाने से यहां तैयार कंबल भी स्टॉक में फंसे रहते हैं। ठंड शुरू हो गया है। कंबल न तो प्रशासन पूछ रहा है और ना ही स्वयं सेवी संगठन ही पूछ रहे। जबकि जिले में प्रतिवर्ष राहत के नाम पर जिले के चारों तहसीलों में सैकड़ों की संख्या में कंबल बांटे जाते हैं। आखिर कंबल कहां से खरीदे जाते हैं यह लोगों की समझ में नहीं आ रहा है। कंबल कारखाना की बदलहाल को लेकर बुद्धजीवियों में भी चिंता है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ही ठंड में गरीबों के लिए कंबल खरीद ले तो शायद इसके दिन बहुर सकते हैं। साथ ही जिले के बुनकरों को रोजगार मिल सकता है।

### कारखाना में मिलिंग, वाशिंग व रेजिंग का कार्य किया जाता है

मिर्जापुर। पथरहिया रोड स्थित उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की तरफ से स्थापित कंबल कारखानाा में बुनाई के साथ ही मिलिंग, वाशिंग व रेजिंग का कार्य किया जाता है। यहां पर कंबल उत्पादन केंद्र जौनपुर, अदिलाबाद गाजीपुर, कंबल उत्पादन केंद्र खजनी गोरखपुर के अलावा टिकरमाफी अमेठी से कंबल आते हैं। मिलिंग, वाशिंग व रेजिंग का कार्य होने के बाद संबंधित जिले व संस्थाओं को सप्लाई की जाती है।

# बीबीगंज में नई पुलिस चौकी का लोकार्पण

### कानून-व्यवस्था को मिलेगी नई ताकत, अपराध नियंत्रण में बढ़ेगी पकड़

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जिले की कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में मंगलवार को थाना शाहगंज क्षेत्र के अंतर्गत बीबीगंज में नई पुलिस चौकी का लोकार्पण किया गया। यह चौकी विश्वनाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, कलान (सुल्तानपुर) के सहयोग से निर्मित की गई है।

लोकार्पण जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर विश्वनाथ ग्रुप के संस्थापक प्रबंधक भोलानाथ सिंह की उपस्थिति रही।

### अपराध नियंत्रण में करेगा अहम भूमिका

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने चौकी निर्माण में सहयोग के लिए संस्थान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई चौकी क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि चौकी स्थापित होने से पुलिस की मौजूदगी बढ़ेगी और जनता के साथ बेहतर तालमेल बन सकेगा। इससे घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया और प्रभावी कार्यवाही में मदद मिलेगी।

### सामुदायिक सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण

नई चौकी प्रशासन और समाज के बीच सामुदायिक सहयोग की मिसाल बताई जा रही है। इससे स्थानीय निवासियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में बड़ी मदद मिलेगी।

### महोत्सव स्थल का भी किया निरीक्षण

लोकार्पण कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने शाहगंज महोत्सव स्थल का दौरा किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### अनेक गणमान्य मौजूद

अवसर पर क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान, थाना प्रभारी शाहगंज, चौकी प्रभारी बीबीगंज सहित कई सम्मानित नागरिक और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अंत्येष्टि से लौट रही बस सड़क पर खड़े टैंकर से टकराई, 8 घायल

जन एक्सप्रेस। राजगढ़

राजगढ़ कर्बला के पास मंगलवार की रात एक बजे खड़े टैंकर में पीछे से बस चालक ने टक्कर मार दिया। इससे बस में सवार आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल सोनभद्र के लिए रेफर कर दिया। सोनभद्र जिले के मझिगवां गांव में सोमवार की देर रात एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। मंगलवार को गांव के 40 लोग एक बस में सवार होकर शव का अंतिम संस्कार करने के लिए चुनार गंगा घाट गए थे। अंत्येष्टि के बाद बस में सवार होकर चुनार राजगढ़ के रास्ते वापस मझिगवां जा रहे थे। रात एक बजे बस राजगढ़ कर्बला के पास पहुंची थी। मिर्जापुर- सोनभद्र मार्ग पर खड़ा टैंकर अंधेरा होने के कारण बस चालक को दिखाई नहीं दिया। बस चालक ने टैंकर में पीछे से टक्कर मार दिया। हादसे में बस में सवार छत्तीसगढ़ रायपुर निवासी सुरेंद्रवी (55), सोनभद्र बेठिगांव निवासी प्रभा शंकर (62), सोनभद्र मझिगवां गांव निवासी गामा विश्वकर्मा (60), जगदीश (55), रमेश (46), विनोद (40), दयाराम (60), सोनभद्र जिले के डोहरी गांव निवासी दशरथ (58) घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद विनोद और दशरथ की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उन्हें मंडलीय अस्पताल सोनभद्र के लिए रेफर कर दिया।

# रसोइयों के मानदेय भुगतान के लिए तत्काल मांगपत्र शासन को भेजें बीएसए : जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के शैक्षिक कार्यक्रमों, विद्यालयों की गुणवत्ता, सुविधाओं तथा प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि पी.एम. पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना के अंतर्गत कार्यरत 3,686 रसोइयों का मानदेय अगस्त 2025 तक भुगतान किया जा चुका है, शेष माह के मानदेय भुगतान हेतु बजट मांग-पत्र शासन को तत्काल प्रेषित किया जाए।

जिलाधिकारी ने सौरिख एवं हसेरन ब्लॉक में प्रेरणा ऐप पोर्टल पर बच्चों की डिजिटल उपस्थिति दर्ज करने में लापरवाही पाए जाने पर गंभीर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सुधार होने तक संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपस्थिति दर्ज करने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही निर्देशित किया कि निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से सभी शिक्षक शत-प्रतिशत बच्चों का आकलन सुनिश्चित करें तथा जनपद के सभी विद्यालयों को शत-प्रतिशत निपुण विद्यालयों की श्रेणी में लाया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूल रेडीनेस फेज-1 कार्यक्रम जनपद के 641 को-लोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्रों में 15 दिसम्बर 2025 से 31 मार्च 2026 तक संचालित होगा। यह कार्यक्रम आगामी शैक्षिक सत्र 2026-27 में कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले बच्चों को भाषा, अंकज्ञान एवं पर्यावरणीय अवधारणाओं से परिचित कराते हुए उन्हें औपचारिक शिक्षा के लिए सक्षम बनाने हेतु संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इसी प्रकार "हमारा आंगन - हमारे बच्चे" उत्सव कार्यक्रम का आयोजन भी दो चरणों में किया जाएगा, जिसमें ब्लॉक स्तर में 15 से 30 दिसम्बर 2025 तथा जनपद स्तर में 15 से 31 जनवरी 2026 तक होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य निपुण भारत अभियान की अवधारणा को जन-जन तक पहुँचाना, आंगनवाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं– बालमित्र फर्नीचर, आउटडोर प्ले मैटेरियल, फीचर्स–की जानकारी समुदाय को देना तथा 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के सीखने में माता-पिता की भूमिका को मजबूत करना है।

जिलाधिकारी ने इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश देते हुए कहा कि अभिभावकों को नामांकन एवं नियमित उपस्थिति के महत्व से अवगत कराया जाए तथा को-लोकेटेड केंद्रों पर तैनात एजुकेटर की भूमिकाओं की भी जानकारी सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के 66 विद्यालयों में से 13 विद्यालयों से हाई टेंशन लाइन हटाई जा चुकी है, जबकि शेष 53 विद्यालयों में कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने संबंधित को कार्य की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु भी निर्देशित किया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एस आई आर के लिए जागरूकता कार्यक्रम



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत पी0वी0 इंटर कालेज, प्रेमपुर, कन्नौज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत कालेज परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने मतदान का महत्व के संदेश को अपने कला के माध्यम से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपने विचार और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर कालेज के अध्यापकगण और छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

# आईजीआरएस में खराब प्रदर्शन करने वाले 99 अफसरों को मिली चेतावनी

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जनपद में माह नवम्बर में आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त फीडबैक में 99 अधिकारियों का शिकायत निस्तारण में असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त हुआ है। असंतोषजन फीडबैक मिलने की स्थिति में जिलाधिकारी ने उन 99 अधिकारियों को चेतावनीपत्र जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी कार्यों में ढिलाई अस्वीकार्य है तथा जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सभी लंबित आईजीआरएस प्रकरणों का समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। शिकायतकर्ता से मिलने वाला फीडबैक हर हाल में संतोषजनक होना चाहिए। अधिकारियों को स्वयं प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर वास्तविक व त्वरित समाधान सुनिश्चित करना होगा। गैर-गंभीरता दिखाने वाले कार्मिकों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि शासन स्तर से समय-समय पर जारी निर्देशों का अनुपालन ही सुशासन की प्राथमिक शर्त है और इसके प्रति प्रत्येक अधिकारी को पूरी जवाबदेही के साथ कार्य करना आवश्यक है। जनपद प्रशासन ने आगामी माह के लिए स्पष्ट रूप से लक्ष्य निर्धारण करते हुए कहा है कि आईजीआरएस पोर्टल पर जनसुनवाई से संबंधित एक भी प्रकरण औपचारिकता के आधार पर नहीं निपटाया जाएगा। सभी मामलों में वास्तविक समाधान प्रदान कर शिकायतकर्ता को पूर्ण संतुष्टि देना ही प्रमुख उद्देश्य होगा।

# बाल श्रम उन्मूलन एवम पुनर्वास टास्क फोर्स के कामकाज की एडीएम ने की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व देवेन्द्र सिंह ने बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वास हेतु जिला टास्क फोर्स की आयोजित बैठक के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश को दिसम्बर 2027 तक बाल श्रम मुक्त कराये जाने का संकल्प लिया गया है। मुख्यमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिये विभिन्न सरकारी विभागों के अतिरिक्त स्टेक होल्डर्स, बाल श्रम व अधिकार विषय पर कार्य कर रहे गैर सरकारी संगठनों, नियोक्ता संगठनों, व्यापार मण्डलों एवं ट्रेड यूनियन्स के प्रतिनिधियों से सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित सभी ईंट भट्ठे, कार तथा बाइक की समस्त रिपेयरिंग शॉप, होटल तथा ढाबों में कन्नौज, तिर्वा, गुरसहायगंज तथा छिबरामऊ बाजारों की दुकानों में संचारित विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठान को जनपद में हाट-स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है। जहां पर बाल श्रमिकों के नियोजन की अधिक सम्भावना है। इसके अतिरिक्त कतिपय ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाल श्रमिकों के कार्यरत होने की सम्भावना है। उन्होंने कहा कि जिसके माता-पिता ईंट भट्ठों व अन्य प्रतिष्ठानों में कार्य कर रहे है उन स्कूल न जाने वाले बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने निर्देश कि ईंट भट्ठों व अन्य प्रतिष्ठानों में कार्य करने वाले बाल श्रमिकों को कार्य मुक्त कराकर स्कूल में दाखिला कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों से भी आग्रह किया कि बाल श्रमिकों के बच्चों को गोद ले तथा स्वत; 01 बच्चे को गोद लेन व स्कूल में दखिला कराने की बात कही। सहा कि उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी बाल श्रमिकों के चिन्हिकान व स्कूल में दाखिला कराने में सहयोग करें। जिला श्रम प्रर्वतन अधिकारी को निर्देश दिए कि निरन्तर निरीक्षण कर चिन्हित बच्चों/किशोरों के परिवारों के सदस्यों का आर्थिक पुनर्वासन/सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करें।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्टेट/उप जिलाधिकारी सदर वैशाली, उपजिलाधिकारी छिबरामऊ व तिर्वा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सीएलडीएफ के सभी कार्यो की तकनीकी जांच के लिए समिति गठन के निर्देश

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में कम्प्यूटर लैब का निर्माण करवा रही संस्था सीएलडीएफ के कामकाज पर गहरी नाराजगी जताते हुए डीएम ने सीडीओ को एक तकनीकी जांच समिति गठित कर गुणवत्ता जांच कराने और इसकी रिपोर्ट अग्रेतर कार्रवाई के लिए अविलम्ब शासन को भेजने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि रोमा अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के स्मारक व मुक्ताकाशी मंच की स्थापना का कार्य तथा राजकीय औद्योगिक संस्थान, सौरिख, छिबरामऊ एवं गौ संरक्षण केन्द्र तेराराब्व, तालग्राम का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, जिसको हस्तान्तरण करने की कार्यवाही जल्द से जल्द पूर्ण की जाए। उन्होंने राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, बारामऊ का निर्माण कार्य शुरू न होने पर नाराजगी व्यक्त करते करते हुए निर्माण कार्य प्रारम्भ किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्यदायी संस्थायें पूर्ण रूप से प्रयास करें, कोई भी कार्य रूकना नहीं चाहिए। शत-प्रतिशत प्रयास करेंगें तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। निर्माण कार्य में क्वालिटी पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि निविदा जारी करते समय टर्म कंडीशन का अवश्य उल्लेख किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्रुति चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बिजली बिल राहत योजना के लिए विभाग ने लगाए दर्जनों कैम्प

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

बिजली बिल राहत योजना-2025 के अंतर्गत आज विद्युत उपभोक्ताओं को योजना का लाभ उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न विद्युत वितरण खण्डों में विशेष पंजीकरण कैंप आयोजित किए गए। इन कैंपों का आयोजन– विद्युत वितरण खण्ड कन्नौज के अन्तर्गत ग्राम जलालपुर, ठठिया, लोहामढ़, खानपुर, बरमपुर, होलेपुर, जसौली, नेरा, तथा मोहल्ला कुतलुपुर, काजीटोला और विद्युत वितरण खण्ड छिबरामऊ के अन्तर्गत ग्राम विशम्भर पुर, नादेमऊ, उत्तमपुर्वा, भोराजपुर, अहिनी, मिघौली, हरीनगर, अखिन, रायपुर एवं कुसुमखोर में किया गया। आयोजित कैंपों में उपभोक्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया, जहाँ कुल 223 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया तथा लगभग 6.30 लाख की धनराशि जमा की गई। अधिशासी अभियंता, कन्नौज मगन सिंह ने बताया कि बिजली बिल राहत योजना-2025 का उद्देश्य उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करना और उन्हें नियमित बिल जमा करने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा आगे भी विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे कैंप आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक पात्र उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिल सके।

उन्होंने बताया कि बिजली बिल राहत योजना एक दिसंबर से प्रारंभ हो गई है।

बकायेदारों को एकमुश्त भुगतान पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत एवं मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इसमें मासिक किश्तों में भुगतान की सुविधा भी दी गई है।

कहा कि यह छूट तीन चरणों में दी जाएगी। 01 दिसम्बर से 31 दिसंबर 2025 तक पंजीकरण कराने पर मूलधन में 25 प्रतिशत, 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक पंजीकरण कराने पर 20 प्रतिशत तथा 01 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक पंजीकरण कराने में 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बीडीओ ने किया गौशालाओं का निरीक्षण, दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। खंड विकास अधिकारी सिद्धौर पूजा सिंह गुरुवार को क्षेत्र के गौआश्रय स्थल ब्रह्मौरालोही, सरसा व हाजीपुर श्यामनगर गौशाला का निरीक्षण किया गया। गोवंशों को ठंड सेबचाव के लिए बोरा और तिरपाल से टीनशेड हॉल को ढकने के भी निर्देश दिए है। उन्होंने केयरटेकरों से भूसा गोदाम और टीनशेड परिसर से गोबर आदि की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने को भी कहा। इसी क्रम में सरसा में नए टीनशेड निर्माण और नर व मादा गौवंश को अलग-अलग रखने निर्देश दिए। अंत में उन्होंने ठंड से बचाव के लिए केयर टेकरों को गर्म कंबल वितरित किए। इस अवसर पर अवर अभियंता सोमवीर सिंह यादव, प्रधान प्रतिनिधि सरसा रोनू सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी सिद्धौर डॉक्टर शमीम आदि थे।

### चली संग लै सखीं सयानी, गावत गीत मनोहर बानी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। रामनगर क्षेत्र के ग्राम अमलोरा में आयोजित तीन दिवसीय धनुष यज्ञ के अंतिम दिवस आज गुरुवार को मां भगवती नाट्य कला परिषद एवं रामलीला मंडल दरभंगा बिहार द्वारा धनुष भंग का मंचन किया गया। जनकपुर में धनुष यज्ञ देखने के लिए ऋषि विश्वामित्र के साथ राम और लक्ष्मण जाते हैं। जनकपुर में फुलवारी को सीता जी सखियों संग फूल तोड़ने के लिए आती है तभी सीता ने सुकुमार राम को देखा मां गौरी से वर के रूप में प्राप्त करने की विनती करती है। धनुष भंग कार्यक्रम में राजा जनक के दरबार में देश-विदेश के राजाओं ने आकर के हिस्सा लिया, बड़े-बड़े बलशाली राजा शिव धनुष को हिला तक न सके, तभी गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर राम ने जैसे ही शिव धनुष पर चाप चढ़ाया त्यों ही भीषण गर्जना के साथ शिव धनुष टूट गया। धनुष टूटते ही हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शक गण भगवान राम की जय जयकार करने लगे। जानकी ने भगवान राम को वरमाला डाला और चारों तरफ मंगल गीत का ज्ञान होने लगा। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी, नीरज शर्मा, वीरेंद्र तिवारी, सुभाषचंद्र मिश्रा, प्रेम नारायण मिश्रा, गुड्डन मिश्रा, जगदीश मिश्रा, राहुल मिश्रा, नवल मिश्रा, ज्ञानेंद्र वर्मा, हरिओम मिश्रा, घनश्याम मिश्र, तेजनारायण तिवारी, मुनीम, उमाशंकर तिवारी आदि मौजूद रहे।

### भाजपा सरकार में शिक्षा को मिली नई दिशा– अंगद सिंह

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। प्राथमिक विद्यालय बदोसराय प्रथम पहुंचे विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह उन्होंने विद्यालय के भौतिक एवं शैक्षिक वातावरण की प्रशंसा की एवं प्रत्येक कक्षा में सर्वांगीण क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में परिषदीय विद्यालयों में चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं कायाकल्प, मिशन शक्ति, डीबीटी से विद्यालयों की स्थिति में अमूल परिवर्तन हुआ है एवं उनमें अध्ययनरत छात्र छात्रा किसी भी कान्वेंट स्कूल से कम नहीं हैं। विभागीय योजनाओं के महत्व एवं उनके सकारात्मक परिणामों पर चर्चा की। कक्षा दो की छात्रा आरूही, कक्षा पांच के छात्र मो. अरशद सहित अनेक छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री अमित पांडेय, प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह बब्लू, ग्राम प्रधान निसार मेंहदी, जिला मंत्री राम सागर कन्नौजिया शिक्षक धर्मराज, मेहर आलम, पूजा गुप्ता, पूनम वर्मा, अर्शिया खातून, आरफा खातून, शबीना इब्राहिम, नवीन मिश्र सहित अनेक जन उपस्थित रहे।

### संविधान दिवस के उपलक्ष्य में अधिवक्ता परिषद करेगा गोष्ठी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। आगामी 6 दिसंबर को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में तहसील रामनगर में अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से तहसील परिसर में अधिवक्ताओं की एक बैठक आहूत की गई जिसमें तमाम बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। गुरुवार को तहसील में आयोजित तैयारी बैठक में अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत की जिला इकाई के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी ने सभी अधिवक्ता बंधुओं से कहा कि कार्यक्रम बहुत ही शानदार होना चाहिए इसमें सभी लोगों का भरपूर सहयोग व सहभागिता जरूरी है जिसमें परिषद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सम्मानित भी किए जाएंगे। कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत उपाध्यक्ष अनिल पांडेय भी उपस्थित रहेंगे।

# अधिकारियों के ग्रुप से आज लेफ्ट होंगे सचिव

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

पिछले 5 दिनों से ग्राम पंचायत सचिव अपने हाथ में काली पट्टी बांधकर ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे हैं। जिसके चलते बृहस्पतिवार को भी ब्लॉक के सभी सचिवों ने काली पट्टी बांधकर ऑनलाइन हाजिरी का विरोध किया। शुक्रवार को 11 बजे ब्लॉक परिसर में दरी बिछाकर सचिव अपना विरोध जताएंगे।

और खंड विकास अधिकारी को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे। उसके बाद 1 बजे सभी सचिव सरकारी व्हाट्सएप ग्रुप से बाहर हो जाएंगे। जिसमें अधिकारियों के आदेश निर्देश आते हैं।

जिससे कोई भी शासकीय कार्य की जिम्मेदारी सचिवों को व्हाट्सएप के माध्यम से नहीं होगी। बृहस्पतिवार को ग्राम सचिव हरख ब्लाक के संगठन अध्यक्ष नवीन राय, बृजेश कुमार, कृष्ण कुमार सिंह, अमित कुमार, शैलजा तिवारी, आकाश पटेल, कंचन मिश्रा, प्रदुम कुमार, अक्षिता स्थाना, अवनीश कुमार तिवारी, बिना सिंह, दिनेश कुमार पटेल, नवीन कुमार, सुरेन्द्र कुमार आदि सचिव शामिल हुए।

# एसआईआर से मत घबरायें मतदाता : गोप चेयरमैन द्वारा आयोजित जागरुकता अभियान कार्यक्रम में बोले सपा के राष्ट्रीय सचिव

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

फतेहपुर। गुरुवार को नगर पंचायत फतेहपुर के चेयरमैन मो. इरशाद अहमद कमर ने एसआईआर को लेकर जागरुकता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप, जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज आदि लोग शामिल हुए। इस मौके पर बोलते हुए सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि किसी का भी वोट काटने वाला नहीं है जिन लोगों का निधन हो गया है या दो जगह पर वोट है या फिर अपने स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट हो गए हैं ऐसी स्थिति में ही वोट कटेगा और जिन लोगों का 2003 की वोटर लिस्ट में नाम है या उनके परिवार के सदस्य का नाम है तथा 2025 की लिस्ट में नाम है। उनका नाम नहीं कटेगा। उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों ने अपनी उम्र 18 वर्ष पूर्ण कर लिया उनका नाम फार्म 6 के जरिए भरेगा और जिन लोगों का नाम 2025 की सूची में नहीं है और उनके पास सारे दस्तावेज मौजूद हैं वह सब वोट बढ़ाए जाएंगे। किसी भी अफवाह से निश्चिंत रहिए आप अपना फॉर्म से सम्पर्क कर के भर कर जमा जरूर करें।

अगर आपको फार्म भरने में कोई दिक्कत या परेशानी आती है तो चेयरमैन साहब ने ऑफिस खोल रखा है उनसे संपर्क करें आपकी हर समस्या का समाधान होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाताओं को अगर कोई समस्या है फार्म भरने में कोई दिक्कत आ रही है तो नगर पंचायत अध्यक्ष के कार्यालय में जा करके उनकी मद् ले सकते हैं। इससे पूर्व जैसे ही प्रदेश सचिव जागरुकता अभियान कार्यक्रम में चेयरमैन के आवास पर पहुंचे तो वहां पर मौजूद नगर पंचायत फतेहपुर के चेयरमैन इरशाद अहमद कमर ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, अजय वर्मा बब्लू, नसीम कीर्ति, हशमत अली गुड्डू, बलराम सिंह, जफरुल इस्लाम आदि मौजूद रहे।

# लम्बित मामलो का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें अधिकारी : अर्पित विजयवर्गीय

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने जनपद के समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा कानून व्यवस्था सुदृढ़ कानून व्यवस्था, लंबित मामलों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, अपराधियों पर कठोर कार्रवाई एवं जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गए। अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा गम्भीर अपराधों, महिला सम्बन्धी अपराधों के घटित होने पर तत्काल मौके पर पहुंचने और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, एफ.आई.आर. का शत-प्रतिशत पंजीकरण अनिवार्य किया गया है।

संगठित गिरोह बनाकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। समस्त थानों द्वारा माल निस्तारण, लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, आई.जी.आर.एस. पोर्टल की शिकायतें तथा अन्य लम्बित शिकायत प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्वक एवं शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने एवं गौ तस्करी व अन्य अपराधों जैसे चोरी, नकबजनी, लूट, हत्या पर सतर्क दृष्टि रखने, शातिर अपराधियों पर निगरानी रखने और किरायेदारों, नौकरों का शत-प्रतिशत पुलिस सत्यापन करने के निर्देश दिए गए।

भूमि विवाद के प्रकरणों को राजस्व विभाग से सामन्जस्य स्थापित कर मौके पर जाकर निस्तारित करने तथा यूपी-112 के कर्मचारियों की सतर्कता परखने एवं रिस्पान्स टाइम सुधारने हेतु निर्देशित किया गया।

# साहित्य में कहानी और अनुवाद की बदलती दुनिया पर राष्ट्रीय संगोष्ठी



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत साहित्य अकादमी और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की शुरुआत हुई। सेमिनार का विषय था स्टोरीटेलिंग इन इंग्लिश एंड ट्रांसलेशन्स विज़न्स, रिविज़न्स एंड इनोवेशन्स। कार्यक्रम में देशभर के विद्वान, लेखक, शोधकर्ता और शिक्षाविद मौजूद थे।

उद्घाटन सत्र में षणमुखानंद, उप सचिव, साहित्य अकादमी ने कहा कि कहानी कहना सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि भारत की कहानी कहने की परंपरा महाभारत, रामायण, पंचतंत्र जैसी प्राचीन रचनाओं से जुड़ी है। टैगोर, आर. के. नारायण और राजा राव जैसे लेखकों ने भारतीय अनुभवों को अंग्रेजी साहित्य में प्रस्तुत किया, जबकि अनुवादकों ने विविध भाषाओं को विश्व पटल पर पहुंचाया। सेमिनार में चार प्रमुख विषयों पर वार्ता हुई–आधुनिक कहानियों के नए रूप, पुनर्कथन, नई रचनात्मक तकनीकें और पौराणिक कथाओं के आधुनिक काव्य रूप। प्रो. अनीता सिंह (बीएचयू), प्रो.सुनीता मुर्मू (गोरखपुर), प्रो.ओंकार नाथ उपाध्याय (लखनऊ विश्वविद्यालय), प्रो. थिपेंद्र पी सिंह (चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी) समेत कई विद्वान उपस्थित थे। यह आयोजन साहित्य में परंपरा व आधुनिकता के बीच संवाद को बढ़ावा देने और नई साहित्यिक दिशाओं को खोजने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# सीएचसी सिद्धौर में ठंड से बचाव के इंतजाम

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्धौर में मरीजों को दिसंबर की ठंड से बचाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। अस्पताल अधीक्षक डॉ संजय पांडेय ने प्रसूता वार्ड में भर्ती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए ब्लोअर, हीटर और पर्दे लगवाए हैं। जो गुरुवार सुबह को प्रसूता बेड के पास लगे मिले। इस पहल की प्रसूता वार्ड में भर्ती महिलाओं और उनके परिजनों ने सराहना की है। अधीक्षक डॉ. संजय पांडेय की इस व्यवस्था से सरकारी अस्पताल में भी बेहतर सुविधाओं को देखकर मरीज और उनके रिश्तेदार संतुष्ट दिखे। सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र में 96 ग्राम पंचायतें हैं। जहां प्रसूताओं के बेहतर इलाज के लिए पांच डिलीवरी प्वाइंट्स – सीएचसी कोठी, सीएचसी सिद्धौर, पीएचसी मोतिकपुर, सीएचसी असंद्रा और उपस्वास्थ्य केंद्र मीरापुर संचालित हैं। अक्सर सरकारी अस्पतालों में संसाधनों के अभाव की धारणा के कारण परिजन निजी अस्पतालों का रुख करते हैं। मगर सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजय कुमार पांडेय ने बताया कि सभी पांचों डिलीवरी प्वाइंट्स पर ब्लोअर, हीटर और पर्दों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने अन्य केंद्रों पर भी सुविधाएं बढ़ाने के लिए विभाग को पत्र लिखा है। उपस्वास्थ्य केंद्र मीरापुर की एएनएम मधुबाला ने बताया कि गुलामाबाद निवासी जितेंद्र कुमार की पत्नी की डिलीवरी कराई गई है।

# समाजवाद के जरिये देश में समानता लाना चाहते थे सगीर अहमद : राजनाथ शर्मा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सगीर अहमद समाजवादी विचारों से पूरी तरह से इत्तेफाक रखते थे। उनका मानना था कि समाजवाद ही देश में समानता और सम्पन्नता लाएगा। वह पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर और नेताजी मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी और संघर्षों के साथी थे। उन्होंने तमाम दुख-परेशानियां और खतरे झेलते हुए समाजवाद को अपनी जिंदगी में भी ढालने की कोशिश की। यह बात नगर के गाँधी भवन स्थित में गाँधी जयंती समारोह ट्रस्ट के तत्वावधान में सगीर अहमद की 92वीं जयंती पर आयोजित सभा के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने कही। गुरुवार को सगीर अहमद और शिव कुमार राय के स्मृति दिवस पर आयोजित सदभावना दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सभा की अध्यक्षता कर रहे जयप्रकाश नारायण ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिपाठी ने कहा कि सगीर अहमद मुल्क के उन गिने चुने राजनेताओं में शामिल रहे हैं, जिन्होंने समाज में सियासत के जरिए मुहब्बत, अमन और इंसानियत का पैगाम दिया। वह एक सच्चे वतनपरस्त और सेक्युलर इंसान थे। समाजवादी चिंतक राजनाथ शर्मा ने बताया कि एक राजनेता के तौर पर सगीर अहमद की समाजवादी विचारक की भूमिका और दूरदर्शिता का कोई सानी नहीं है। अपने विचारों से उन्होंने समाजवादी विचारधारा को लोगों तक पहुंचाया।

# तकनीक और रक्षा में रूस भारत का रणनीतिक साझेदार: राजनाथ सिंह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत और रूस के बीच रक्षा सहयोग को और गहराई देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को स्पष्ट कहा कि रूस अब भी भारत का रणनीतिक और भरोसेमंद साझेदार है, खासकर रक्षा और तकनीकी सहयोग के क्षेत्र में। रक्षा मंत्री यह बात नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित 22वें भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की मंत्रिस्तरीय बैठक में बोल रहे थे, जहां उनके रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलोउसॉव भी मौजूद थे।

### रक्षा सहयोग, अनुबंध और तकनीकी हस्तांतरण पर चर्चा

22वें आयोग की बैठक में सैन्य उत्पादन, संयुक्त विकास, लाइसेंस प्राप्त मैन्युफैक्चरिंग और तकनीक हस्तांतरण सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों पर विस्तार से बातचीत हुई। रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोउसॉव ने त्रि-सेवा गार्ड ऑफ ऑनर स्वीकार किया और दोनों नेताओं ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की।

### 'भू-राजनीतिक बदलावों के बावजूद रिश्ते मजबूत'

राजनाथ सिंह ने कहा, रूस तकनीक और रक्षा के क्षेत्र में भारत का रणनीतिक सहयोगी है। भूराजनैतिक बदलावों के बावजूद दोनों देशों के संबंध मजबूत बने हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन लगातार संवाद में रहे हैं, और यह राजनीतिक स्तर पर विश्वास को और मजबूत करता है।

#### वीटीबी बैंक से बढ़ेगा व्यापारिक ढांचा

रूसी वित्त मंत्री ने भारत में रूसी सरकारी बैंक वीटीबी के नए फ्लैगशिप कार्यालय के उद्घाटन को एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा, जितनी अधिक सुविधाएं भुगतान और वित्तीय लेन-देन के लिए उपलब्ध होंगी, व्यापार उतना सरल और तेज होगा। आज की यह पहल लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

#### 2018 की तुलना में दुगुनी रफ्तार

सिलुआनोव ने याद दिलाया कि 2018 में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दोनों देशों के लिए 30 अरब डॉलर का लक्ष्य तय किया था, लेकिन आज व्यापार 68 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा, हमने यह लक्ष्य उम्मीद से कहीं तेज हासिल किया। रक्षा सहयोग, ऊर्जा व्यापार और उद्योगों के बीच बढ़ती साझेदारी ने इस विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

#### भारतीय आयात बढ़ाने पर जोर

सिलुआनोव ने संकेत दिया कि रूस अब भारत से आयात बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रहा है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति के निर्देश के अनुसार, हम भारत से आयात में वृद्धि के लिए कदम उठा रहे हैं। वित्तीय प्रणाली जितनी सरल होगी, निवेश, पर्यटन और व्यापार उतना बढ़ेगा। यह बयान ऐसे समय में आया है जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार को दो दिवसीय भारत यात्रा पर आ रहे हैं। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 23वें सालाना भारत-रूस शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। यह मुलाकात दोनों देशों के लिए रणनीतिक, आर्थिक और भू-राजनीतिक स्तर पर महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

#### मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में कदम

राजनाथ सिंह ने बताया कि पिछले महीने मॉस्को में हुई 26वीं भारत-रूस कार्य समूह बैठक सफल रही और यूरोएशियन इकनॉमिक यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर औपचारिक बातचीत शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा यह पहल आने वाले वर्षों में व्यापार और रक्षा, दोनों क्षेत्रों में नए अवसर खोलेगी। दोनों नेता इससे पहले इस साल सितंबर में तियानजिन, चीन में स्थ्ह शिखर सम्मेलन के दौरान मिले थे। भारत और रूस के बीच दशकों पुरानी रक्षा साझेदारी में सुखोई, ब्रह्मोस, टी-90 टैंक, और नौसैनिक सहयोग जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। रूस और भारत आने वाले वर्षों में व्यापारिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की तैयारी में हैं। रूसी वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव ने कहा है कि दोनों देश 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक व्यापार लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने यह भरोसा एक साक्षात्कार में रूसी मीडिया से बातचीत के दौरान जताया। सिलुआनोव ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में व्यापार की रफ्तार ने उम्मीदों को पीछे छोड़ दिया है और ऊर्जा, रक्षा, वित्तीय सेवाओं, मशीनरी और यात्रा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग तेज़ी से बढ़ रहा है।

# अजमेर दरगाह को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई मेल घंटों चला सर्च ऑपरेशन, नहीं मिली कोई संदिग्ध वस्तु



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अजमेर**

अजमेर शहर में उस समय हड़कंप मच गया, जब जिला कलेक्टर की आधिकारिक ईमेल आईडी पर अजमेर दरगाह और कलेक्ट्रेट परिसर में बम लगाए जाने की धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ। मेल में दावा किया गया था कि अजमेर कलेक्टर कार्यालय और दरगाह गरीब नवाज में 4 आरडीएक्स, आईईडी लगाए गए हैं, जो पुतिन के यहां आते ही विस्फोट करेंगे। इस मेल के सामने आते ही जिला प्रशासन, अजमेर पुलिस, बम निरोधक दस्ता और इंटेलिजेंस एजेंसियां तत्काल हरकत में आ गईं और शहर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया।

### दरगाह परिसर को खाली कराया

सूचना मिलते ही सबसे पहले दरगाह शरीफ परिसर को तुरंत खाली कराया गया। दोपहर करीब 1 बजे से जायरीनों का प्रवेश बंद कर दिया गया। सुरक्षाकर्मियों ने दरगाह के हर हिस्से की घेराबंदी कर मेटल डिटेक्टर, डॉग स्क्वाड और बम डिस्पोजल टीम की मदद से सघन तलाशी शुरू की। इस दौरान दरगाह के चप्पे-चप्पे को खंगाला गया। लगभग ढाई घंटे तक चले तलाशी अभियान में कोई बम या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। अंजुमन सैयद जादगान के सचिव सैयद सरवर चिश्ती ने बताया कि दरगाह सीओ लक्ष्मण राम के फोन पर धमकी की सूचना मिलने के बाद अंजुमन की ओर से भी परिसर खाली कराने और जायरीनों को सुरक्षित बाहर निकालने में पूरा सहयोग किया गया। उन्होंने कहा कि आगामी उर्स को लेकर सुरक्षा पहले से ही कड़ी है और इस घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई है। इसी तरह कलेक्ट्रेट परिसर में भी पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभाला। सभी कर्मचारियों और आम लोगों को बाहर निकाला गया और कार्यालय के प्रत्येक हिस्से की बारीकी से तलाशी ली गई। करीब एक घंटे तक चलाए गए तलाशी अभियान में यहां भी कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली।

#### अधिकारियों ने दी अपडेट-अफवाहों से बचें, सुरक्षा प्राथमिकता

अजमेर एडिशनल एसपी ग्रामीण डॉ. दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि कलेक्टर को मिले मेल के आधार पर दोनों संवेदनशील स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि हमने दरगाह और कलेक्ट्रेट के हर कोने की तलाशी ली। दो घंटे से अधिक समय तक चलाए गए ऑपरेशन में कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। सुरक्षा के लिहाज से सभी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया गया। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। वहीं दरगाह में सुरक्षा सुनिश्चित होने के बाद शाम तक जायरीनों का प्रवेश फिर शुरू कर दिया गया, हालांकि तलाशी के दौरान बड़ी संख्या में लोग बाहर फंसे रहे और उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ा, लेकिन सभी ने सुरक्षा कारणों से सहयोग किया। अजमेर में आगामी उर्स को देखते हुए इस घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था और भी कड़ी कर दी गई है। पुलिस मेल भेजने वाले की पहचान करने में जुट गई है और पूरे मामले की साइबर जांच शुरू कर दी गई है।

# प्रदूषण पर काबू: नितिन गडकरी ने शुरू की हाइड्रोजन कार 'मिराई' की सवारी



■ गडकरी ने कहा, उनके पास है टोयोटा मिराई कार, जो भविष्य के ईंधन हाइड्रोजन से चलती है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के बीच केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में बताया कि केंद्र सरकार वैकल्पिक ईंधन को तेजी से बढ़ावा दे रही है, और इसी दिशा में उन्होंने खुद टोयोटा की हाइड्रोजन फ्यूल सेल कार मिराई का उपयोग शुरू कर दिया है। गडकरी ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा, भविष्य का ईंधन हाइड्रोजन है... मेरे पास एक कार भी है, जो हाइड्रोजन है, और कार टोयोटा की है... यह मर्सिडीज जैसा ही आराम देती है। कार का नाम मिराई है, जो एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है भविष्य।

### हाइड्रोजन: भविष्य का ईंधन

गडकरी ने कहा कि हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह न केवल प्रदूषण रहित है, बल्कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद करेगा। फॉसिल फ्यूल के अत्यधिक आयात पर चिंता जताते हुए उन्होंने बताया कि देश को हर साल लगभग 22 लाख करोड़ रुपये की लागत सिर्फ आयातित ईंधन पर लगती है, जो प्रदूषण को भी बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा, प्रदूषण की वजह से आप सभी समस्या झेल रहे हैं, मैं भी दिल्ली में यही स्थिति देख रहा हूं। लेकिन वैकल्पिक ईंधन अपनाने के साथ भारत जल्द ही ऊर्जा का निर्यातक देश बन जाएगा।

#### ईंधन आयात पर भारी निर्भरता

2024-25 में भारत ने लगभग 300 मिलियन मीट्रिक टन कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद आयात किए, जबकि करीब 65 मिलियन मीट्रिक टन का निर्यात किया। वर्तमान में देश अपनी 88 प्रतिशत कच्चे तेल की जरूरत और 51 प्रतिशत गैस की जरूरत आयात करके पूरी करता है। गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार ऐसी नीतियों को प्रोत्साहित कर रही है जो वैकल्पिक और बायोफ्यूल के उपयोग को बढ़ावा दें, ताकि देश लागत-कुशल, प्रदूषण-मुक्त और स्वदेशी ईंधन की ओर बढ़ सके।

#### भारत की ऑटो इंडस्ट्री ने जापान को पीछे छोड़ा

गडकरी ने बताया कि भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का आकार 22 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जिससे यह जापान को पीछे छोड़कर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी ऑटो मार्केट बन गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका पहले स्थान पर है (79 लाख करोड़ रुपये), जबकि चीन दूसरे स्थान पर (49 लाख करोड़ रुपये) है। गडकरी ने विश्वास जताया कि इलेक्ट्रिक वाहन और वैकल्पिक ईंधन के बढ़ते उपयोग के साथ भारत जल्द ही दुनिया की नंबर एक ऑटो इंडस्ट्री बन सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण रोकने के लिए सरकार इको-फ्रेंडली टेक्नोलॉजी और बायोफ्यूल को तेजी से बढ़ावा दे रही है, और इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग प्रणाली पर भी शोध जारी है।

# विदेशी गणमान्यों को विपक्षी नेताओं से न मिलने को कहती है सरकार, पुतिन के दौरे से पहले राहुल गांधी का आरोप

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता राहेल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सरकार अपनी असुरक्षा के कारण विदेश से आने वाले गणमान्य व्यक्तियों को कहती है कि वे विपक्ष के नेता (एलओपी) से न मिलें। राहुल गांधी का यह बयान तब सामने आया है, जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कुछ ही घंटे बाद दो दिन के भारत दौरे पर आने वाले हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, अब तक परंपरा रही है कि विदेश से आने वाले नेता विपक्ष के नेता से भी मिलते थे। यह (पूर्व प्रधानमंत्री) अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह के समय में भी होता था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्रालय इस परंपरा का पालन नहीं कर रहे हैं। राहुल गांधी ने संसद परिसर में पत्रकारों से कहा, आम तौर पर परंपरा है कि विदेश से आने वाले नेता विपक्ष के नेता से भी मिलते हैं। यह वाजपेयी जी के समय होता था, मनमोहन सिंह जी के समय भी। लेकिन इन दिनों सरकार विदेशियों से कहती है कि वे मुझसे न मिलें। विदेश जाते समय भी यही होता है। हमें संदेश मिलता है कि सरकार ने कहा है कि आपसे न मिलें। उन्होंने कहा कि विपक्ष का नेता भी भारत का प्रतिनिधित्व करता है और इन बैठकों से विदेशी नेताओं को एक अलग नजरिया मिलता है। लेकिन सरकार नहीं चाहती कि विदेशी नेता विपक्ष से मिलें। उन्होंने कहा, यह परंपरा है, लेकिन मोदी जी और विदेश मंत्रालय इस परंपरा का पालन नहीं करते। जब पूछा गया कि सरकार ऐसा क्यों करती है, तो उन्होंने कहा, यह उनकी असुरक्षा के कारण है।

#### लोकतंत्र में सभी को अपनी राय रखने का अधिकार: प्रियंका

राहुल गांधी के इस आरोप पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, यह बहुत अजीब है। एक प्रोटोकॉल होता है और सभी आने वाले गणमान्य व्यक्ति नेता प्रतिपक्ष से मिलते हैं। सरकार इस प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर रही है और उनकी सभी नीतियां इसी पर आधारित हैं। वे नहीं चाहते हैं कि कोई अपनी आवाज उठाए। वे किसी और की राय नहीं सुनना चाहते हैं। उन्हें लोकतंत्र के प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए। भगवान जाने उन्हें किस बात का डर है। लोकतंत्र में सभी को अपनी राय रखने का अधिकार होना चाहिए, चर्चा होनी चाहिए और उचित कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार असुरक्षित है और यह फैसला उसी का प्रतिबिंब है। इसे प्रोटोकॉल को तोड़कर और पलटकर उन्हें क्या मिलेगा? यह उनकी असुरक्षा है। दुनिया में लोकतंत्र की छवि धूमिल हुई है।

# केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का यूपीएससी पर्सनैलिटी टेस्ट पर आया बयान, कहा, यह पूरी तरह भेदभाव मुक्त

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा में यह स्पष्ट किया कि यूपीएससी के इंटरव्यू और पर्सनैलिटी टेस्ट सिस्टम में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होता। यह टेस्ट पूरी तरह से भेदभाव, पक्षपात या बायस से मुक्त है। उन्होंने कहा कि इंटरव्यू से पहले उम्मीदवारों का चयन पूरी तरह रैंडम प्रक्रिया के आधार पर होता है। इंटरव्यू बोर्ड के सदस्यों को न तो उम्मीदवारों की कैटेगरी के बारे में पता होता है और न ही लिखित परीक्षा अंक के बारे में। मंत्री ने बताया कि कैंडिडेट्स की कैटेगरी और लिखित परीक्षा के मार्क्स से जुड़ी जानकारी बोर्ड के सदस्यों तक नहीं पहुंचती। जिससे इंटरव्यू के दौरान किसी भी प्रकार के अंजाने या जानबूझकर भेदभाव की संभावना समाप्त हो जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि इंटरव्यू बोर्ड के सदस्यों की पहचान भी कैंडिडेट्स को नहीं दी जाती। इससे प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी रहती है। राज्यसभा में एक प्रश्न में पूछा गया कि यूपीएससी में ओबीसी, एससी व एसटी उम्मीदवारों को इंटरव्यू में जानबूझकर जनरल कैटेगरी के बराबर लिखित अंक होने के बावजूद कम मार्क्स दिए जाते हैं, जिससे अंतिम रैंकिंग पर असर पड़ता है? जवाब में मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि ऐसी किसी भी तरह की बात पूरी तरह निराधार है। यूपीएससी में इंटरव्यू सिस्टम भेदभाव-रहित है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि पूर्ण पारदर्शिता के लिए यूपीएससी हर साल सभी रिकमेंडेड उम्मीदवारों के लिखित, इंटरव्यू और कुल अंक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर सार्वजनिक करता है। इससे अभ्यर्थियों, अभिभावकों और विशेषज्ञों को बिना किसी संदेह के परिणाम देखने का अवसर मिलता है।

#### कितने चरणों मे होती है परीक्षा?

यूपीएससी देश में महत्वपूर्ण भर्ती परीक्षाएं आयोजित करता है। इनमें सबसे प्रमुख सिविल सर्विसेज परीक्षा है। जिसके माध्यम से आईएएस, आईपीएस, आईएफएस व अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारी चयनित होते हैं। यह परीक्षा हर साल तीन चरणों में होती है।

# दंगों की राजनीति स्वीकार नहीं करेगा मुर्शिदाबाद: ममता बनर्जी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुर्शिदाबाद**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को खुले मंच से दो बड़े संदेश दिए हैं। पहला, टीएमसी विधायक हमायूं कबीर के निलंबन के बाद सांप्रदायिक राजनीति पर कड़ा रुख और दूसरा, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भाजपा पर तीखा हमला। हमायूं कबीर को कथित तौर पर बाबरी मस्जिद शैली की मस्जिद की नींव रखने की घोषणा के बाद पार्टी से निलंबित किया गया। आरोप है कि इस बयान से जिले में सांप्रदायिक तनाव बढ़ सकता था। निलंबन की घोषणा कोलकाता में मंत्री फिरहाद हाकिम ने जल्दबाजी में बुलाई गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। उनके साथ जिले के नेता अखरुज्जमान और नियामत शेख भी मौजूद थे। हाकिम ने कहा, जो धर्म के नाम पर राजनीति करेगा, उसका टीएमसी में कोई स्थान नहीं। कुछ घंटे बाद, ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद की रैली में बिना नाम लिए कबीर पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, मुर्शिदाबाद दंगों की राजनीति स्वीकार नहीं करेगा। यह सरज-उद-दौला की मिट्टी है, यहां सद्भाव है। हम सांप्रदायिक राजनीति नहीं करते और न इसे सहेंगे। उन्होंने कहा कि जिले की पहचान धार्मिक सद्भावना है और इसे किसी कीमत पर टूटने नहीं दिया जाएगा।

# सोशल मीडिया अकाउंट खंगालकर कर अमेरिका दे रहा वीजा, सख्त नियमों पर जयशंकर बोले, ये उनका अधिकार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



अमेरिका द्वारा वीजा नियमों को और कड़ा किए जाने पर भारत ने स्पष्ट किया है कि वीजा जारी करना किसी भी देश का संप्रभु अधिकार होता है। विदेश मंत्री जयशंकर ने राज्यसभा में कहा कि अमेरिका हर वीज़ा आवेदन को अब राष्ट्रीय सुरक्षा के नजरिए से देख रहा है और यह उसका अधिकार है कि वह अपनी सुरक्षा के आधार पर निर्णय ले। अमेरिकी कदमों से भारतीय छात्रों और पेशेवरों की बढ़ती चिंताओं के बीच भारत सरकार ने यह प्रतिक्रिया दी है। जयशंकर ने बताया कि अमेरिका ने हाल में किए गए बदलावों के तहत वीज़ा जांच को पूरी तरह राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ दिया है। अब छात्र वीजा ही नहीं, बल्कि एच-1क्कऔर एच-4 आवेदकों के सोशल मीडिया अकाउंट भी पूरी तरह सार्वजनिक रखने होंगे ताकि उनकी ऑनलाइन गतिविधियों की गहन जांच की जा सके। उन्होंने कहा कि अमेरिका की यह नई नीति भारतीय छात्रों, पेशेवरों और वीजा आवेदकों को सीधे प्रभावित कर रही है।

### सोशल मीडिया जांच अनिवार्य

अमेरिका ने निर्देश दिया है कि 15 दिसंबर से सभी H-1B और H-4 आवेदकों के सोशल मीडिया अकाउंट पब्लिक होने चाहिए ताकि वीज़ा अधिकारी उनका पूरा ऑनलाइन इतिहास देख सकें। इससे पहले यह नियम छात्रों और एक्सचेंज विजिटर्स पर लागू था, जिसे अब और व्यापक कर दिया गया है। अमेरिका का कहना है कि वीज़ा कोई अधिकार नहीं बल्कि एक प्रिविलेज है और देश की सुरक्षा के लिए सभी डिजिटल गतिविधियों की जांच जरूरी है।

### वीजा प्रक्रिया में सख्ती बढ़ाने का तर्क

अमेरिका ने कहा है कि उसके लिए हर वीजा निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा है। ट्रंप प्रशासन लगातार वीज़ा और इमिग्रेशन नियमों को कड़ा कर रहा है। उनका दावा है कि किसी भी ऐसे व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाएगा जो सार्वजनिक सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, सभी आवेदकों को अपनी पात्रता साबित करनी होगी और यह भरोसा देना होगा कि वे वीजा नियमों का पालन करेंगे।

### भारत की स्थिति और आगे की कार्रवाई

जयशंकर ने कहा कि भारत कई मामलों में अमेरिका से बात कर चुका है और आगे भी भारतीय छात्रों व पेशेवरों के हितों की रक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि हर शिकायत को गंभीरता से लिया जा रहा है और जहां संभव हो, अमेरिका से राहत दिलाने की कोशिश की गई है। उन्होंने दोहराया कि वीजा जारी करना अमेरिकी सरकार का अधिकार है, लेकिन भारत यह सुनिश्चित करेगा कि भारतीय नागरिकों के साथ किसी तरह का अनुचित व्यवहार न हो।

#### छात्रों की समस्याओं पर भारत की चिंता

विदेश मंत्री ने बताया कि अप्रैल 2025 में अमेरिका की नई नीति लागू होने के बाद कई छात्रों के वीज़े मामूली कारणों से रद्द कर दिए गए। कई मामलों में छात्रों पर स्वयं देश छोड़ने का दबाव भी बनाया गया। जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार ऐसे हर मामले में दूतावास और वाणिज्य दूतावास के जरिए दखल दे रही है और अमेरिका को बताया गया है कि छोटे अपराधों या तकनीकी गलतियों पर सख़्त कार्रवाई उचित नहीं है।

# बाबरी जैसी मस्जिद पर विवाद को लेकर हुमायूं कबीर टीएमसी से निलंबित

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुर्शिदाबाद**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखने को लेकर छह दिसंबर को आयोजन का एलान करने वाले हुमायूं कबीर को तृणमूल कांग्रेस ने निलंबित कर दिया है। अपने निलंबन को लेकर विधायक हुमायूं ने भी टीएमसी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि मैं कल ही पार्टी से इस्तीफा दे दूंगा। अगर जरूरत पड़ी तो 22 दिसंबर को मैं नई पार्टी का एलान करुंगा। टीएमसी के कद्दावर नेता फिरहाद हकीम ने हुमायूं कबीर के निलंबन की जानकारी देते हुए कहा, ÷हमने गौर किया कि मुर्शिदाबाद से आने वाले हमारे एक विधायक ने एलान किया है कि वे बाबरी मस्जिद बनाएंगे। आखिर अचानक बाबरी मस्जिद क्यों? हमने उन्हें पहले ही चेतावनी दी थी। हमारी पार्टी के फैसले के मुताबिक, हम हुमायूं कबीर को निलंबित कर रहे हैं।÷ फिरहाद हकीम ने आगे कहा कि यह पार्टी अनुशासन का गंभीर उल्लंघन है, खासकर तब जब पार्टी राज्य में शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कबीर की राजनीति सांप्रदायिक आधार पर चल रही थी, जिसके खिलाफ तृणमूल की स्पष्ट नीति है। कबीर ने आरोप लगाया कि वे मुख्यमंत्री और टीएमसी के धर्मनिरपेक्ष राजनीति पर दोहरे रुख को उजागर करेंगे और कहा कि पार्टी अल्पसंख्यकों को बहकाती रही है। उन्होंने कहा कि 6 दिसंबर का कार्यक्रम रद्द नहीं होगा और अगर प्रशासन अनुमति नहीं देता तो वे धरने पर बैठकर गिरफ्तारी देंगे। अपने निलंबन के बाद हुमायूं ने कहा, जब वह (ममता बनर्जी) पहली बार सत्ता में आई थीं, तब उनके पास 182 सीटें थीं। मुझे उनकी जरूरत थी और मुझे पार्टी में शामिल किया गया। मेरे साथ यह 12-13 साल तक क्यों किया जाता रहा? मुझे पार्टी में शामिल ही क्यों किया गया? आज मुख्यमंत्री लोगों से फंड्स लेकर जगन्नाथ मंदिर बनवा रही हैं। वे दुर्गा पूजा के लिए फंड्स देते हैं। मौलवियों को हर महीने 3000 रुपये का भत्ता दिया जा सकता है।

#### हुमायूं कबीर का पलटवार- आरएसएस का काम कर रहीं ममता बनर्जी

निलंबन की घोषणा के समय हुमायूं कबीर बेरहमपुर में उस मैदान में मौजूद थे जहां बाद में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की रैली प्रस्तावित थी। कबीर ने अपने निलंबन को जानबूझकर किया गया अपमान बताया और कहा कि उनकी नई पार्टी अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में 294 में से 135 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

# मदीना से हैदराबाद आ रहे इंडिगो के विमान में बम की धमकी, अहमदाबाद में कराई गई आपात लैंडिंग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**




सऊदी अरब के मदीना से भारत के हैदराबाद आ रही इंडिगो की फ्लाइ 6ई-058 की अहमदाबाद में आपात लैंडिंग कराई गई है। हवाई अड्डों के सूत्रों के मुताबिक, विमान में बम की धमकी दी गई थी। इस विमान में 180 यात्री और छह क्रू के सदस्य सवार हैं। दो दिन पहले कुवैत से हैदराबाद आ रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट को भी बम की धमकी दी गई थी। इसके बाद विमान को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया था। यह धमकी हैदराबाद एयरपोर्ट को एक ईमेल के जरिए दी गई। इसमें कहा गया कि विमान पर एक मानव बम सवार है। हालांकि, विमान की बाद में मुंबई एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई और यात्रियों को उतारकर विमान की जांच की गई, जिसमें बम होने की बात कोरी अफवाह साबित हुई। गौरतलब है कि दिल्ली में हुए धमाके के बाद से ही सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ा दी है। इसके बावजूद दो हफ्ते पहले लगातार एयरपोर्ट से लेकर विमानों तक को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। जहां पहले कनाडा के टोरंटो से दिल्ली आ रहे विमान में बम की अफवाह फैलाई गई तो वहीं इससे पहले मुंबई से वाराणसी जा रही फ्लाइट को बम की धमकी दी गई थी। इसके अलावा कुछ अराजक तत्व दिल्ली एयरपोर्ट, गोवा एयरपोर्ट और चेन्नई एयरपोर्ट को भी उड़ाने की धमकी दे चुके हैं।